www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 223 । नर्मदापुरम, मंगलवार 19 नवंबर 2024 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

संभागायुक्त ने टेल क्षेत्र के नहरों का निरीक्षण कर सिंचाई व्यवस्था देखी पृष्ठ 3

▸ जीवन से जुड़ी आजीविका
▸ हमारी आंखों पर पड़े परदे को हटाने के लिये धन्यवाद-माननीय पृष्ठ 4

▸ कृषि उपज मंडी में बढ़ने लगी आवक, एक ही दिन में पहुंचे 15 सौ ट्रैक्टर-ट्रॉली पृष्ठ 6

अधिकारी की संवेदनशीलता, प्रशासन की सफलता का आधार : राज्यपाल पृष्ठ 8

### सीजन का सबसे अधिक एक्यूआई दर्ज किया

# दिल्ली में खतरनाक स्तर पर प्रदूषण

- 12 इलाकों में एक्यूआई 5 सौ दर्ज किया गया
- अगले 5 दिन बहुत सावधान रहने की सलाह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में खतरनाक प्रदूषण ने स्वास्थ्य की इमरजेंसी लगा दी है। लोग जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 494 दर्ज किया, जोकि अति गंभीर श्रेणी में है। यह इस सीजन का सबसे अधिक एक्यूआई दर्ज किया गया। वहीं, रविवार की तुलना में 53 सूचकांक अधिक है।

उधर, अशोक विहार, बवाना, द्वारका सेक्टर आठ समेत 12 इलाकों में एक्यूआई 500 दर्ज किया गया। पालम एयरपोर्ट पर घना से कोहरा छाया रहा। यहां सुबह साढ़े सात बजे दृश्यता 100–150 मीटर दर्ज की गई। सफदरजंग एयरपोर्ट पर भी दृश्यता 150 मीटर दर्ज की गई। जोकि शाम पांच बजे सफदरजंग में 200 मीटर और पालम में 700 मीटर दृश्यता रिकॉर्ड की गई। इससे सड़कों पर आवाजाही पर असर पड़ा। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के लिए घने से घना कोहरा छाने की आशंका जताई है। ऐसे में लोगों से सावधानी से वाहन चलाने के लिए ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### सुप्रीम कोर्ट का आदेश

## 12वीं तक स्कूल हों बंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में 12वीं तक से सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने एनसीआर के राज्यों को सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश भी दिए हैं। वहीं शीर्ष न्यायालय ने इस दौरान दिल्ली सरकार से भी सवाल किया है कि उन्होंने बढ़ते प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए क्या किया है? न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है, उच्चतम न्यायालय ने कहा, प्रदूषण स्तर में खतरनाक बढ़ोत्तरी को देखते हुए सीएक्यूएम ने ग्रेप के तमाम चरणों को लागू करने के बजाय मौसम की स्थिति में सुधार का इंतजार किया। उच्चतम न्यायालय ने ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### एसटीएफ न्यायालय का फैसला

## फर्जी तरीके से परीक्षा पास कर नौकरी कर रहे आरक्षक को 14 साल की सजा

**ग्वालियर, देशबन्धु।** एसटीएफ विशेष न्यायालय ने 10 साल से गृह विभाग में पदस्थ आरक्षक को 14 साल की सजा सुनाई है। आरक्षक पर आरोप था कि वह अपने स्थान पर दूसरे को परीक्षा में बैठाकर फर्जी तरीके से परीक्षा में पास हुआ है। एक रिश्तेदार द्वारा 10 साल बाद की गई शिकायत के बाद मामले की जांच शुरू की गई। आरोपी तब वह 11 साल की नौकरी कर चुका है। आरक्षक वर्तमान में इंदौर के विजय नगर थाने में पदस्थ था।

दरअसल, पुलिस भर्ती परीक्षा 2013 में आयोजित की गई थी, जिसमें धर्मेन्द्र शर्मा नामक युवक आरक्षक बना था, जिसके स्थान पर किसी अन्य युवक ने परीक्षा दी थी। तब धर्मेन्द्र की आयु 19 वर्ष थी। वर्ष 2022 में एसटीएफ मुख्यालय भोपाल में धर्मेन्द्र के ही एक रिश्तेदार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी धर्मेन्द्र ने 2 बार यानी अप्रैल 2013 और सितंबर 2013 में सॉल्वर बैठाकर परीक्षा दी थी। अप्रैल के एग्जाम में वह सफल नहीं हुआ, लेकिन सितंबर की परीक्षा में पास हो गया और वह बगैर परीक्षा दिए आरक्षक बन गया। इस मामले की जांच के लिए तत्कालीन एडीजी पंकज श्रीवास्तव ने राजेश भदौरिया के नेतृत्व में एक ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## सार-समाचार

### 6 देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति को परिचय पत्र सौंपे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** छह देशों के राजनयिकों ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति ने स्विट्जरलैंड, जॉर्डन, पापुआ न्यू गिनी, दक्षिण अफ्रीका, म्यांमार और मिस्र के राजनयिकों के परिचय पत्र स्वीकार किए।

### छत्तीसगढ़ विस का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसम्बर से शुरू होगा। विधानसभा सचिवालय की ओर से इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। नोटिफिकेशन के मुताबिक, विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसम्बर से शुरू होगा और 20 दिसम्बर तक चलेगा। इस दौरान चार बैठकें होंगी।

### त्राल में लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने हाल ही में दक्षिण कश्मीर में गैर-स्थानीय श्रमिकों पर हमले के आरोपीर लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि त्राल के पिंगलिश इलाके में अवंतीपोरा पुलिस, सेना के 42 राष्ट्रीय राइफल्स और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 180 बटालियन ने संयुक्त अभियान के दौरान आतंकवादी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आतंकवादी लुरगाम त्राल निवासी इरशाद अहमद चोपन है।

### राघवेंद्र शौकीन होंगे दिल्ली कैबिनेट में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में जाट समाज के लोकप्रिय नेता राघवेंद्र शौकीन मुख्यमंत्री आतिशी की कैबिनेट में नए मंत्री होंगे। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि दिल्ली को एक नया कैबिनेट मंत्री मिल रहा है। उन्होंने कहा, पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने तय किया है कि राघवेंद्र शौकीन कैबिनेट में मंत्री होंगे।

### एसीबी अधिकारियों ने रिश्वत लेते इंजीनियर को पकड़ा

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने सोमवार को जोगुलम्बा गडवाल जिले के इतिक्याल मंडल में पंचायती राज विभाग के सहायक अभियंता को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। एसीबी की महबूब नगर इकाई के अधिकारियों ने आरोपी अभियंता पांडु रंगा राव को शिकायतकर्ता से 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी के एक बयान के मुताबिक आरोपी ने शिकायतकर्ता से अल्पसंख्यक सामुदायिक हॉल बनाने संबंधित माप पुस्तिका में मामला दर्ज करने और बिल पास कराने के एवज में रिश्वत की मांग की थी।

### जेएसपी उम्मीदवार घोरपड़े पर हमला

**कोल्हापुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र में करवीर विधानसभा क्षेत्र से जनसुराज्य शक्ति पार्टी (जेएसपी) के उम्मीदवार संताजी घोरपड़े पर मनवाड में छह से सात अज्ञात लोगों ने लाठियों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, घोरपड़े पर जिले की पन्हाला तहसील में रविवार रात हमला तब किया गया, जब वह मनवाड में पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक के बाद लौट रहे थे। अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### उद्योग वर्ष 2025 के लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में प्रभावी कदम

# निवेश के लिए यूके-जर्मनी की यात्रा पर जाएंगे मुख्यमंत्री

### औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि और निवेशकों से होगी चर्चा



**भोपाल, देशबन्धु।** उद्योग वर्ष 2025 के लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में मुख्यमंत्री ने प्रभावी कदम उठाने शुरू कर दिए है। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 24 से 30 नवंबर तक यूके और जर्मनी की यात्रा पर जा रहे हैं। डॉ. यादव 6 दिवसीय इस विदेश यात्रा में यूके के लंदन, बर्मिंघम तथा जर्मनी के म्यूनिख और स्टटगार्ट का दौरा करेंगे। डॉ. यादव का यह विदेश दौरा मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई देने और वैश्विक निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। डॉ. यादव प्रदेश में निवेश और औद्योगिक सहयोग के अवसरों को बढ़ाने के लिए औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों और उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे।

डॉ. यादव 24 नवम्बर को भोपाल से मुम्बई होते हुए लंदन के लिए प्रस्थान करेंगे तथा रात 8 बजे लंदन पहुंचेंगे। डॉ. यादव 25 नवम्बर को वेस्टमिंस्टर स्थित ब्रिटिश संसद, किंग्स क्रॉस और पुनर्विकास स्थलों का दौरा करेंगे। डॉ. यादव लंदन में प्रवासी भारतीयों द्वारा आयोजित ''फ्रेंड्स ऑफ़ मध्यप्रदेश'' रात्रि-भोज में शामिल होंगे। डॉ. यादव 26 नवम्बर को ब्रेकफास्ट पर उद्योगपतियों और भारत के उच्चायुक्त विक्रम के दोरईस्वामी से संवाद करेंगे। इसके बाद इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज इन मध्यप्रदेश, इंटरैक्टिव सेशन में लगभग 120 प्रतिभागियों से चर्चा करेंगे। डॉ. यादव दोपहर भोज के बाद बैठक में इलेक्ट्रिक व्हीकल एवं ऑटो, एजुकेशन, रिन्युएबल एनर्जी और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर्स में निवेश पर चर्चा करेंगे। बाद में डॉ. यादव उद्योगतियों के साथ एक-एक कर चर्चा करेंगे।

डॉ. यादव 27 नवंबर को वारविक यूनिवर्सिटी का भ्रमण करेंगे। इसके बाद वारविक मैन्युफैक्चरिंग ग्रुप के डीन, फैकल्टी मेम्बर्स और शोधार्थियों से संवाद करेंगे। डॉ. यादव बर्मिंघम हवाई अड्डे से जर्मनी के लिए प्रस्थान कर रात 8:20 बजे म्यूनिख पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 3 दिवसीय यूके के दौरे के बाद 28 और 29 नवंबर को जर्मनी प्रवास पर रहेंगे। डॉ. यादव म्यूनिख और स्टटगार्ट में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वह 28 नवंबर को सुबह बवेरिया राज्य सरकार के नेताओं और म्यूनिख में कौंसुल जनरल ऑफ इंडिया से चर्चा करेंगे, बाद में एसएफसी इनर्जी का भ्रमण करेंगे। वे बेयरलोचर ग्रुप द्वारा आयोजित दोपहर भोज में शामिल होंगे।

मध्यप्रदेश में निवेश के अवसर इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज इन मध्यप्रदेश, इंटरैक्टिव सेशन में शिरकत करेंगे। जिसमें कौंसुल जनरल ऑफ इंडिया, सीआईआई और इन्वेस्ट इंडिया, इंडो जर्मन चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। इसके बाद डॉ. यादव कौंसुल जनरल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित रात्रि भोज में शामिल होंगे। डॉ. यादव 29 को स्टटगार्ट स्थित एलएपीपी ग्रुप की फैक्ट्री का दौरा करेंगे और अधिकारियों से निवेश संबंधी चर्चा करेंगे। वह यहां स्टटगार्ट के स्टेट म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री का भ्रमण भी करेंगे। बाद में फ्रैंकफर्ट के लिए रवाना होंगे। वे फ्रैंकफर्ट से रात 8 बजे नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## अनंतनाग में 1.5 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में पुलिस ने नार्को एक्ट के अंतर्गत 1.5 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है। पुलिस ने कहा कि मट्टन पुलिस ने खरीबल के आजम खान मोहल्ला के अफरोज अहमद भट से संबंधित 80 लाख रुपए मूल्य के एक मंजिला घर को जब्त किया है। अफरोज अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में अपनी भूमिका के लिए एनडीपीएस के कई मामलों में शामिल है। श्रीगुफवाड़ा पुलिस ने 70 लाख रुपए मूल्य की तीन वाणिज्यिक दुकानों को कुर्क किया, जिनके मालिक पीर आसिफ अहमद शाह और पीर तौसीफ अहमद शाह हैं और दोनों कलां, श्रीगुफवाड़ा के निवासी हैं।

### मणिपुर में नहीं सुधर रहे हालात

# भीड़ ने राजनीतिक दलों के कार्यालय जलाए

### सुरक्षा बलों ने इंफाल में फ्लैग मार्च किया



**इंफाल, एजेंसी।** हिंसा प्रभावित जिरीबाम जिले में रविवार रात कई राजनीतिक दलों के कार्यालयों में आगजनी की घटनाएं हुई हैं। इस बीच बच्चों सहित छह शवों की बरामदगी के बाद जिरीबाम में शनिवार से व्यापक विरोध-प्रदर्शन के बाद सेना सहित संयुक्त सुरक्षा बलों ने रविवार रात इंफाल में फ्लैग मार्च किया। कुकी-जो जनजाति के एक प्रमुख संगठन, स्वदेशी जनजातीय नेताओं के मंच (आईटीएलएफ) ने रविवार रात कहा कि जिरीबाम में शनिवार रात कम से कम पांच चर्च, एक स्कूल, एक पेट्रोल पंप और आदिवासियों के 14 घरों को प्रतिद्वंद्वी समुदाय के हमलावरों ने जला दिया।

आगजनी की निंदा करते हुए आईटीएलएफ ने आरोप लगाया कि मणिपुर में चल रहे संघर्ष के कारण छोड़े गए भवनों की सुरक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद जिरीबाम शहर में तैनात सुरक्षा बल इमारतों ऐसा करने में विफल रहे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शीर्ष अधिकारियों के नेतृत्व में सेना, असम राइफल्स, बीएसएफ, सीआरपीएफ, मणिपुर पुलिस समेत राज्य कमांडो ने रविवार रात राजधानी इंफाल और उसके बाहरी इलाकों में फ्लैग मार्च किया। पुलिस ने बताया कि रविवार को बराक नदी में तैरती हुई एक महिला का शव बरामद किया गया। शव को असम पुलिस ने कछार जिले में बराक नदी से बरामद किया, जो जिरीबाम की सीमा पर है। शव की तस्वीर व्यापक रूप से प्रसारित होने के बाद रविवार को जिरीबाम में फिर से तनाव भड़क गया। रविवार रात को गुस्साई भीड़ ने जिरीबाम में कई राजनीतिक दलों के कार्यालयों को जला दिया।

### सुरक्षाबलों की गोली से प्रदर्शनकारी की मौत

## केंद्र का पुलिस फोर्स की 50 कंपनियां भेजने का फैसला

*मणिपुर में शनिवार रात भड़की हिंसा के बाद स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है। जिरिबाम जिले में रविवार को एक मैतेई प्रदर्शनकारी की पुलिस की गोली से मौत हो गई थी। इसके बाद हालात और खराब हो गए हैं। इसे देखते हुए राज्य के स्कूलों में में 2 दिन के लिए छुट्टी कर दी गई है। गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को राज्य के सुरक्षा हालात का रिव्यू करेंगे। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी मणिपुर हिंसा से जुड़े 3 मामलों की जांच करेगी। केंद्र सरकार ने हालात पर काबू पाने के लिए सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स की 50 कंपनियां मणिपुर भेजने का फैसला लिया है। दरअसल, 11 नवंबर को कुकी उग्रवादियों ने जिरीबाम से 6 लोगों (3 महिलाओं, 3 बच्चों) को अगवा किया था। इनमें से पांच के शव शुक्रवार-शनिवार को बरामद हुए थे, जबकि एक शव सोमवार को मिला है। शव मिलने के बाद से ही प्रदर्शन जारी है। हिंसा को देखते हुए 7 जिलों इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट, बिष्णुपुर, थौउबल, काकचियांग, कांगपोकपी और काकचियांग में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू है। 7 जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद हैं।*

### विवि, स्कूल और कॉलेज बंद

इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व में कर्फ्यू लगाए जाने के बीच, मणिपुर सरकार, सचिवालय उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग ने इन जिलों में राज्य विश्वविद्यालयों समेत संस्थानों, कॉलेजों को मंगलवार तक बंद करने की घोषणा की है। यह निर्णय मणिपुर सरकार के गृह विभाग के परामर्श से लिया गया है। सचिवालय उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के आदेश में कहा गया है, कई जिलों में जिला मजिस्ट्रेट की तरफ से लगाए गए कर्फ्यू के मद्देनजर और छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, यह आदेश दिया जाता है कि मणिपुर सरकार के उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के तहत सभी सरकारी संस्थान/ सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज, जिनमें राज्य विश्वविद्यालय शामिल हैं।

### सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया रिक्त पदों को भरे जाने का फॉर्मूला

# प्रदेश में 5 साल में होंगी ढाई लाख भर्तियां

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार अगले 5 साल में करीब ढाई लाख पदों पर भर्तियां निकालने जा रही। इस संबंध में प्रशासन ने ब्यौरा तैयार कर सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा गया है। विभागों के द्वारा तय फार्मूले के अनुसार ही खाली पदों पर नियुक्तियां की जाएंगे। तयशुदा फार्मूले में इन भर्तियों के लिए हर साल परीक्षा कैलेंडर जारी किया जाएगा। प्रदेश के सरकारी विभागों में रिक्त चतुर्थ श्रेणी और वाहन चालकों के पदों की पूर्ति आउटसोर्स के जरिए होगी। बहुत जरूरी होने पर इन पदों पर भर्ती के लिए वित्त विभाग से मंजूरी लेना होगी। सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए कर्मचारी चयन मंडल, मप्र लोक सेवा आयोग और अन्य संस्थानों ने अगर रिक्त पदों पर 30 अक्टूबर तक परीक्षा करा ली है और नियुक्ति की जाना है, तो उसे निरस्त नहीं माना जाएगा।

जानकारी के मुताबिक खाली पदों की गणना सबसे पहले प्रत्येक संवर्ग में 1 अप्रैल की स्थिति में सीधी भर्ती के रिक्त पदों की गणना की जाएगी। ऐसे पद जो कर्मचारी चयन मंडल, एमपीपीएससी या अन्य संस्थाओं द्वारा भरे जा रहे हैं, रिक्त पदों की गणना में सम्मिलित नहीं किए जाएंगे। ऐसे 13 फीसदी पद जो पिछड़ा वर्ग के लिए अंतिम परीक्षा परिणाम के उपरान्त रोके गए हैं, इनको भी रिक्त पदों की गणना में नहीं लिया जाएगा। यह रहेगा भर्ती का फॉर्मूला यदि 33 फीसदी से कम पद रिक्त हैं, तो एक बार में रिक्त पदों को भरा जाएगा। 33 फ़ीसदी अथवा अधिक और 66 फीसदी से कम पद रिक्त होने पर वर्ष 2024–25 में 8 फीसदी 2025–26 में 46 फीसदी और तीसरे साल 2026–27 में 46 फीसदी पदों पर भर्ती होगी। 66 फीसदी अथवा अधिक पद रिक्त होने पर प्रथम वर्ष 2024–25 में 8 फीसदी, साल 2025–26 में 31 फीसदी साल 2026–27 में 31 फीसदी और चौथे साल 2027–28 में 30 फीसदी पद भरे जाएंगे। 25 फीसदी अथवा अधिक और 50 फीसदी से कम पद होने पर 2024–25 में 8 फीसदी साल 2025–26 में 46 फीसदी और साल 2026–27 में 46 प्रतिशत पद भरे जाएंगे। 50 प्रतिशत और 75 प्रतिशत से कम पद होने पर साल 2024–25 में 8 फीसदी, 2025–26 में 31 फीसदी, 2026–27 में 31 और 2027–28 में 30 फीसदी पद भरे जाएंगे। 75 फीसदी अथवा अधिक पद खाली होने पर 2024–25 में 8 साल 2025–26 में 23 फीसदी, साल 2026–27 में 23 फीसदी और 2027–28 में 23 फीसदी पद भरे जाएंगे।

### राज्य शासन ने जारी किए आदेश

## जून और दिसंबर में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एक वेतन-वृद्धि का लाभ मिलेगा

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एक वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा। इसके आधार पर ही उनकी पेंशन का निर्धारण भी होगा। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के मुताबिक 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को 1 जुलाई को और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को 1 जनवरी की स्थिति में उनकी पात्रता के अनुसार एक वेतनवृद्धि व पेंशन का निर्धारण होगा। वित्त विभाग ने इस संबंध में सभी विभागों, अध्यक्ष राजस्व मंडल, सभी संभागायुक्तों, विभागाध्यक्षों और कलेक्टरों को निर्देश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि 12 नवंबर को मंत्रिपरिषद ने इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। सरकार के इस फैसले से 48 हजार 661 पेंशनरों को लाभ होगा। एरियर्स की राशि के भुगतान पर सरकारी खजाने पर 48.51 करोड़ का भार आएगा।

# महाराष्ट्र व झारखंड में थमा चुनाव प्रचार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र और झारखंड में सोमवार शाम से चुनावी शोर समाप्त हो गया है। अब महाराष्ट्र की सभी विधानसभा सीटों और झारखंड के दूसरे चरण की सीटों के लिए बुधवार, 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। वहीं दोनों राज्यों की सभी सीटों के लिए मतों की गणना 23 नवंबर को होगी। दोनों राज्यों में सभी दलों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए पूरी ताकत झोंकी है।

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी महाविकास अघाड़ी के बीच मुख्य लड़ाई है। दोनों गठबंधन में कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। महायुति को जहां लड़की बहन योजना और ध्रुवीकरण से आस है तो वहीं महाविकास आघाड़ी को सत्ता विरोधी मिजाज और अपने लुभावने वादों से उम्मीद है। विदर्भ और मराठवाड़ा में भाजपा और कांग्रेस की सीधी लड़ाई चुनावी दिशा का रुख तय करेगी। भाजपा ने मराठा आरक्षण विवाद का फैक्टर कम करने के लिए ओबीसी समूहों की सक्रियता पर जोर दिया है।

वहीं झारखंड के दूसरे चरण में 38 सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग होगी। दूसरे चरण की अधिसंख्य सीटें संताल प्रमंडल और कोयलांचल क्षेत्रों में स्थित हैं। दूसरे चरण के मतदान से पहले चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सभी राजनीतिक दलों ने अपनी ताकत झोंकी। दूसरे चरण में जरमुंडी, महगामा, पोड़ैयाहाट सहित 17 सीटों पर बीजेपी और झामुमो के बीच सीधी टक्कर देखने को मिलेगी।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

### गर्ल्स कॉलेज में हो रहे भारतीय ज्ञान परंपरा पर सांस्कृतिक एवं अकादमिक कार्यक्रम

**इटारसी, देशबन्धु।** कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशो के परिपालन में शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी में भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।



महाविद्यालय में आयोजित भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संजना यादव, द्वितीय स्थान अंजलि साहू एवं तृतीय स्थान सलोनी यादव ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि भारत की ज्ञान एवं परंपराओं को आज विश्व अपना रहा है। हमें और हमारी पीढ़ियों को भी भारत के प्राचीन मूल्यों को यथोचित महत्व देना होगा। इसके लिए आंतरिक ज्ञान, गुण, शक्ति एवं आदर्शों को ठीक प्रकाश से पहचानना एवं सही दिशा प्रदान करना होगा।

डॉ. शिरीष परसाई ने कहा कि प्राचीन भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा आविष्कृत विचारों एवं तकनीकियों का आधुनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की जड़ों को दृढ़ करने में अद्भुत योगदान रहा है। विकसित भारत के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्ध विरासत को भावी पीढ़ी के लिए पोषित एवं संरक्षित किया जाना चाहिए। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती पूनम साहू ने कहा कि प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा की आवश्यकता को पूरा विश्व महसूस कर रहा है।

इस पर विस्तृत विचार एवं मंथन करने के लिए महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, लोक नृत्य, भाषण, निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में श्रीमती पूनम साहू, स्नेहांशु सिंह, रविंद्र चौरसिया, डॉ शिरीष परसाई, डॉ संजय आर्य, डॉ शिखा गुप्ता, डॉ नेहा सिकरवार, प्रिया कलोसिया, क्षमा वर्मा, करिश्मा कश्यप तथा छात्राएं उपस्थित थीं।

### आज बड़े क्षेत्र में बिना बिजली गुजारने होंगे चार घंटे

**इटारसी, देशबन्धु।** बारिश में बढ़ी पेड़ की शाखाएं छांटने और विद्युत लाइन मेंटेनेंस करने के लिए मंगलवार को पीपल मोहल्ला उपकेन्द्र से संचालित 11 केवी न्यास फीडर की विद्युत सप्लाई चार घंटे बंद रहेगी। बिजली विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कल 19 नवंबर दिन मंगलवार को पीपलमोहल्ला उपकेंद्र से संचालित 11 केवी न्यास फीडर की विद्युत सप्लाई सुबह 11 से दोपहर 03 बजे तक ट्री कटिंग लाइन मेंटेनेंस के कारण बंद रहेगी। इस दौरान विष्णु नगर कॉलोनी, कावेरी स्टेट, गरीबी लाइन और न्यास कॉलोनी एरिया प्रभावित रहेंगे। विभागीय जानकारी के अनुसार कार्य के दौरान समय को घटाया बढ़ाया भी जा सकता है।

### पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राओं को लैपटाप एवं मोट्राइज्ड ट्रायसिकल प्रदान की जाएंगी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन सामाजिक न्याय विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल एवं संशोधित आदेश आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री नि:शक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजनांतर्गत जिले के हाई स्कूल (कक्षा 10 वीं) अथवा आई.टी.आई. में दिव्यांग छात्र-छात्राओं द्वारा नियमित विद्यार्थी के रूप में प्रवेश लेने पर लैपटाप एवं मोट्राइज्ड ट्रायसिकल प्रदान की जाएगी। तत्संबंध में उप संचालक सामाजिक न्याय ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम एवं प्राचार्य नोडल अधिकारी शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नर्मदापुरम को निर्देशित किया गया है वे पात्रता के आधार पर जिले के विद्यालयों में नियमित रूप से अध्ययनरत पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राओं का मुख्यमंत्री नि:शक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजनांतर्गत ऑनलाईन आवेदन कराया जाकर ऑफलाईन आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपनी अनुशंसा सहित कार्यालय कलेक?टर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन स?शक्तिकरण नर्मदापुरम को भिजवाने की व्यवस्था करें ताकि योजनांतर्गत दिव्यांग छात्र-छात्राओं को लाभ प्रदाय किया जा सके।

### सड़क दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित करे : सौजान

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में सोमवार को आयोजित समय सीमा की बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं, सीएम हेल्पलाइन, और समय सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की।

बैठक में उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित करे, दुर्घटना के कारणों की जाँच करे एवं उन्हें दुरुस्त करें। 70 वर्ष पूर्ण कर चुके वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए सभी व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही गौ-संरक्षण वर्ष के अंतर्गत गौ-शालाओं के आसपास की शासकीय भूमि से अतिक्रमण को प्राथमिकता से हटाएं। श्री रावत ने समाधान ऑनलाइन के विशेष बिंदुओं पर आधारित शिकायतो की भी समीक्षा की। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ विभाग, श्रम, डीआरसीएस द्वारा प्राप्?त शिकायतों के निराकरण में खराब प्रदर्शन करने पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतों के निराकरण के लिए टीम लगाकर शिकायतों का परीक्षण कर उनका निराकरण करे।

# 3 दिन अवकाश के बाद कृषि मंडी में बंपर आवक

- बोवनी और वैवाहिक सीजन में पैसे की जरूरत से बढ़ी आवक
- एक दिन में 65 हजार क्विंटल से अधिक अनाज मंडी में आया
- स्थिति को काबू में रखने मंडी प्रशासन के साथ पुलिस भी लगी



**इटारसी, देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी में दो दिन का अवकाश और शनिवार को किसानों के नहीं आने के बाद सोमवार को अचानक अनाज की आवक में बड़ा उछाल आया। सबसे अधिक मक्का और धान की फसल उपज लेकर किसान कृषि उपज मंडी पहुंच रहे हैं। आज सोमवार को एक दिन में करीब 65 हजार क्विंटल अनाज मंडी में पहुंच चुका है। हालात को संभालने मंडी प्रशासन के साथ पुलिस का इंतजाम भी करना पड़ा है, ताकि हालात न बिगड़ें।

शुक्रवार को गुरुनानक जयंती का अवकाश था। शनिवार को किसानों ने अवकाश मानकर मंडी का रुख नहीं किया और रविवार फिर अवकाश हो गया। तीन दिन के बाद जब मंडी में कामकाज प्रारंभ होना था, तो मंडी परिसर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से खचाखच भरा था। किसान मक्का और धान की उपज के अलावा गेहूं, सोयाबीन और अन्य जिंस लेकर भी मंडी में पहुंचे थे। बड़ी संख्या में ट्रॉलियां और किसानों की संख्या देखकर व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस का इंतजाम करना पड़ा।

कृषि उपज मंडी परिसर में अनाज की आवक बढ़ने का कारण वैवाहिक सीजन शुरु होने और किसानों को बोवनी करने के लिए पैसों की जरूरत माना जा रहा है। किसानों को रबी फसल की बोवनी करनी है, खाद-बीज की खरीद, दवाओं की खरीद आदि के लिए पैसा लगना है और ऐसे में फसल बेचकर अन्य फसल बोने की तैयारी के लिए किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच रहा है। इसके अलावा शादियों का सीजन भी प्रारंभ हो गया है, ऐसे में किसान के घरों के अलावा रिश्तेदारों के यहां शादियों में होने वाले खर्च को लेकर भी उसे नगद रकम चाहिए। अत: फसल बेचकर नगदी हासिल करना मजबूरी है, इसलिए अचानक से फसल बेचने की मजबूरी किसान को मंडी परिसर तक खींच लायी है।

मंडी प्रबंधन का मानना है कि यह कुछ दिनों की स्थिति है, जल्द ही हालात सामान्य हो जाएंगे। मंडी समिति में विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र पटेल कहते हैं कि इस सीजन में इस तरह से आवक बढ़ना सामान्य बात है, यह इस वर्ष का नहीं बल्कि हर वर्ष होने वाली स्थिति है। इस वक्त किसानों को पैसों की जरूरत होती है, तो सभी जल्द से जल्द अपनी उपज बेचने के लिए मंडी में लाते हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में एक साथ किसान मंडी में आ जाते हैं तो हालात को देखते हुए हमें व्यवस्थाएं बनानी पड़ती हैं। आज भी प्रभारी एसडीएम और भार साधक अधिकारी नीता कोरी ने नायब तहसीलदार को मंडी में व्यवस्थाओं पर नजर रखने भेजा था तो व्यवस्थ में सहयोग करने टीआई गौरव बुंदेला ने पुलिस बल भेज दिया था।

**इटारसी मंडी है किसानों की पसंद**- कृषि उपज मंडी इटारसी किसानों की पहली पसंद है। यहां न केवल नर्मदापुरम जिला बल्कि करीब सात से आठ जिलों के किसान अपनी उपज बेचने आते हैं। इसके पीछे जो वजह बतायी जाती है, यहां की बेहतर व्यवस्था, फसल का नगदी भुगतान और अच्छे भाव मिलना है। वर्तमान में बीती रात से ही मंडी परिसर में मक्का और धान की ट्रॉलियों का आना प्रारंभ हो गया था। मंडी परिसर में ट्रॉलियों को व्यवस्थित खड़े कराना, यातायात व्यवस्था सामान्य रखना, किसानों को परेशानी नहीं होने देना जैसे कार्य मंडी प्रशासन और पुलिस ने मिलकर किये हैं, जिससे हालात सामान्य बने रहे।

## नायाब मिर्जा, भारत क्लब, वीर शिवाजी, किंग्स इलेवन ने मुकाबले जीते



**इटारसी, देशबन्धु।** किंग्स इलेवन क्लब के तत्वावधान में आयोजित श्री गुरु नानक कप क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन नायाब मिजा, भारत क्लब, वीर शिवाजी क्लब और किंग्स इलेवन ने अपने-अपने मुकाबले जीते।

पहला मुकाबला फ्लाइंग ईगल और नायाब मिर्जा के मध्य खेला गया। टॉस जीत कर फ्लाइंग ईगल ने पहले गेंदबाजी की। बल्लेबाजी करने उतरी नायाब मिर्जा की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट खोकर 92 रन बनाये। फ्लाइंग ईगल की टीम मात्र 55 रनों पर ढेर हो गई। मैन ऑफ द मैच मोंटी केथवास रहे, जिन्होंने बल्लेबाजी में 25 रन और गेंदबाजी में 2 विकेट लिए।

प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला रामपुर, सोनतलाई और भारत क्लब के मध्य खेला गया। रामपुर-सोनतलाई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। भारत क्लब के बल्लेबाजों ने 122 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा कर दिया। रामपुर सोनतलाई ने भी अच्छा खेल का प्रदर्शन किया मगर 109 रन ही बना सकी। भारत क्लब की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अमित ने प्रतियोगिता की दूसरी हैट्रिक बनायी। मैन ऑफ द मैच राकेश केवट रहे। तीसरा मुकाबला वीर शिवाजी और वाल्मीकि क्लब के मध्य खेला। वीर शिवाजी ने पहले गेंदबाजी की। वाल्मीकि क्लब की टीम निर्धारित 8 ओवर में 8 विकेट खोकर 60 रन बनाए। जवाब मेंवीर शिवाजी की टीम ने यह मैच मात्र 4.5 ओवर में ही प्राप्त कर लिया। मैन ऑफ़ द मैच अमित रहे।

प्रतियोगिता का चौथा और अंतिम मैच बहुत ही रोमांचक रहा जो फ्रेन्ड्स क्लब और किंग्स 11 के मध्य खेला। जिसमें फ्रेन्ड्स क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी किंग्स 11 की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 5 विकेट खोकर 84 रन का लक्ष्य दिया। फ्रेन्ड्स क्लब की टीम जब बल्लेबाजी करने उतरी तो मैच पूरा किंग्स 11 के पक्ष में लग रहा था। मगर पीटर की पारी की बदौलत फ्रेन्ड्स क्लब के खेमे में थोड़ी उत्सुकता जागी। आखिरी ओवर करने आए गुरुचरण अपनी टीम के लिए 15 रन बचाने आए मगर यह मैच 1 गेंद 6 रन पर जाकर अटक गया। गुरुचरण की शानदार गेंदबाजी के कारण आखरी गेंद पर गुरुचरण को 1 विकेट भी प्राप्त हुआ और किंग्स 11 की टीम ने यह मैच 5 रनों से जीत लिया। मैन ऑफ़ द मैच आदिल खान दुर्रानी रहे, जिन्होंने 32 रनों की शानदार पारी खेली।

## बचपन से ही सर्वधर्म के प्रति समभाव सीखने बच्चे पहुंचे गुरुद्वारा

**इटारसी, देशबन्धु।** सर्वधर्म समभाव का मतलब है, सभी धर्मों को समान सम्मान देना। सभी धर्म समान हैं और सभी धर्मों के प्रति मनुष्य के मन में सद्भावना होनी चाहिए। सर्वधर्म समभाव आज की सबसे बड़ी जरूरत है, इसी तथ्य को कोमल मनों को समझाने के उद्देश्य से बचपन ए प्ले स्कूल इटारसी में नन्हें मुन्नों को धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए गए। आज बचपन-ए-प्ले स्कूल के बच्चे अपनी टीचर्स के साथ गुरुद्वार श्री गुरुसिंघ सभा पहुंचे।



संचालक दीपक दुगाया ने जानकारी दी कि बचपन से बच्चों के मन में सभी धर्मों के प्रति आदर एवं आपस में भाईचारा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से यह विजिट करवाई जाती है। स्कूल हेड मंजू ठाकुर ने इस विजिट के विषय में बताया कि मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर करना, इसी बात को ध्यान में रखते हुए बच्चों को सिक्ख धर्म को समझाने के लिए गुरूद्वारा श्री गुरू सिंघ सभा इटारसी ले जाकर वहां गुरू ग्रंथ साहिब के दर्शन कराए। गुरूद्वारा में ज्ञानी जी ने बच्चों को सिख धर्म और गुरू साहिब के बलिदान के विषय में जानकारी देकर उनसे प्रेरणा लेने की बात की गई। सभी ने गुरुघर में प्रवेश से पहले सिर को कपड़े से ढंका और फिर प्रवेश किया। बच्चों सहित स्टाफ ने गुरुग्रंथ साहिब के सामने मत्था टेका। गुरुद्वारा में बच्चों को हलवा का प्रसाद और चाकलेट्स वितरित की गई। इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरुसिंघ सभा के प्रधान जसबीर सिंह छाबड़ा, राजेन्द्र सिंह दुआ, सतवीर सिंघ बॉबी छाबड़ा और ज्ञानी जी सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

## रक्षा संस्थान सीपीई में स्थापना दिवस मनाया

**इटारसी, देशबन्धु।** रक्षा संस्थान सीपीई में 53 वे स्थापना दिवस पर कर्मचारियों व जवानों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यवाहक कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल जितेंद्र कृष्णैया ने राम मंदिर में पूजन अर्चन के बाद पीर बाबा दरगाह में चादर भेंट कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। कर्मचारियों एवं जवानों ने मलखम, पंजाबी गटका पार्टी एवं नृत्य प्रस्तुति दी। तकनीकी क्षेत्र में शस्त्र उपकरणों का पूजन अर्चन वैदिक विधि विधान से मंत्रोचारण कर पंडित आचार्य अवध नारायण त्रिपाठी ने किया। डीजीक्यूए मुख्यालय से प्राप्त पुरस्कारों का वितरण एवं लांग सेवा अवार्ड से शंभुदयाल ठाकुर को सम्मानित किया।



कर्नल प्रशासनिक लेफ्टिनेंट कर्नल जितेंद्र कृष्णैया ने डीजीक्यूए मुख्यालय से प्राप्त बैच, नगद पुरस्कार संदीप रैकवार, सहायक अभियंता किशोर तामस्कर, सूबेदार मेजर अभिनेष पी, सूबेदार वीजी थम्मपन, हवलदार चंद्र भूषण आदि को देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कर्नल तकनीकी, लेफ्टिनेंट कर्नल एएस गायकवाड़, लेफ्टीनेंट कर्नल संजय जुआल, लेफ्टिनेंट कर्नल धीरज खन्ना, लेफ्टिनेंट कर्नल असविंदर पाल सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल हीरा सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल अंकुर गर्ग, आरएमओ मेजर अरविंद, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जसपाल सिंह, भंडार अधिकारी फूलसिंह तारे, अशोक कुमार बरखने एवं बड़ी संख्या में सेना के अधिकारी, सभी विभागों के प्रभारी अधिकारी, हिंदी समिति, कर्मचारी संगठनों, इंजीनियर्स एसोसिएशन, जेसीएम, महिला समिति, कार्य समिति के पदाधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में सैन्य जवान और सिविलियन कर्मचारी उपस्थित रहे।

कर्नल प्रशासनिक लेफ्टिनेंट कर्नल जितेन्द्र कृष्णैया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संस्थान के पूर्व अधिकारियों, कर्मचारियों के कठिन परिश्रम ने संस्थान को अपने खून पसीने से सींचकर इस मुकाम तक पहुंचाया है। मेरे संस्थान के सभी अधिकारी कर्मचारी भी बधाई के पात्र हैं जिनकी संख्या कम होने के बावजूद अपनी तकनीकी दक्षता, कला कौशल से प्रूफ प्रक्रिया में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बखूबी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं जिस कारण ही गुणता आश्वाशन महानिदेशालय नई दिल्ली से सम्मान प्राप्त हुए हैं। तकनीकी क्षेत्र ताकू में कार्यक्रम का सफल आयोजन शस्त्र उपकरण विभाग द्वारा किया। आभार वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जसपाल सिंह ने माना।

## हम ओपीएस दिलाने तक लगातार लड़ते रहेंगे : शर्मा

**इटारसी, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे मजदूर संघ के जोनल महामंत्री अशोक शर्मा ने आज संगठन के मान्यता संबंधी चुनावों को लेकर रेलकर्मियों से जनसंपर्क किया और संघ के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि संघ की जीत सुनिश्चित है, बस साथियों को इसे नंबर वन बनाने के लिए रेलकर्मियों के हित में इसके पक्ष में मतदान करना है।



पत्रकार वार्ता में श्री शर्मा ने कहा कि रेलकर्मी मतदाता बहुत समझदार हैं, वे सब समझ रहे हैं कि कौन सा संगठन उन्हें ओपीएस दिलाने के लिए लड़ रहा है और कौन यूपीएस-एनपीएस के साथ खड़ा हो गया है। आज लड़ाई व्यापारी यूनियन और सरकार से है। व्यापारी यूनियन का मूल काम आज रेलकर्मियों के पैसों का दुरुपयोग कर सोसाइटी खोलना, गैस एजेंसी खोलना, बारात घर खोलना और ग्रॉसरी के डिपार्टमेंटल स्टोर खोलना रह गया है। इन संस्थानों से अपना घर भरना ही लाल झंडा यूनियन का मकसद रह गया है। 2004 के पहले इस यूनियन ने न्यू पेंशन स्कीम थोपकर 40 लाख कर्मचारियों के साथ धोखा किया और वर्ष 2024 में यूपीएस में भी लाल झंडा यूनियन ने कर्मचारियों को ठगा है। आज भी हजारों कर्मचारी एनपीएस-यूपीएस से संतुष्ट नहीं है।

उन्होंने कहा कि संघ जब तक ओपीएस लागू नहीं करा देता है तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। हमारी एक प्रमुख मांग आठवें वेतन आयोग की स्थापना की जाए। पिछले 9 वर्ष से हम सातवें वेतन आयोग को भोग रहे हैं बावजूद उसके वेज रिवीजन कमेटी का गठन नहीं किया गया है। एनएफआईआर ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि सातवें वेतन आयोग की रिकमंडेशन के अनुसार वेज रिवीजन कमेटी का गठन किया जाए। अभी एक परिवार को चलाने के लिए कम से कम 32 हजार 500 रुपए की आवश्यकता है। हमारी मांग है कि हर कर्मचारी के वेज में कम से कम 14 हजार रुपए की बढ़ोतरी की जाए।

मुख्य शाखा अध्यक्ष प्रीतम तिवारी ने कहा कि लाल झंडा यूनियन रेलकर्मियों के हितों के साथ खिलवाड़ करती आई है। रेलकर्मियों ने इस बार ऐसे संगठन को कड़ा सबक सिखाने का मन बनाया है। प्राइवेट कंपनी के साथ गए कुछ लोगों का इस बार पिंडदान होना तय है जिसके बाद वो संगठन अब इटारसी में खड़ा नहीं हो पाएगा। इस अवसर पर जोनल संरक्षक गीता पांडे, मंडल कोषाध्यक्ष भागीरथ मीना, मंडल सहसचिव संजय कटारे, मुख्यालय कार्यकारिणी सदस्य संजय कैचे, महाकालेश्वर कश्यप, भगवती वर्मा, अशोक दुबे, आकाश यादव, राजेश गौर सौरभ पांडे सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

बता दें कि 4 दिसंबर से 6 दिसंबर तक पूरे भारत में रेल कर्मचारियों के बीच यूनियन की मान्यता के चुनाव होने हैं। यह चुनाव 13 साल बाद दिल्ली हाईकोर्ट के निर्णय से हो रहे हैं। श्री शर्मा ने संघ के रेलवे स्टेशन के सामने स्थित कार्यालय परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा कि इस चुनाव में हमारे तीनों मंडलों में वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ पूरी ताकत से मैदान में है। इस चुनाव में कुछ छुटपुट यूनियनें भी पैदा हो गई हैं जो मजदूर आंदोलन को कमजोर करना चाहती हैं। ये ऐसी यूनियनें जिनका रेलकर्मियों के हितों में संघर्ष करने का कभी कोई इतिहास नहीं रहा है वे रेलकर्मियों से मत की उम्मीद कर रही हैं।

## संत नामदेव महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई

### आगामी वर्षों में संभाग स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का होगा आयोजन

**इटारसी, देशबन्धु।** संत नामदेव महाराज की 754 वीं जयंती सुदामा मैरिज हॉल पुरानी इटारसी में धूमधाम से मनाई। शुभारंभ संत नामदेव के चित्र पर माल्यार्पण कर किया संत नामदेवजी चालीसा का पाठ कर पूजन आरती की गई। अतिथि संरक्षक लीलाधर नामदेव, डॉ. रमेश नामदेव, देवीलाल नामदेव, श्यामाचरण नामदेव, संगीता जनोरिया, राखी शरण का पुष्पहार से स्वागत किया।



संरक्षक डॉ. रमेश नामदेव ने अपने विचार रखते हुए आयोजन की प्रशंसा की। नामदेव विकास परिषद के अध्यक्ष देवेन्द्र जनोरिया ने कहा कि आगामी समय में समाज के सहयोग से नर्मदापुरम् में संभाग स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन हो इसके लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने महिला मंडल सदस्यों को भजन प्रस्तुति के लिए स्पीकर व माईक सेट देने की घोषणा की। नामदेव समाज विकास परिषद के सचिव रामचरण नामदेव ने कहा कि एक स्त्री शिक्षित होती है तो पूरी पीढी को शिक्षित करती है। नामदेव समाज महिला परिषद की कार्यकारी अध्यक्ष स्वर्णलता छेनिया ने भी मातृशक्ति की ज्यादा संख्या में सहभागिता पर प्रसन्नता जताई। नामदेव समाज युवा परिषद के अध्यक्ष राहुल शरण ने कहा कि कार्यक्रम में सबकी सहभागिता जरूरी है। इसलिए समाज के हर व्यक्ति को कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। सचिव अतुल नामदेव कहा कि नामदेव समाज का भव्य मंदिर बने इसके लिए जमीन की आवश्यकता है। इसके लिए प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े समाज के युवा आसपास के क्षेत्र में मंदिर के लिए जमीन तलाशें जिससे समाज के सहयोग से आगामी समय में समाज का मंदिर व सामुदायिक भवन बन सके।

कोषाध्यक्ष पूनमचंद नामदेव ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान उपाध्यक्ष गौहरपाल नामदेव, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश नामदेव, उपाध्यक्ष डॉ. अविनाश नामदेव, नामदेव महिला परिषद अध्यक्ष संगीता जनोरिया, सचिव राखी शरण, कार्यकारी अध्यक्ष स्वर्णलता छेनिया सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरूष व बच्चे व वरिष्ठ सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में संत नामदेव जी की प्रसादी व 56 भोग का आयोजन भी किया गया जिसमें अनिल नामदेव व दुर्गा नामदेव का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान युवा परिषद अध्यक्ष राहुल शरण, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश नामदेव, सचिव अतुल नामदेव, प्रवक्ता अमित नामदेव, नामदेव समाज महिला परिषद अध्यक्ष संगीता जनोरिया, कार्यकारी अध्यक्ष स्वर्णलता छेनिया, राखी शरण, भारती नामदेव, मंजु नामदेव, दुर्गा नामदेव सहित सभी सदस्य मौजूद थे।

समाज के प्रतिभाशाली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विभिन्न नृत्य, कविता पाठ, चित्रकला के माध्यम बच्चों ने खूब तालियां बटोरी। इस दौरान बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल आने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। सभी अतिथियों का आभार युवा परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश नामदेव ने माना। वहीं इस दौरान समाज के कपिल सिंगारे ने स्वयं के जन्मदिन के अवसर पर समाज के लिए सहयोग राशि प्रदान कर नई परंपरा की शुरूआत की। विभिन्न शासकीय सेवाओं में कार्यक्रम व समाज को गौरवान्वित करने वाली महिला शक्ति में मीनाक्षी रामविलास मालवीय, प्रतिभा गौहरपाल नामदेव, ज्योति प्रशांत नामदेव, मुस्कान अभिषेक नामदेव और पुरूष वर्ग में गया प्रसाद नामदेव मेहरागांव, शैलेन्द्र नामदेव दीवान कॉलोनी का सम्मान किया गया।

**ये हुए पुरस्कृत**- कक्षा 10वीं में 94 प्रतिशत अंजली नामदेव, 82 प्रतिशत वैष्णवी नामदेव, 87 प्रतिशत तनिष्का नामदेव, 59 प्रतिशत कृष्णा नामदेव, कक्षा 5वीं में 88 प्रतिशत अर्थव नामदेव, कक्षा 8 वीं 88 प्रतिशत ऋषिका को पुरस्कृत किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में केन्द्रीय विद्यालय के छात्र नेशनल हॉकी अंडर 14 प्रतियोगिता में सहभागिता कर मेडल प्राप्त करने वाले विनायक नामदेव, 68 स्कूल स्टेट हॉकी प्रतियोगिता में शामिल व सिल्वर मेडल विजेता वैष्णवी नामदेव को पुरस्कृत किया। चित्रकला क्राफ्ट प्रतियोगिता में चित्रकला क्राफ्ट प्रतियोगिता में विनायक नामदेव, ऋषिका नामदेव, रूद्र नामदेव, परेश नामदेव, सृष्टि नामदेव को पुरस्कृत किया गया।

## आधा दर्जन ट्रेन रहेंगी निरस्त

**इटारसी, देशबन्धु।** रेलवे ने करीब आधा दर्जन ट्रेनों को तीसरी लाइन कनेक्टिविटी हेतु प्री-नान, नान इंटरलॉकिंग कार्य के चलते अस्थायी रूप से निरस्त किया है। यह कार्यदक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मण्डल के नौरोजाबाद स्टेशन पर होना है। यहां तीसरी लाइन कनेक्टिविटी हेतु प्री-नॉन/नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते भोपाल मंडल से गुजरने वाली यात्री गाड़ियों को अस्थायी रूप से निरस्त किया गया है। गाड़ी संख्या 18234, बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, 22 से 30 नवंबर तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 18233, इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस, 23 नवंबर से 1 दिसंबर तकप्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 18236, बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, 21 से 30 नवंबर तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

## रेलवे ने पुणे-दानापुर-पुणे एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच को स्थायी किया

**इटारसी।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की बढ़ती मांग और प्रतीक्षा सूची को कम करने के उद्देश्य से, भोपाल मंडल के इटारसी एवं खिरकिया स्टेशन से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 12149/12150 पुणे-दानापुर-पुणे एक्सप्रेस में स्थायी रूप से एक तृतीय श्रेणी वातानुकूलित कोच और एक शयनयान श्रेणी कोच जोड़े गये हैं। इस परिवर्तन के बाद, इस ट्रेन में कुल 23 कोच हैं, जिनमें 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी कोच, 6 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी कोच, 7 शयनयान श्रेणी (स्लीपर) कोच, 4 सामान्य कोच, 1 पेंट्री कार, 1 जेनरेटर कार, 1 पार्सल वैन और 1 एसएलआरडी कोच शामिल हैं।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री आज नर्मदापुरम प्रवास पर

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार, कुटीर एवं ग्रामोद्योग दिलीप जायसवाल मंगलवार को जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्य मंत्री, दोपहर 1 बजे रेशम परिसर मालाखेडी नर्मदापुरम पहुंचेंगे एवं दोपहर 2 बजे रेशम परिसर मालाखेडी में कवर्ड ककून मार्केट का अवलोकन तथा किसान एवं व्यापारियों से संवाद करेंगे। इसके उपरांत श्री जायसवाल दोपहर 3 बजे नर्मदापुरम से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आज

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** उप सचिव मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के निर्देशों के अनुक्रम में पेयजल और स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार निर्देशानुसार जिले में विश्व शौचालय दिवस 2024 को हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान 19 नवंबर से 10 दिसंबर तक मनाया जाना है। तत्संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौजान सिंह रावत ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुक्रम में 19 नवम्बर को जिला जल एवं स्वच्छता मिशन (ष्ठङ्खस्रू) की बैठक कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में कार्यालय कलेक्टर से रेवा सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे से आयोजित की गई है।

### कौमी एकता सप्ताह 19 से

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** अवर सचिव मध्यप्रदेश शासन सामान्?य प्रशासन विभाग सचिन्द्र राव ने बताया कि राज्य शासन द्वारा इस वर्ष भी 19 नवम्बर से 25 नवम्बर तक कौमी एकता सप्ताह मनाया जाना है। बताया गया कि तत्संबंध में शासन के समस्त विभाग, अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, म.प्र. ग्वालियर, समस्त विभागाध्यक्ष, समस्त संभागायुक्त, समस्त जिलाध्यक्ष एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत म.प्र. को निर्देश दिए है कि 19 नवम्बर से 25 नवम्बर 2024 तक आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम के संबंध में संस्था द्वारा जारी दिशा-निर्देश अनुसार समुचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

### किसान डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में कॉम्प्लेक्स खाद का उपयोग करें

**हरदा, देशबन्धु।** रबी वर्ष 2024-25 में किसानों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में लगातार उर्वरक की व्यवस्था की जा रही है। उपसंचालक कृषि संजय यादव ने बताया कि अब तक जिले में यूरिया उर्वरक की 29497.6 मैट्रिक टन मात्रा का भंडारण किया जा चुका है, जिसमें से 23083.016 मैट्रिक टन यूरिया कृषकों को वितरण किया जा चुका है तथा 6414.584 मैट्रिक टन यूरिया जिले में उपलब्ध है। इसी प्रकार जिले में अब तक डी.ए.पी. उर्वरक का 13322.3 मैट्रिक टन भंडारण किया जा चुका है, जिसमें से 13263.1 मैट्रिक टन उर्वरक कृषकों को वितरित किया गया है तथा 59.2 मैट्रिक टन जिले में अभी उपलब्ध है। इसके अलावा एन.पी.के. उर्वरक की 8551.4 मैट्रिक टन मात्रा जिले में अब तक प्राप्त हो चुकी है, जिसमें से 8400.47 मैट्रिक टन उर्वरक कृषकों को वितरण किया जा चुका है तथा 150.93 मैट्रिक टन जिले में उपलब्ध है। उपसंचालक कृषि श्री यादव ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जिले में उर्वरकों की आपूर्ति हेतु निरंतर वरिष्ठालय के संपर्क में है। उन्होने किसानों से अनुरोध किया है कि डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में कॉम्प्लेक्स 20:20:0:13 उर्वरक का उपयोग करें, जिससे फसल को 13 प्रतिशत सल्फर प्रदाय होता है, जिससे निश्चित ही फसल की पैदावार में वृद्धि होती है।

### विपणन संघ द्वारा 3 नगद खाद विक्रय केन्द्र खोले जा रहे है

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला विपणन अधिकारी नर्मदापुरम देवेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जिले में विपणन संघ डबललॉक केन्द्रो से खाद की उपलब्धता अनुसार सहकारी समितियों/विपणन समितियों एवं कृषको को नगद में खाद निरंतर प्रदाय किया जा रहा है। नर्मदापुरम जिला अंतर्गत विपणन संघ के 6 डबललॉक केन्द्रो के अतिरिक्त 3 नगद खाद विकय केन्द्र भी खोले जा रहे है। नगद खाद विक्रय केन्द एक सोहागपुर मंडी, एक वुधवाडा समिति कार्यालय वुधवाडा रोड पर खोला गया है। एवं एक नगद खाद विक्रय केन्द्र बानापुरा क्षेत्र अंतर्गत खोला जाना प्रक्रियाधीन है। उक्त केन्द्र अल्पअवधि के लिए खोले जा रहे है। जिससे किसानो सुचारू रूप से खाद उपलबध हो सके।

### जनसमस्याओं के निराकरण हेतु 20 को राजाबरारी व 22 को रातामाटी में शिविर

**हरदा, देशबन्धु।** जिले के वनग्रामों में निवासरत ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा योजनाओं की जानकारी उन्हें देने के उद्देश्य से कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इन शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण तो किया ही जा रहा है साथ ही ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया जा रहा है ताकि ग्रामीणजन इन योजनाओं के बारे में जान सकें और योजनाओं का लाभ उठाने के लिये आगे आएं। इसी क्रम में 20 नवम्बर को टिमरनी विकासखण्ड के वनग्राम राजाबरारी तथा 22 नवम्बर को दूरस्थ ग्राम रातामाटी में शिविर आयोजित किया जाएगा। ये शिविर प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किये जायेंगे। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारियों को इन शिविरों में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। उन्होने जनपद पंचायत टिमरनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिये हैं कि इन शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधि व जनपद पंचायत पदाधिकारियों को भी आमंत्रित करें।

# संभागायुक्त ने टेल क्षेत्र के नहरों का निरीक्षण कर सिंचाई व्यवस्था देखी

## किसानो ने सिंचाई के लिए टेल क्षेत्र तक पानी न पहुंचने एवं बिजली की अघोषित कटौती की शिकायत की

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम संभागायुक्त श्री के जी तिवारी सोमवार को विभिन्न ग्रामों में तवा नहर से हो रही सिंचाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए सिवनी मालवा के टेल एरिया के ग्राम मुड़िया खेड़ी एवं नाहरकोला खुर्द पहुंचे। उन्होंने तवा नहर से सिंचाई के लिए दी जाने वाली जल प्रदाय की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से चर्चा कर टेल एरिया तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचने की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।



संभागायुक्त सबसे पहले ग्राम मुंडिया खेड़ी पहुंचे यहां ग्रामीणों ने बताया कि तवा नहर से सिंचाई के लिए अब तक पानी नहीं पहुंच पाया है। पानी केवल रामपुर एवं गडरिया तक आता है। 12 किलोमीटर में से मात्र 7 किलोमीटर तक पानी आता है और 5 किलोमीटर तक में पानी नहीं आता है। गत वर्ष आखरी समय में एक-दो दिन के लिए बहुत मुश्किल से पानी आया था। पानी न पहुंचने के कारण ग्राम पथाडा की भी नहर बंद है। ग्रामीणों ने बताया कि मुड़िया खेड़ी के जो किसान सक्षम है वह किसान ट्यूबवेल से सिंचाई कर रहे हैं लेकिन जो सक्षम नहीं है वह अब तक पानी के इंतजार में बोअनी तक नहीं कर पाए हैं। संभागायुक्त ने बताया कि 8 दिन पूर्व तवा नहर से पानी छोड़ा गया है और टेल एरिया तक पानी नहीं पहुंचा है। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से तत संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि 22 नवंबर तक पानी पहुंच जाएगा। पहले पानी इसलिए नहीं छोड़ा गया था क्योंकि किसानों के खेत तैयार नहीं थे। ग्रामीणों ने मुड़िया खेड़ी खेड़ी उप नहर को सीमेंटेड करने की मांग की। मौके पर मौजूद किसान मोर्चा के पदाधिकारी शंभू सिंह भाटी, अभिषेक चौहान एवं ग्रामीण मनमोहन पटेल, नरेंद्र सिंह चौहान पथाडा के मनमोहन पटेल एवं नरेंद्र सिंह चौहान ने संभागायुक्त को बताया कि बावरिया माइनर में 7 किलोमीटर तक पानी आया है। 5 किलोमीटर तक पानी आना शेष है। सभी किसानों ने मांग की की बावरिया लाइन माइनर 12 किलोमीटर कच्ची नहर है, उसे पक्की की जाए। सभी ग्रामीणों ने बताया कि बिजली रात्रि 12 बजे से सुबह 8 बजे तक आ रही है इससे किसानों को रातजगा करना पड़ रहा है। सभी ग्रामीणों ने मांग की कि बिजली प्रात: 10 बजे से शाम 6 बजे तक दी जाए। किसानों ने बताया की बाबरी रोड पर ओवरलोड डंपर चल रहे हैं, जिसके कारण सड़क के टूटने का डर बना हुआ है। ओवरलोड डंपर बंद किए जाएं। किसानों ने बताया कि किसानों को खाद के लिए दो बार लाइन में लगना पड़ता है एक टोकन के लिए, एक खाद के लिए, किसानों ने कहा की टोकन के लिए जब लाइन लगती है तभी उन्हें खाद दे दिया जाए, इससे किसानों को अनावश्यक परेशान नहीं होना पड़ेगा।

संभागायुक्त ने सभी मांगों को गंभीरता पूर्व सुना एवं बताया कि 22 नवंबर तक बावरिया माइनर के शेष 5 किलोमीटर तक के टेल एरिया में पानी पहुंच जाएगा। बावरिया माइनर को पक्की करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। संभागायुक्त ने कहा की बाबरी रोड पर ओवर लोड डंपर के बारे में जो शासन के नियम है उन्हीं की अनुरूप डंपर चले इसका पालन कराया जाएगा। उन्होंने खाद के लिए किसानों को दो बार लाइन में लगने की बात को गंभीरता से लेते हुए कहा कि जल्द ही इसका संतोषजनक समाधान किया जाएगा। मुड़िया खेडी के किसानों ने अवगत कराया की खपरिया ग्राम में उप स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन बना है लेकिन डॉक्टर एवं स्टाफ न होने के कारण भवन अनुपयोगी सिद्ध हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि तवा की नहर हर 6 किलोमीटर के बाद टूटी है, उसे सुधारा जाए। संभागायुक्त ने सभी ग्राम वासियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टेल एरिया में पानी पहुंचेगा तब वे स्वयं देखने एक बार गांव में अवश्य आएंगे।

संभागायुक्त इसके पश्चात ग्राम नाहर कोला खुर्द पहुंच कर टेल एरिया पर सिंचाई व्यवस्था का जायजा लिया। बताया गया कि टेल एरिया में अभी पानी नहीं आ रहा है। किसान देवेंद्र राजपूत ने बताया कि हर साल पानी का पैसा जमा किया जाता है, उसके बाद भी अभी तक पानी न आने के कारण बोअनी में पिछड रहे हैं। वर्तमान में सक्षम किसान ट्यूबवेल से पलेवा कर रहे हैं, लेकिन जो सक्षम नहीं है वह अभी भी नहर से पानी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। मुख्य कार्यपालन यंत्री तवा परियोजना सिवनी मालवा श्रीमती राज्यश्री कटारे ने बताया कि नाहर कोला खुर्द के टेल एरिया में 22 नवंबर तक पानी पहुंच जाएगा। टेल एरिया 30 किलोमीटर लंबी होने के कारण पानी पहुंचने में देरी होती है। श्रीमती कटारे ने बताया कि बनाडा एवं ग्राम पथाडा तक डिफिसेट एरिया को जोड़ा है ताकि बनाडा और पथाडा तक पानी मिल सके। संभागायुक्त ने सभी किसानों एवं ग्रामीणों को अवगत कराया की 22 नवंबर तक तवा नहर का पानी आ जाएगा, जो 5 दिसंबर तक मिलता रहेगा। उन्होंने मौके पर ही एई, श्री शास्त्री को निर्देश दिए कि वह फ्लों के साथ पानी का प्रवाह रखें। साथ ही नहर की पेट्रोलिंग भी बढ़ाएं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि अघोषित बिजली कटौती की समस्या से ग्राम वासी परेशान है। सिंचाई के लिए 10 घंटे बिजली मिलती है, उसमें भी 4 घंटे की अघोषित कटौती रहती है। किसी की लाइन कट जाती है तो एमपीबी आसानी से नहीं जोड़ती है। कुछ लोग एक कनेक्शन लेकर दो-दो मोटर संचालित कर रहे हैं। ग्रामीण दीपक राजपूत एवं नन्हेंलाल तथा मोर सिंह राजपूत ने बताया कि ग्राम में रोड का काम चल रहा है। स्कूल नियमित रूप से खुलता है लेकिन गांव के अधिकांश बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने जाते हैं। स्कूल में 6 शिक्षक हैं, लेकिन उसके अनुपात में बच्चों की संख्या कम है। जनपद सदस्य हरिओम कीर ने बताया कि कोल गांव प्राथमिक शाला क्षतिग्रस्त हो गई है। स्कूल की छत की मरम्मत की सख्त आवश्यकता है। उन्होंने कहां की छत की मरम्मत की जाए या स्कूल के लिए एक नया भवन बनाया जाए। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि ऐसे क्षतिग्रस्त स्कूल में बच्चों को ना बैठाया जाए। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल में ठीक से पढ़ाई नहीं होती है और इंग्लिश मीडियम ना होने के कारण अधिकांश बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने जाते हैं। संभागायुक्त के भ्रमण के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास जीसी दोहर, अधीक्षण यंत्री जल संसाधन आर आर मीना, कार्यपालक यंत्री तवा परियोजना सिवनी मालवा श्रीमती राज्यश्री कटारे सहित संबंधित अधिकारी गण उपस्थित थे।

# नहर के अंतिम छोर पर स्थित खेतों तक सिंचाई हेतु पानी पहुंचाने के दिये निर्देश

**हरदा, देशबन्धु।** नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त के.जी. तिवारी ने सोमवार को जिले के टिमरनी क्षेत्र के ग्रामों का दौरा कर नहरों से सिंचाई के लिये जल प्रदाय व्यवस्था देखी। उन्होने इस दौरान गुरदिया उप नहर के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम गोगिया एवं घोड़ाकुण्ड ग्रामों का दौरा कर वहां के किसानों से चर्चा कर सिंचाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।



संभाग आयुक्त श्री तिवारी ने कार्यपालन यंत्री सुश्री वाजपेयी को निर्देश दिये कि ओसराबंदी व्यवस्थित तरीके से लागू करें और इसका संबंधित गांवों में व्यापक प्रचार-प्रसार कराकर नहर के अंतिम छोर पर स्थित खेत तक पानी पहुँचाएं। कार्यपालन यंत्री सुश्री वाजपेयी ने इस दौरान बताया कि नहरों की साफ-सफाई का कार्य लगातार जारी है। उन्होने कमिश्नर श्री तिवारी को बताया कि ओसराबंदी कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार टेल क्षेत्र के इन ग्रामों तक 26-27 नवम्बर तक नहर के माध्यम से खेतों तक पानी पहुँच जाएगा। इस दौरान गांव के किसानों ने कमिश्नर श्री तिवारी से खेतों तक जल्दी पानी पहुँचाने का अनुरोध किया। भ्रमण के दौरान संयुक्त आयुक्त जी.सी. दौहर, जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता आर आर मीणा, कार्यपालन यंत्री सुश्री सोनम वाजपेयी सहित जल संसाधन विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

# राष्ट्रीय बैडमिंटन एवं शतरंज प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस बालिका एवं बालक वर्ग में खेले गये मैच

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला प्रशासन एवं संयुक्त संचालक लोक शिक्षण विभाग नर्मदापुरम संभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय बैडमिंटन एवं शतरंज खेल प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस में बालिका वर्ग के 17 व 19 वर्ष के सभी मैच पंडित रामलाल शर्मा महा विद्यालय में प्रात- 8 बजे से प्रारंभ किए गये।



राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के अंडर-17 में दादर नगर हवेल बनाम आसाम के बीच मैंच खेला गया, जिसमें असम विजेता रही। इसी तरह अंडर 17 में ही जम्मू कश्मीर और उत्तराखण्ड के बीच मैच हुआ, जिसमें जम्मू कश्मीर विजेता रही। आन्ध्रप्रदेश और कर्नाटक के मैच में आन्ध्रप्रदेश विजेता रही। झारखण्ड और छत्तीसगढ में छत्तीसगढ विजेता रही, केवीएस और तमिलनाडू में तमिलनाडू विजेता रही, महाराष्ट्र और पंजाब में महाराष्ट्र विजेता रही, नवोदय औश्र आन्ध्रप्रदेश में नवोदय विजेता, राजस्थान और सीएफआईएस में राजस्थान विजेता, त्रिपुरा और चंढीगढ के मैंच में चंढीगढ विजेता रही, पाण्डुचेरी और मंणीपुर के मैंच में पाण्डुचेरी विजेता, हिमाचल और उत्तरप्रदेश के बीच मैंच में उत्तरप्रदेश विजेता एवं वेस्ट बंगाल और आईपीएस में बेस्ट बंगाल विजेता रही। इसी प्रकार बालिका वर्ग अन्डर-19 के मैंचों में केव्हीएस और मेघालय के बीच मैंच हुआ जिसमें केव्हीएस विजेता रही एवं विद्याभारती और सीबीएसई के मैंच में सीबीएसई 2-0 से विजेता रहीं। बालक वर्ग अन्डर-19 में खेले गये मैंचों में सीबीएसई और उत्तरप्रदेश के बीच मैच हुआ जिसमें सीबीएसई 2-0 से विजेता, दिल्ली और विद्याभारती के बीच मैंच में दिल्ली विजेता रही एवं आईपीएस और उडीसा के बीच मैंच में आईपीएस विजेता रहीं।

# विधायक के प्रयासों से किसानो को मिली सौगात

## 50 बेड के अस्पताल शीघ्र होगा निर्माण ,मंडी में किसानों को डबल लाक की सुविधा आज से

**सोहागपुर, देशबन्धु।** सोहागपुर क्षेत्र के किसानों और क्षेत्र वासियों के लिए विधायक विजयपाल सिंह ने दो बड़ी सौगात दी है। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास ही डबल मंजिल पचास बिस्तर वाला बड़ा अस्पताल बनेगा, जिसमें सभी सुविधाएं एक छत के नीचे मिलेगी।

विजयपाल सिंह ने कहा मेरे रहते सोहागपुर से कोई सुविधा छीन नहीं सकता। नए अस्पताल में डाक्टर भी बढ़ेंगे। जिला अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा, सभी इलाज नगर में मिलेगा। कुछ लोगों ने भ्रांति फैलाई थी कि अस्पताल की सुविधा जा रही है, भूमि की समस्या थी, वह हल कर ली गई है। अब डबल मंजिल अस्पताल बनेगा। साथ ही विधायक ने कहा यहां के किसानों को खाद, यूरिया लेने के लिए सेमरी उपमंडी नहीं जाना पड़ेगा, सोहागपुर मंडी में मंगलवार से ही डबल लाक की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे कि आसपास के क्षेत्र के किसानों को खाद, यूरिया की आपूर्ति सरलता से प्राप्त हो सकेगी। सोहागपुर के किसानों को खाद लेने के लिए नगर से 12 किलोमीटर दूर सेमरी हरचंद उपमंडी जाना पड़ता था, जिससे किसानों का समय बर्बाद होता था और काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। पिछले कई वर्षों से किसानों द्वारा लगातार सोहागपुर मंडी में डबल लाक की सुविधा के लिए मांग की जा रही थी। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के प्रयासों से किसानो की परेशानियों समाधान हो गया है। विधायक विजयपाल सिंह ने बताया कि किसने की लंबे समय से मांग थी और मेरे ध्यान में भी था, इसलिए उनकी मांग को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से चर्चा की और सोहागपुर में डबल लाक की व्यवस्था करने का काम किया। आने वाले समय मे शोभापुर में भी डबल लॉक की सुविधा मिलेगी। सोहागपुर के किसानो ने दी गयी सौगात के लिए विधायक विजयपाल सिंह के लिए धन्यवाद शुभकामनाएं दी जा रही है।

# आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित, सर्व ब्राह्मण समाज के युवाओं ने बुजुर्गो को किया प्रेरित

**हरदा, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्व ब्राह्मण समाज संगठन युवा इकाई के सहयोग से सोमवार को नार्मदीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला में एक दिवसीय आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। वहीं शिविर के दौरान विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान सर्व ब्राह्मण समाज युवा इकाई के सदस्यों ने बुजुर्गों को आयुष्मान एवं आभा कार्ड बनाने में सहायता की।



सर्व ब्राह्मण युवा इकाई अध्यक्ष विवेक बादर ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 70 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग को 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान किया गया है,हमारा उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देकर प्रेरित करना है ताकि हमारे बुजुर्ग आर्थिक चिंताओं से मुक्त होकर स्वस्थ एवं सम्मानपूर्वक जिएं।शिविर के दौरान सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुनील तिवारी,महामंत्री उत्तम तेनगुरिया एवं लोकेश शर्मा,उपाध्यक्ष रोहित तिवारी,युवा इकाई अध्यक्ष विवेक बादर,नार्मदीय ब्राह्मण समाज के मुख्य ट्रस्टी किशोर शुक्ला ने शिविर में सेवाएं दे रहे डॉ नवीन जैन ,डॉ राजवर्धन राठौर,प्रोग्राम मैनेजर मदनमोहन मालवीय,मांगीलाल मालवीय,मीणा पड्राम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शिविर के दौरान बीपी,ब्लड, कोलेस्ट्रॉल,शुगर सहित जांच की गई।शिविर के दौरान समाजसेवी संदीप पाराशर एवं वार्ड पार्षद प्रदीप सोनी ने क्षेत्र के रहवासियों के घर घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए प्रेरित किया।अंत में आभार नार्मदीय ब्राह्मण समाज के मुख्य ट्रस्टी किशोर शुक्ला ने व्यक्त किया।शिविर के दौरान सर्व ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्य संदीप स्वामी,अरुण तिवारी,विशाल तिवारी,संजोग व्यास,युवा इकाई कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप मंडलोई,सचिव नवीन शर्मा, उपाध्यक्ष विवेक पाराशर,शुभम वशिष्ठ,प्रणव जोशी,आयुष साकल्ले,अमित दुबे,मीडिया प्रभारी दीपक चौबे एवं प्रशांत शर्मा सहित समाजजन उपस्थित थे।

# नर्मदापुरम संभाग की रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में प्रदर्शनी में 30 स्टॉल लगेंगे

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम संभागायुक्त के.जी. तिवारी ने सोमवार को संभागीय समय सीमा की बैठक में नगर पालिका अधिकारी हिमेश्वरी पटले को छटवें नर्मदापुरम संभाग की रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव जो 07 दिसम्बर को नर्मदापुरम जिले में आयोजित की जाएगी के संबंध में निर्देश दिए कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क?लेव से पूर्व शहर को स्वच्छ एवं साफ सुथरा बनाया जाए। सडकों के गड्ढों को प्राथमिकता से सुधारा जाए। स्टेट लाईट की व्यवस्था सुचारू रूप से चालू रहे। नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि रसूलिया, बान्द्राभान, आईटीआई की सडकों के मरम्मरत कार्य किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा भोपाल तिराहे, नर्मदा महा विद्यालय एवं शहर की जितनी भी सडके है उन्हें सुधारने का प्लान तैयार किया गया है। इस दौरान झाडियां की कटाई भी की जाएगी। शहर में 10 स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। बताया गया कि रीजनल इंडस?ट्री कॉन-?क?लेव में प्रदर्शनी में 30 स्टाल लगाए जाएंगे। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी आंगनबाडियों, स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र अपने निर्धारित समय पर खुलें। उन्होने फेस आईडी एवं बायो मेक्ट्रिक मशीन में दर्ज उपस्थिति की माह में एक बार रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने मोरल गंजाल नदी पर हो रहें अवैध रेत उत्खनन पर जिला खनिज अधिकारी को प्रभावशील कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



# पटाखे की आवाज निकालने वाले सायलेंसरो पर यातायात पुलिस ने चलवाया बुल्डोजर

**हरदा, देशबन्धु।** जिले में यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरूद्ध विशेष अभियान के अंतर्गत पटाखे की आवाज निकालने वाले मॉडिफाइड सायलेंसरो पर कार्यवाही की गई । जिला यातायात पुलिस ने कठोर कदम उठाते हुए बुलडोजर चलाया और सायलेंसरो को नष्ट किया । यातायात थाना प्रभारी संदीप सुनेश ने बताया कि मनचले युवको द्वारा बुलेट वाहन में मॉडिफाईड सायलेंसर लगाकर पटाखे की आवाज निकालते है जिनसे ध्वनि प्रदुषण के साथ साथ बुजुर्गों एवं बीमार व्यक्तियों को कॉफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । इसके संबंध में लगातार शिकायत भी मिल रही थी । पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे के निर्देशन में यातायात पुलिस ने अभियान चलाया जिसमें मॉडिफाईड सायलेंसर का उपयोग करने वाले बुलेट चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये बुलेट से मॉडिफाईड सायलेसर निकलवाये गये । विगत दो माह में ऐसे 35 बुलेट के मॉडिफाईड सायलेसर निकलवाकर जप्त किये गये , जिन्हे सोमवार को वायपास चौराहा पर बुल्डोजर चलवाकर नष्ट करवाया गया ताकि इन्हे दोबारा इस्तेमाल न किया जा सके, मॉडिफाईड सायलेंसर पर कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी ।



# 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनवाएं: कलेक्टर

**हरदा, देशबन्धु।** जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के आयुष्मान पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण की जाए और सभी के आयुष्मान कार्ड तैयार कर वितरित कराएं ताकि ये वृद्धजन आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठा सकें। यह निर्देश कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने सोमवार शाम को कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये कि दूरस्थ ग्रामों में आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविरों में आने वाले वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने की व्यवस्था की जाए। उन्होने कहा कि इन शिविरों में आधार पंजीयन के लिये काउंटर स्थापित किया जाए ताकि गांव के लोग अपना आधार पंजीयन व आधार अपडेशन का कार्य करा सकें। श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिये कि निर्माणाधीन सभी शासकीय अस्पतालों के भवनों का कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होने आशा कार्यकर्ताओं की ट्रेनिंग कराने के निर्देश भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिये। बैठक में उन्होने परिवार कल्याण कार्यक्रम, एड्स नियंत्रण कार्यक्रम, अंधत्व निवारण कार्यक्रम, हृदय अभियान की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला मलेरिया अधिकारी को मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया की रोकथाम के लिये जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये।

# प्रभारी मंत्री 19 व 20 को नर्मदापुरम जिले के प्रवास पर

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मंत्री, लोक निर्माण विभाग, एवं प्रभारी मंत्री जिला नर्मदापुरम राकेश सिंह 19 व 20 नवम्बर को जिलेके प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री सिंह 19 नवम्बर मंगलवार को दोपहर 3.30 बजे नर्मदापुरम पहुंचकर भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक लेंगे। बैठक उपरांत रात्रि 7.30 बजे सर्किट हाउस पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। श्री सिंह 20 नवम्?बर बुधवार को प्रात- 10.30 बजे सेठानी घाट पर मां नर्मदा के दर्शन एवं पूजन कर प्रात- 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभागार में विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यो की समीक्षा बैठकमें सम्मिलित होंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर 12.30 बजे से 7 दिसम्बर को नर्मदापुरम में प्रस्तावित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। श्री सिंह दोपहर 1 बजे निर्माणाधीन नवीन जिला अस्पताल का निरीक्षण, रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के आयोजन स्थल आईटीआई का निरीक्षण एवं दोपहर 2 बजे निर्माणाधीन सीएम राईज स्कूल भवन, पवारखेडा का निरीक्षण करेंगे।


कार्यालय नगर पालिका परिषद हरदा जिला हरदा म.प्र.

क्र. 6440/लो.नि./विधायक निधि/2024

हरदा दिनांक 18.11.2024

द्वितीय ई-निविदा सूचना

Tender Notice No. 2024_UAD_303156_2 Date:18.11.2024 कार्य का नामः विधायक निधि वार्ड क्र. 35 कालू बाबा के पास उड़ा हरदा में नवयुवक मेहरा समाज समिति हरदा के मांगलिक भवन निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा/ अनुमानित लागत क्रमशः रु. 420009/- अमानत राशि रु. 4200/- ई निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समय 19.11.2024 से 25.11.2024 तक तथा ई निविदा 25.11.2024 को समय 05.30 PM बजे तक खोली जायेगी। निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता www.mptenders.gov.in

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद हरदा



**जाहिर सुचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा गंज बैतुल तह. जिला बैतुल द्वारा भूमि स्वामी श्री बलदेव बागमारे पुत्र स्व.श्री सुखराम बागमारे जाति भरेवा निवासी टिगरिया तह. जिला बैतुल के स्वामित्व की मौजा टिगरिया तह. जिला बैतुल हल्का नं. 13 ब.न. 282 में स्थित खसरा नं. 85/9/2 रकबा 0.028 हेक्टर भूमि का बंधक किया जा रहा है उक्त भूमि के संपूर्ण या उसके किसी हिस्से/भत्ता से किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय/व्यक्ति/वैधानिक संस्था/बैंक या अन्य किसी प्रकार का हित हक या उपरोक्त भूमि खसरा नं. 85/9/2 रकबा 0.028 हेक्टर पर लेन देन हो अथवा उक्त संपत्ति कही पर भार/बंधक हो तो वह इस सूचना पत्र के प्रकाशन के साथ 7 दिवस की अवधि में मय दस्तावेज प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। समय अवधि व्यतित होने से मेरा पक्षकार के हितो पर किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होंगा और यह समझा जायेगा कि प्रकाशन में दी गयी जानकारी सर्वसाधारण को स्वीकर है उपरोक्त अनुसार सूचना प्राप्त करें।

स्थान बैतूल
दिनांक
13.11.2924

अधिवक्ता मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा गंज बैतुल
रजनीश जैन
थाना रोड कोठीबाजार बैतूल मो.नं. 9589590018



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैतूल**

रा.मा.क्र.0071/अपील/2024-25
मौजा-बैतूल बाजार

**अपीलार्थी-शिवनारायण उर्फ सेम वर्मा वि.संजय वल्द ललित किशोर वगै.**

**// सूचना पत्र //**

**1- संजय वल्द स्व. ललित किशोर निवासी बैतूल बाजार**
**2-सुश्री वंदना पुत्री स्व. ललित किशोर निवासी बैतूल बाजार**
**3-श्रीमती रेखा पुत्री स्व. ललित किशोर निवासी बैतूल बाजार**
**.........गैर अपीलार्थीगण**

इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0071/ अपील / 2024-25 मौजा बैतूल बाजार में अपीलार्थी शिवनारायण उर्फ सेम वर्मा निवासी बैतूल बाजार द्वारा दिये गये आपके उक्त पते पर रजिस्टर्ड एवं साधारण सूचना पत्र जारी किये गये किन्तु आपके द्वारा सूचना पत्र प्राप्त न किये जाने एवं तामिली न होने से पुन: इस समाचार पत्र में प्रकाशित सूचना पत्र के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में विचाराधीन उक्त अपील प्रकरण में सुनवाई एवं आपकी उपस्थिति के लिये दिनांक 27/11/2024 को नियत है। अत: आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 27/11/2024 को दोपहर बाद 2.00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवे। नियत दिनांक को अपरिहार्य कारणों से शासकीय अवकाश होने पर अगले कार्यदिवस पर उपस्थित होवे। अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूध्द एकपक्षीय कार्यवाही कर उक्त अपील प्रकरण में कार्यवाही की जावेगी।

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) बैतूल**

देशबन्धु

नर्मदापुरम, मंगलवार 19 नवम्बर 2024

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## भाजपायी 'सेफ' की खुलती पोल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित पूरी भारतीय जनता पार्टी विपक्षियों, खासकर कांग्रेस के खिलाफ बयानबाजी करने में जुमलों का प्रयोग करने में माहिर है। केवल विरोधी दल के खिलाफ़ ही नहीं, वरन अपने पक्ष में हवा बनाने के लिये की जाने वाली बातों में भी वह कभी तुकबन्दी तो कभी नारेबाजी; और कभी अमर्यादित व असंसदीय की श्रेणी में रखी जाने वाली भाषा का इस्तेमाल करती है। यह भाषा कभी हिंसक होती है तो कभी नफरती अथवा अश्लील। जब से भारतीय जनता पार्टी केन्द्र की सत्ता में आई है और उसकी ताकत बढ़ी है, अशोभनीय भाषावली उसके सामान्य संवादों से लेकर नारों तक की प्रमुख पहचान है। जिन मोदी पर देश के नैतिक मूल्यों, आदर्शों एवं गौरवशाली परम्परा के निर्वहन की जिम्मेदारी थी, वे ही अपनी बेलगाम भाषा के जरिये देश के माहौल को सतत बिगाड़ने में लगे रहते हैं। संसद के भीतर हो या बाहर कोई बैठक अथवा चुनावी प्रचार रैली- मोदी की शब्दावली नित नये जुमलों को जन्म देती है। पहले-पहल तो मोदी अपनी इस भाषा के जरिये लोगों को लुभाते रहे और उसका उन्हें चुनावी फायदा भी मिलता रहा, लेकिन अब जनसामान्य इस बात से अवगत हैं कि प्रधानमंत्री के पास इस लच्छेदार भाषा और शब्दजाल के अतिरिक्त कहने या करने के लिये कुछ भी नहीं है। इसलिये प्रारम्भिक भाषणों को छोड़ दिया जाये तो अब मोदी के सारे तीर खाली जाते हैं। उल्टे, उनके जवाब मिल जाते हैं और लोग तो नितांत अप्रभावित होते हैं- उनके समर्थकों को छोड़कर।

पहले भी मोदी रचित नफरती व हिंसक नारों का पुनर्घोष पूरा भाजपा नेतृत्व एवं काडर एक सुनियोजित अभियान के तहत करता रहा है, फिर चाहे वह प्रचार सभाएं हों या पारम्परिक व सोशल मीडिया हो। कब्रिस्तान बनाम श्मशान, कपड़ों से पहचान, 80:20 जैसे नारे जब देश के सर्वोच्च पद पर बैठा व्यक्ति दे रहा हो तो स्वाभाविक है कि निचले स्तर के नेता संसद के बाहर 'देश के गद्दारों को, गोली मारो...को' जैसे नारे बोलकर और संसद के भीतर विपक्षी नेता की जाति पूछने की निम्न हरकत शीर्ष नेतृत्व की आंखों में चढ़ने के लिये कर ही सकते हैं। उससे भी निचले स्तर के किसी निहायत गैर रचनात्मक (भाजपा की नज़रों में) सांसद को यह हक भी मिल जाता है कि वह देश की सबसे बड़ी पंचायत में एक निर्वाचित सांसद को उसके सम्प्रदाय व धर्म के नाम पर गालियां दे सके। मोदी एवं उनके अनुयायियों द्वारा ऐसी अपशब्दों वाली भाषा के जरिये देश की एकता तथा लोकतांत्रिक प्रणाली को किस कदर नुकसान पहुंचाया गया है वह सभी के सामने है और इसका आकलन सदियों तक होता रहेगा। ऐसे नारों तथा भद्दे जुमलों की फेहरिस्त लम्बी है जो दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। इस पर अधिक लिखना वक्त ज़ाया करना है। अच्छी बात यह है कि इनमें से अधिकांश नारे - जुमले खुद भाजपा को बेनकाब करने वाले साबित हुए हैं।

बहरहाल, उनका हाल ही में फेंका गया जुमला 'एक हैं तो सेफ हैं ' ऐसे ही मार खा रहा है। दरअसल, कुछ दिनों पहले हरियाणा में चुनाव प्रचार के दौरान योगी आदित्यनाथ ने 'बटेंगे तो कटेंगे' का नारा दिया था। जाहिर है कि वह वोटरों के ध्रुवीकरण की दृष्टि से बुना गया था। इसका असर हुआ या नहीं इसका ठीक-ठाक आकलन तो नहीं हो सकता और न ही कोई दम ठोंक कर कह सकता है कि हरियाणा में हारी हुई बाजी भाजपा ने इसी नारे के बल पर जीती थी। तो भी यह नारा भाजपा के समर्थकों, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं, सरकार समर्थित मीडिया, आईटी सेल तथा विशाल ट्रोल आर्मी के काम का निकला। इसके जरिये आदित्यनाथ की लोकप्रियता बढ़ने पर मोदी की परेशानी स्वाभाविक थी। आखिरकार ऐसे बोल ही तो इन संगठनों में मशहूरियत का जरिया होते हैं। मोदी की दिक्कत यह है कि वे इस नारे से दूरी नहीं बना सकते थे परन्तु उन्हें मौका दिया महाराष्ट्र ने। वहां भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए (महायुती) के एक धड़े राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) ने साफ कर दिया कि 'यहां यह नारा नहीं चलेगा।' उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र का सेक्यूलर चरित्र इसे बर्दाश्त नहीं करेगा और यहां इसका सियासी नुकसान होगा। भाजपा के विरोध के बावजूद नवाब मलिक को टिकट देकर अजित पवार ने अपनी विचारधारा पर तो मुहर लगाई ही, भाजपा की सोच को भी खारिज किया।

मोदी ने इसका फायदा उठाया और कम धारदार नारा दिया- 'एक हैं तो सेफ़ हैं'। है तो यह भी ध्रुवीकरण को बढ़ाने वाला ही नारा पर यह भी मोदी-भाजपा पर उल्टा पड़ गया। पहले तो इसके मीम और कार्टून बने जिसमें मोदी को गौतम अदानी के साथ दिखाया गया। लोगों ने चुटीली टिप्पणियां भी कर मोदी व भाजपा की जमकर छीछालेदार की। प्रियंका गांधी का व्यंग्य बाण सबसे नुकीला निकला। महाराष्ट्र की एक सभा में उन्होंने कहा कि, 'अंग्रेजी में 'सेफ' के दो अर्थ होते हैं। एक है सुरक्षित होना तथा दूसरा है तिजोरी।' उपस्थित जनता के ठहाकों के बीच उन्होंने कहा कि 'इस तिजोरी में अदानी हैं जो मोदी राज में एकदम सुरक्षित हैं।' राहुल गांधी ने दोहरी मार की। उन्होंने सोमवार को नाटकीय अंदाज में सबके सामने एक तिजोरी से दो तस्वीरें निकालीं। एक में मोदी-अदानी साथ थे और दूसरी धारावी की सैटेलाइट इमेज और नक्शा। उल्लेखनीय है कि धारावी के विकास की एक बड़ी परियोजना अदानी की जेब में जा सकती है। लोगों को शक है कि असली मकसद धारावी की जमीन हड़प करना है। वहां के लोगों को पहले विकास के नाम पर हटाया जायेगा तथा बाद में यह पूरा इलाका अदानी का हो जायेगा। तभी महाराष्ट्र के चुनाव में धारावी एक प्रमुख मुद्दा है जिसके लिये 20 नवम्बर को मतदान होगा और 23 को नतीजे निकलेंगे। उद्धव ठाकरे पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि उनकी सरकार बनने पर धारावी की परियोजना रद्द होगी, राहुल गांधी ने अब इस बात पर अपनी सहमति जतलाई है। राहुल गांधी ने यह भी कहा है कि भाजपा के पास लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं है, मुद्दों पर वह बात कर नहीं सकती, इसलिए भटकाने की राजनीति करती है। बहरहाल, मोदी के ध्वस्त होते जुमले और नारे भाजपा की परेशानी को बढ़ा रहे हैं।

# जीवन से जुड़ी आजीविका

■ अशीष कोठारी

हम इतनी बेचैनी से इंतज़ार क्यों करते हैं कि कब दिन का काम ख़त्म हो या कब हफ्तेभर के काम के बाद दो दिन की छुट्टी मिले? क्या काम की परिभाषा में बदलाव किया जा सकता है ताकि हम काम में आनंद और ख़ुशी को भी जोड़ सकें? आर्थिक विकास ने आजीविकाओं को 'निर्जीविकाएं' बना दिया है। यह विकास सदियों से बने काम के तरीक़ों को मिटा रहा है। हमारा जीने का तरीक़ा ऐसा था, जिसमें काम और फुर्सत के बीच कोई स्पष्ट विभाजन नहीं था; अब उनकी जगह 'असेंबली लाइन' की नीरस नौकरियां हथियाने लगी हैं और हम काम के हफ्ते के बाद दो दिन की मुक्ति और दूसरी छुट्टियों का बेसब्री से इंतज़ार करते हैं।

हमें बताया जाता है कि प्राथमिक क्षेत्र के कामों से मैन्युफेक्चरिंग और सेवाओं की ओर बढ़ना ही अर्थिक प्रगति है। इसलिए वह आजीविका जो वस्तुत: हम सभी को जीवित रखती है - खेती, वानिकी, पशुपालन, मत्स्य-पालन और संबंधित कारीगरी - को हम पिछड़े काम मानते हैं। भारत में, इस सोच के चलते 70 से 80 करोड़ लोगों, यानि देश की दो-तिहाई आबादी - को हाशिए पर खदेड़ दिया गया है। नतीजे में लाखों किसानों की आत्महत्या या कथित विकास परियोजनाओं के कारण 6 करोड़ लोगों का अपने खेतों, जंगलों और तटों से विस्थापन हाथ लगा है। ऐसे कई लोग हैं, जो प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं, उन्हें इन संसाधनों से महरूम किया जाता है। हमारा ध्यान बमुश्किल ही इस बात पर जाता है कि ये लोग ग़रीब होते जा रहे हैं। उनके ज़मीन और पानी उद्योगों, सड़कों, खनन और शहरों के लिए छीने जा रहे हैं। विकास ने ग़रीबी के नए-नए रूपों को जन्म दिया है।

मान लें कि यह तो करना ही पड़ेगा और करना अच्छा भी है, लेकिन हम इनकी जगह क्या ले आये हैं? गरीबों के लिए या तो कोई रोज़गार नहीं हैं और हैं भी तो निर्माण स्थलों, खदानों, उद्योगों, ढाबों और ऐसी जगहों पर जहां अनिश्चित, शोषणकारी और असुरक्षित रोज़गार हैं, जिन्हें शायद ही कम मशक्क़त का काम कहा जा सकता है। विडंबना यह है कि 93प्रतिशत भारतीय रोज़गार अनौपचारिक क्षेत्र में हैं और इनका शोषण लगातार बढ़ता जा रहा है। काम के बदले कमाई के मामले में मध्यम वर्ग और अमीरों की स्थिति बहुत अच्छी है। एक अध्ययन से पता चलता है कि एक फीसदी भारतीयों के पास देश की कुल संपत्ति का 50 फीसदी से ज़्यादा हिस्सा है, लेकिन ऐसे काम की गुणवत्ता क्या है?

आईटी उद्योग जैसे आधुनिक क्षेत्रों में काम करने वाले ज़्यादातर लोग दुनिया भर में फैली एक विशाल असेंबली लाइन के यांत्रिक पुर्ज़े हैं। कॉल सेंटरों में अलस्सुबह से देर रात तक, कंप्यूटर टर्मिनल पर झुके हुए रटे-रटाए जवाब देते रहते हैं या हर पल भूखे 24×7 न्यूज़ चैनलों को न्यूज़ देने के लिए जी-तोड़ मेहनत करते हैं या शेयर बाज़ार के आंकड़ों को घूरते रहते हैं - कौन ईमानदारी से कह सकता है कि ये 'निर्जीविकाएं' नहीं हैं - जो हमारी स्वतंत्रता और जन्मजात रचनात्मकता को दबाती हैं? अगर ऐसा नहीं है, तो हम दिन का काम खत्म होने या हफ्ते के अंत में छुट्टियों का इतनी बेताबी से इंतज़ार क्यों करते हैं?

> **अगली बार जब ख़ानाबदोश चरवाहों को अपने शहरों की सड़कों पर भेड़ों के साथ देखें, तो इस बारे में सोचें। शायद वे बीते ज़माने के लोग हैं जो जल्द ही गायब हो जाएंगे, लेकिन कौन कह सकता है कि हमारे आईटी या डिजिटल मीडिया या कॉल सेंटर की नौकरियों के साथ भी ऐसा ही नहीं होगा? शायद अब से एक पीढ़ी के आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस वाले रोबोट, हममें से कुछ को कंप्यूटर स्क्रीन पर घूरते हुए देखकर मुस्कुराएंगे कि हम कैसे निठल्ले पोंगा-पंडित हैं।**

हमें अपने को ख़ुश रखने के लिए 'रीटेल थेरेपियों' के छिछले तरीके क्यों आजमाने पड़ते हैं?

ऐसा नहीं है कि सभी आधुनिक रोज़गार 'निर्जीविकाएं' हैं, या सभी पारंपरिक आजीविकाएं बढ़िया थीं। पहले भी असमानता और शोषण, खासकर लिंग व जाति को लेकर थे, यहां तक कि उबाऊ मशक्क़त भी थी, लेकिन उस 'सूखे' के साथ, सार्थक आजीविकाओं के रूप में जो कुछ 'हरा-भरा' था, उसे भी जला देना सही नहीं होगा।

ऐसे कई उदाहरण हैं, जो कभी ग़रीब रहे किसानों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सुधारने में मदद करते हैं, जैसे कि 'डेक्कन डेवलपमेंट सोसाइटी' जिसमें दलित महिला किसान 'अन्न स्वराज' की तरफ बढने के साथ-साथ फिल्म निर्माता और रेडियो स्टेशन मैनेजर तक बन गई हैं; या 'दस्तकार' जिन्होंने सिद्ध किया है कि कारीगर आज भी खरा है; उन्होंने हाथ से काम करने वाले तमाम कारीगरों को नई गरिमा दी है। इसी तरह आधुनिक क्षेत्र में भी गिने-चुने सार्थक रोज़गार हैं - खेतों और जंगलों में काम करने वाला जीवविज्ञानी, जो प्रकृति में रहना पसंद करता है, संगीत शिक्षक जो उत्साहपूर्वक छात्रों की प्रतिभा को सामने लाता है, एक 'शेफ' जो खाना पकाने के काम को प्रेम करता है और ऑर्गेनिक आहार की रसोई की साज-संभाल करता है।

मौजूदा प्रवाह के विरुद्ध जाने के लिए शिक्षा में बुनियादी बदलाव की ज़रूरत है। स्कूलों और कॉलेजों में हमारे दिमाग़ में यह ठूंस दिया जाता है कि बौद्धिक कार्य शारीरिक श्रम से बेहतर है। हमारे दिमाग़ को इस तरह मोड़ा जाता है कि इसमें हाथ, पैर और हृदय की क्षमता के विकास की गुंजाइश नहीं रहती। हमारे समक्ष ऐसे लोगों को रोल-मॉडल की तरह पेश किया जाता है जो प्रकृति पर हावी होकर दूसरों को नीचे गिराते हुए सफलता की सीढ़ियां चढ़े हैं।

हम बड़े होते हैं तो उत्पादकों व कारीगरों को कुछ नहीं समझते। किसानों को उनकी उपज के लिए बेहद कम कीमतें मिलती हैं। इसी से समझ में आएगा कि हमारे समाज की प्राथमिकताएं कितनी विकृत हैं। जो हमें ज़िंदा रखता है, उसे तो हम वाजिब दाम भी चुकाना नहीं चाहते, परंतु ब्रांडेड जूते और उपकरणों के लिए मुंह मांगी क़ीमत चुकाने को तैयार रहते हैं। हम इस बात की परवाह भी नहीं करते कि कामगार को क्या मिलता है। एक और महत्वपूर्ण परिवर्तन आर्थिक संरचनाओं में करना ज़रूरी है: ज़मीन और प्राकृतिक संसाधनों पर सामुदायिक अधिकार की सुरक्षा, उत्पादन के साधनों पर कामगारों का नियंत्रण और बाजारों पर सामाजिक नियंत्रण।

अगली बार जब ख़ानाबदोश चरवाहों को अपने शहरों की सड़कों पर भेड़ों के साथ देखें, तो इस बारे में सोचें। शायद वे बीते ज़माने के लोग हैं जो जल्द ही गायब हो जाएंगे, लेकिन कौन कह सकता है कि हमारे आईटी या डिजिटल मीडिया या कॉल सेंटर की नौकरियों के साथ भी ऐसा ही नहीं होगा? शायद अब से एक पीढ़ी के आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस वाले रोबोट, हममें से कुछ को कंप्यूटर स्क्रीन पर घूरते हुए देखकर मुस्कुराएंगे कि हम कैसे निठल्ले पोंगा-पंडित हैं। न केवल किसान और मछुआरे, बल्कि मनुष्य भी काल के गाल में समा जाएंगे - बटनों को नियंत्रित करने वाले कुछ लोगों को छोड़कर। क्या यह केवल मिथ्या है? शायद, लेकिन इस तरह की कई कथाएं सच हो गई हैं।

इससे पहले कि हम ऐसे भविष्य में पहुंच जाएं जहां मनुष्य ही ग़ैर-ज़रूरी बन जाए, हमें कुछ गंभीर पुनर्विचार करना होगा। यह परिवर्तन हो सकता है कि हम केवल एक आईटी प्रोफेशनल या लेखक बनने की जगह, वह इंसान बन सकें जो बनने की हम क्षमता रखते हैं। शायद हम किसानों को रिसर्चर और फिल्मकार बनने में मदद भी कर सकते हैं जो मार्क्स के दृष्टिकोण का दूसरा रूप है-शिकारी-मछुआरे-पशुपालक-आलोचक। कई लोग कुशल रिसर्चर, किसान, संगीतकार, पालक, शोधकर्ता हैं, जो काम और आराम, शारीरिक और मानसिक, पुराने और नए के बीच के झूठे विभाजन को तोड़ते हुए एक सहज समग्रता में जी रहे हैं।

यह देर-सबेर ज़रूर होगा। तब तक हमें कम-से-कम जीवन के उन तरीक़ों की सराहना करनी चाहिए जो हज़ारों साल से पृथ्वी का आदर करके टिके हैं, न कि उनकी सराहना करें जिसने हम में से कई लोगों को सबसे अलग-थलग करने वाले आधुनिक रोज़गार दिये हैं। क्या हम एक भीमकाय उत्पादन प्रणाली - जो केवल कुछ लोगों को समृद्ध करती है - का बेजान पुर्जा बने रहना चाहते हैं? आइए देखें कि हम पुराने और नए में जो अच्छा है उसे कैसे जोड़ सकते हैं, ताक़ि दोनों को अधिक सार्थक और संतुष्टिदायक बनाया जा सके। यह शायद आजीविकाओं को वापस लाने और 'निर्जीविकाओं' को तिलांजलि देने की शुरुआत होगी।

**(लेखक दीपक धोलकिया द्वारा अनुवादित है।)**

# हमारी आंखों पर पड़े परदे को हटाने के लिये धन्यवाद -माननीय

■ अरुण कान्त शुक्ला

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ पिछले दो दशकों में जितने मुख्य न्यायाधीश हुए उसमें सबसे अलग न केवल इसलिए रहे कि उनका दो साल का कार्यकाल अन्य सभी की तुलना में सबसे लम्बा था बल्कि उनके उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश और फिर मुख्य न्यायाधीश रहते हुए अनेक ऐसे निर्णय हुए जिन्होंने देश के सामाजिक और राजनीतिक वातावरण को सर्वाधिक प्रभावित किया। स्वाभाविक रूप से उन निर्णयों पर आलोचनात्मक मूल्यांकन करते हुए बड़ी संख्या में लोगों ने अपने विचार भी रखे। यही कारण है कि अपने विदाई समारोह में उन्हें कहना पड़ा कि अब मेरे सेवानिवृत होने के बाद सबसे अधिक दु:ख मुझे ट्रोल करने वालों को होगा। शायद यह कहकर वे उन सभी आलोचनाओं और टिप्पणियों के वजन को हल्का करने की कोशिश कर रहे थे, जिनका द्वार स्वयं उन्होंने खोला था।

संविधान और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए नियुक्त न्यायपालिका के प्रमुख के रूप में जिस राजनीतिक सामाजिक पृष्ठभूमि में उन्होंने अपनी न्यायिक और प्रशासनिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया, उसे ध्यान में रखे बिना उनकी भूमिका का सही आकलन नहीं हो सकता। उनके उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश और मुख्य न्यायाधीश रहते हुए कार्यकाल वह समय था जब मोदी सरकार अपने दूसरे कार्यकाल में हिंदुत्व के एजेंडे को पूरा करने के लिए अपने प्रयासों को आक्रामक ढंग से आगे बढ़ा रही थी, जो संविधान और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन था। संवैधानिक मुद्दों और बहुसंख्यकवादी हमले पर मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ के फैसलों को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

> **न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ अयोध्या विवाद पर फैसला सुनाने वाली पांच सदस्यीय पीठ में थे। उन्होंने जो फैसला लिखा, उसमें विवादित क्षेत्र, जहां बाबरी मस्जिद थी, को राम मंदिर निर्माण के लिए हिंदुओं को सौंप दिया गया। यह फैसला जमीनी सबूतों और तथ्यों के बजाय धार्मिक भावनाओं और आस्था पर अधिक आधारित था। इसके अलावा, इसने यह स्वीकार करने के बावजूद ऐसा फैसला दिया।**

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ अयोध्या विवाद पर फैसला सुनाने वाली पांच सदस्यीय पीठ में थे। उन्होंने जो फैसला लिखा, उसमें विवादित क्षेत्र, जहां बाबरी मस्जिद थी, को राम मंदिर निर्माण के लिए हिंदुओं को सौंप दिया गया। यह फैसला जमीनी सबूतों और तथ्यों के बजाय धार्मिक भावनाओं और आस्था पर अधिक आधारित था। इसके अलावा, इसने यह स्वीकार करने के बावजूद ऐसा फैसला दिया कि बाबरी मस्जिद का विध्वंस एक असंवैधानिक और जघन्य कृत्य था। यह न्यायिक फैसला ही है जिसने आरएसएस-विश्व हिंदू परिषद के दावे को वैधता प्रदान की और भाजपा के मुख्य एजेंडे में से एक को पूरा किया।

सीजेआई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ द्वारा दिया गया दूसरा प्रमुख निर्णय अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर राज्य को समाप्त करने पर है। इस निर्णय ने अनुच्छेद 370 में संशोधन करने के लिए एकतरफा कार्यकारी शक्ति का प्रयोग किया, क्योंकि जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा अब अस्तित्व में नहीं थी। संविधान के अनुच्छेद 3 का उल्लंघन करके जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश में बदलने के मामले में, निर्णय ने इस मुद्दे को टाल दिया और केंद्र सरकार के इस आश्वासन को स्वीकार कर लिया कि भविष्य में किसी दिन जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। इस निर्णय का एकमात्र अर्थ यह लगाया जा सकता है कि यह किसी तरह अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने के लिए कार्यपालिका की मनमानी कार्रवाई का समर्थन करना ही है। यह ध्यान रखना उचित होगा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना भाजपा-आरएसएस के एजेंडे में एक और मुख्य मुद्दा था।

मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ के कार्यकाल के अन्य पहलू भी हैं, जो 'मास्टर ऑफ रोस्टर' कर्तव्यों और कॉलेजियम प्रणाली के कामकाज से संबंधित हैं। यहां भी, एक स्पष्ट पैटर्न है। मामलों का आवंटन, जो नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता से संबंधित है, जैसे कि भीमा कोरेगांव मामले और उत्तर-पूर्वी दिल्ली सांप्रदायिक दंगों में लंबे समय तक जेल में रहने वाले लोग, ऐसे मामलों को एक विशिष्ट पीठ को संदर्भित करने की जानबूझ कर की गई योजना को दर्शाते हैं, जहां संबंधित न्यायाधीश नागरिक स्वतंत्रता और जमानत देने के मामलों पर रूढ़िवादी दृष्टिकोण रखते हैं।

अपने कार्यकाल के अंतिम समय में, चंद्रचूड़ ने यह स्वीकार करके कई लोगों को चौंका दिया कि उन्होंने अयोध्या मामले के समाधान के लिए भगवान से प्रार्थना की थी। यहां निर्णय के लेखक ने स्वीकार किया है कि यह निर्णय संविधान और कानून पर आधारित नहीं था, बल्कि ईश्वरीय हस्तक्षेप पर आधारित था।

मोदी के एक दशक के शासन में उच्च न्यायपालिका और कानूनी बिरादरी के बीच हिंदुत्व की भावना का प्रसार देखा गया है। हाल के दिनों में इसकी झलक खुलकर सामने आई है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने अपनी सेवानिवृत्ति के दिन आरएसएस के साथ अपने आजीवन संबंध और संगठन के प्रति अपने ऋण की घोषणा की। उच्च न्यायालय के एक अन्य न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने लोकसभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले इस्तीफा दे दिया और कुछ ही दिनों में भाजपा के उम्मीदवार बन गए और लोकसभा के लिए चुने गए। उपरोक्त दोनों उदाहरणों से दिमाग में यह स्वाभाविक रूप से कौंधता है कि जब वे न्याय की कुर्सी पर बैठते होंगे तो क्या निर्णय देते समय स्वयं को अपनी व्यक्तिगत आस्था और निष्ठा से मुक्त रख पाते होंगे?

कुछ जजों की अंतर्दृष्टि किस तरह हिंदुत्व से प्रभावित है, यह इस साल जुलाई में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की दो सदस्यीय पीठ द्वारा की गई टिप्पणी में देखा जा सकता है। केंद्र द्वारा आरएसएस पर प्रतिबंध हटाए जाने के बाद, एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी की याचिका का निपटारा करते हुए न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि आरएसएस जैसे 'प्रतिष्ठित संगठनं' को 'गलत तरीके से देश में प्रतिबंधित संगठनों की सूची में डाल दिया गया है'। केंद्र सरकार की इस गलती के कारण, पांच दशकों में 'कई केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों की देश की सेवा करने की आकांक्षाएं इस प्रतिबंध के कारण कम हो गईं'। इसलिए, इन विद्वान न्यायाधीशों के अनुसार, देश की सेवा करने के लिए व्यक्ति को आरएसएस से जुड़ना ही होगा।

कारवां पत्रिका के अक्टूबर 2024 के अंक में प्रकाशित एक लेख के अनुसार आरएसएस का कानूनी मोर्चा उच्च न्यायपालिका में अपना प्रभाव बढ़ा रहा है। वकीलों का संघ अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद आरएसएस के वकीलों का मोर्चा है और इसी संगठन के लोगों से ही महाधिवक्ता और न्यायाधीश जैसे अधिक से अधिक कानूनी अधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है। लेख में बताया गया है कि 33 मौजूदा न्यायाधीशों में से कम से कम नौ ने परिषद के एक या अधिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया है। विचारों और अपनी मान्यताओं के अनुसार वकीलों का किसी संगठन को बनाना या उससे जुड़ना समझने आने वाली बात है पर जब उच्च न्यायालयों के तक के न्यायाधीश संविधान से परे किसी विशेष विचार या निष्ठा से जुड़ते हैं तो उनके निर्णयों पर उसकी छाप स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है, जो ऊपर उल्लेखित मध्यप्रदेश न्यायालय के एक निर्णय की टिप्पणी से स्पष्ट है।

मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की सेवानिवृति के पूर्व स्वीकोरोक्तियां तथा उनके कार्यकाल का आकलन लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिये चेतावनी है कि किस तरह उच्चतम स्तर पर न्यायिक घोषणाओं में संवैधानिक प्रावधानों, विधि और न्याय की स्थापित परंपराओं से हटकर बहुसंख्यकवादी भावनाएं प्रतिबिम्बित हो रही हैं। लोकतंत्र के वर्तमान भारतीय स्वरूप में विश्वास करने वालों को मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ जी को इस बात के लिए धन्यवाद देना चाहिए कि उन्होंने न केवल न्याय की देवी की आंखों पर बंधी पट्टी हटाई है, हमारी आंखों पर पड़ा परदा भी हटाया है और कुल मिलाकर जाते जाते यह स्पष्ट कर दिया है कि मोदी सरकार ने उच्च न्यायपालिका में घुसपैठ करने में आरएसएस की कितनी मदद की है।

## आपके पत्र

### दर्दनाक हादसा अस्पताल की आगजनी

झांसी के महारानी मेडिकल कॉलेज में एन आई सी यू आग लगने से 10 नवजातों की जिंदगी मौत के आगोश में समा गई और 39 नवजातों में से 16 का इलाज जारी है। आगजनी की घटनाओं में विगत समय से अस्पतालों की आगजनी हादसे इतने हो चुके कि समझ से परे लगता है कि इन दर्दनाक दास्तां का खात्मा कब और कैसे हो। जिंदगी शुरू होने से पहले ही असमय मौत के मुंह में समा गया। इन मासूमों का दर्द कितना गहरा जख्म दे गया जो कल्पना से परे है। क्या बीती होंगी उन परिजन और माता-पिता पर जिनके चिराग उनके सामने हमेशा-हमेशा के लिए बुझ गए। लापरवाही की बू आती है कि अस्पताल में सेफ्टी अलार्म बंद था और आग बुझाने के यंत्र एक्सपाइरी मिले, यह है अस्पतालों की व्यवस्था? क्यों नहीं समय रहते इन व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया गया? अस्पतालों में आगजनी की घटनाओं में देखें तो 15 वर्षों में 660 हादसे हो गए। अधिकाश कारण शार्ट सर्किट से हुआ। हालाकि प्रशासन ने सक्रियता से जांच-पड़ताल की कारगर रणनीति तैयार कर मामले की गंभीरता को समझते हुए संज्ञान में ले लिया और जांच पड़ताल से दूध का दूध और पानी का पानी होना है पर विचारणीय प्रश्न हैं कि घटना से पूर्व क्यों नहीं इन परिस्थिति पर गौर किया जाता। आखिर इन दस मासूमों की मौत का जिम्मेदार कौन? कुछ भी हो जांच पड़ताल में दोषी पाए जाने वाले पर कठोर से कठोर सजा का प्रावधान हों, हमेशा-हमेशा के लिए सेवाएं समाप्त हो साथ ही नवजातों के माता -पिता परिजनों के आंसू रोकने के लिए कारगर रणनीति तैयार करनी चाहिए।

**योगेश जोशी, पी. 16 कंवर कॉलोनी बड़वाह**



## ललित सुरजन की कलम से

### मुस्लिम देशों में हिन्दू मंदिर!

*'देश का जो राजनीतिक वातावरण है उसमें स्थितियों का सही ढंग से आकलन करने की ओर जनता का ध्यान जाए। सामान्य तौर पर होता यह है कि अधिकतर समय हम अपने-अपने कामों में मशगूल, अपनी-अपनी चिंताओं में मुब्तिला रहते हैं। देश का राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक वातावरण कैसा है उस पर हमारा ध्यान अक्सर नहीं जाता। भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर सतही चर्चाएं होती हैं। उनमें हम कुछ देर दिलचस्पी लेते हैं और वापिस अपनी खोल में लौट आते हैं। जो सत्ता में बैठे हैं या जो सत्ता में आना चाहते हैं वे कैसे-कैसे प्रपंच रचते हैं इसे हम अपनी बेख्याली में समझ नहीं पाते या फिर भावनाओं में बह जाते हैं। हाल के वर्षों में भारत की जनता जाति, धर्म, भाषा, प्रांत, खानपान इन सबको लेकर कुछ ज्यादा ही संवेदनशील हो गई है। छोटी-छोटी बातों पर हम चिंहुक उठते हैं। यह काम भावनाओं को भड़काने वाली शक्तियां करती हैं। ऐसे में हम अपने मानसिक क्षितिज का विस्तार करने के बजाय संकीर्ण मनोवृत्ति का शिकार हो जाते हैं।*

*प्रधानमंत्री की यात्रा के उपरोक्त सारे प्रसंग बतलाते हैं कि हर चीज काली या सफेद नहीं होती। काले और सफेद के बीच भूरा रंग भी होता है। हिन्दू बनाम गैरहिन्दू, हिन्दू बनाम मुसलमान, हिन्दू बनाम ईसाई, शाकाहारी बनाम मांसाहारी, आदमी बनाम औरत, सवर्ण बनाम दलित-आदिवासी भारत बनाम पश्चिम, यह सोच आत्मघाती हैं। विकास के पथ पर आगे बढ़ने के बजाय पीछे ले जाने वाली सोच है यह। सोशल मीडिया पर गाली-गलौज करने, सड़क पर लोगों को मारने, किसी के घर में घुसकर हत्या करने, इन सब कुकृत्यों में कोई गर्व की बात नहीं है। अपने लिए सुखी जीवन और अपने बच्चों के लिए सुखी भविष्य गढ़ने के लिए सहिष्णुता और समन्वय की आवश्यकता है। स्वयं प्रधानमंत्री को सत्ता में बने रहने के लिए समन्वय करना पड़ रहा है, जैसा कि इस यात्रा से प्रकट हुआ। तो फिर जनता क्यों इनके उकसावे में आए?'*

**(देशबन्धु में 22 फरवरी 2018 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/02/blog-post_22.html

## पावन प्रसंग

### संगीत एक अनुपम वरदान

संगीत एक अनुपम एवं अमूल्य वरदान है। संगीत से पीड़ित हृदय को शांति एवं संतोष मिलता है। मनुष्य की सृजनात्मक एवं रचनात्मक शक्ति का विकास संगीत से होता है। इससे आत्मिक आनंद की नूतन सृष्टि होती है। इसका प्रत्यक्ष प्रभाव हमारी भाव चेतना पर पड़ता है, जिससे रुग्ण तन स्वस्थ होने लगता है और विकारग्रस्त मन प्रसन्नता को प्राप्त करता है।

संगीत की अमूल्य निधि देकर परमात्मा ने हमारी पीड़ा का हरण किया है। हम सभी के जीवन में संगीत किसी न किसी रूप में समाहित है। प्रकृति के विभिन्न जीवों के स्वर में, बहती हुई नदियों के कल-कल में, बहने वाली हवाओं की लहरों में, संगीत की ध्वनि प्रतिबिंबित होती है और इसी कारण संगीत की स्वरलहरियां हमें अंदर तक झकझोरती एवं आनंदित करती हुई अपनी ओर आकर्षित करती हैं।

बहुत से लोग मनोरंजन के लिए संगीत सुनना पसंद करते हैं तो कुछ स्वयं को तनावमुक्त करने के लिए और कुछ लोग अपनी आध्यात्मिक प्रगति के- लिए इसका सहारा लेते हैं। इसके अतिरिक्त संगीत का स्वास्थ्य पर प्रभाव भी बहुचर्चित है। भारतीय-संगीत चिकित्सा का प्रधान वैशिष्ट्य राग है।

स्वरों की एक विशेष अवस्था राग कहलाती है। राग का मूल अर्थ 'रंगना' है अर्थात रंग देने की प्रक्रिया। राग मानव चित्त को अपने रंग में रंग देता हैं, जिससे मानव मन प्रसन्न हो उठता है। स्वस्थ रहने के लिए जिस तरह उचित आहार की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार विहार के लिए संगीत ऋतु और समय के अनुसार विभिन्न रागों को सुनना लाभप्रद है।

स्वर व लय तो विश्व के किसी भी संगीत में मिल सकता है, परंतु राग की अवधारणा भारतीय संगीत की अनूठी विशेषता है। यहां एक ज्यादा चुनौतीपूर्ण वैज्ञानिक सवाल यह है कि क्या संगीत आपकी संज्ञान क्षमता में बदलाव लाता है और मस्तिष्क में परिवर्तन करता है?

प्रश्न उठता है कि क्या संगीत को निष्क्रिय श्रोता के रूप में सुनना पर्याप्त है या सक्रिय होकर संगीत से जुड़ना आवश्यक है? समूह में या अकेले गाकर या कोई वाद्ययंत्र बजाकर संगीत का उपयोग किया जाए? सक्रिय रूप से जुड़ने का तात्पर्य है कि हम अपने मस्तिष्क पर दबाव डाल रहे हैं, उससे अभ्यास करवा रहे हैं। दूसरे शब्दों में संगीत का प्रभाव क्या होगा? गीत को सुनना ठीक है या स्वयं वाद्ययंत्रों को बजाना ठीक है?

एक दशक पूर्व प्रेस और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में मोजार्ट के पूर्व प्रभाव पर काफी चर्चा हुई थी। कुछ शोधकर्ताओं ने दावा किया था कि विद्यालयों में पढ़ने वाले जिन विद्यार्थियों ने महान यूरोपियन शास्त्रीय संगीतकार मोजार्ट को सुनते हुए परीक्षा दी थी, उनका प्रदर्शन अच्छा था। इनके मुकाबले विद्यार्थियों के एक अन्य समूह का प्रदर्शन उसी परीक्षा में उतना अच्छा नहीं रहा था, जिन्हें परीक्षा देते समय मोजार्ट नहीं सुनाया गया था।

इस शोध निष्कर्ष का व्यापक प्रभाव पड़ा और माता-पिता ने अपने बच्चों को वोल्फगांग अमेडियस मोजार्ट का संगीत सुनाना शुरू कर दिया।

**अखंड ज्योति**

# खेल जगत

## सरफराज खान को मौका दिए जाने का गांगुली ने किया समर्थन

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (एजेंसियां) भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने भारतीय टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर की रिकी पोंटिंग, मैथ्यू हेडन, स्टीव वॉ जैसे ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ियों से तुलना करते हुए कहा कि भारत के मुख्य कोच ऐसे ही हैं। इसके साथ ही गांगुली ने ऑस्ट्रेलिया में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सरफराज खान को मौका दिए जाने का भी पुरजोर समर्थन किया है। रेवस्पोर्ट्ज के साथ बातचीत में गांगुली ने कहा, 'मैं बस इतना कहूंगा कि उन्हें वैसे ही रहने दो। मैंने संवाददाता सम्मेलन में उसकी कुछ आलोचना देखी है। वह ऐसे ही हैं, उन्हें उनके जैसे रहने दो। जब उन्होंने आईपीएल में जीत दर्ज की थी, तब भी वह ऐसे ही थे। तब आप उन पर खुश थे।



# भारत, जापान पर सेमीफाइनल में भी जीत के संकल्प के साथ उतरेगा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। कप्तान आक्रामक सेंटर हाफ सलीमा टेटे की अगुआई और चीफ कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में मौजूदा और दो बार की चैंपियन भारतीय टीम राजगीर में बिहार महिला एशियन चैंपियन हॉकी, 2024 राजगीर में दो बार चैंपियन रह चुकी जापान को रविवार को आखिरी पूल मैच में 3-0 से हरा जीत का 'पंजा जड़ने के बाद शीर्ष पर रह अब मंगलवार को उसके खिलाफ सेमीफाइनल में भी जीत के संकल्प से उतरेगी। 'ऑलराउंडर' मात्र 21 बरस की दीपिका सहरावत मलेशिया के खिलाफ पहले मैच को छोड़ भारत के लिए सभी बाकी चार पूल मैचों में कुल दस गोल कर उसे अजेय रह सेमीफाइनल में पहुंचाने में अहम रोल अदा किया। दीपिका ने अपने दस में पांच गोल पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक से, चार मैदानी और एक पेनल्टी स्ट्रोक पर कर दिखाया वह अपने डेढ़ दशक के कामयाब हॉकी करियर के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने वाली रानी रामपाल की तरह भारतीय महिला हॉकी की नई सुपर स्टार है। बेशक हॉकी टीम खेल है लेकिन दीपिका ने स्ट्राइकर, ड्रैग फ्लिकर और पेनल्टी स्ट्रोक पर पुशर के रूप में बेहतरीन खेल दिखाने के साथ भारत के गोल करने के साथ पेनल्टी कार्नर बनाने की कला की बानगी अब तक खूब दिखाई है। दीपिका सहरावत की कामयाबी में दूसरी बार भारतीय महिला हॉकी टीम के चीफ कोच की जिम्मेदारी संभालने वाले चीफ कोच हरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन और भरोसा का बड़ा योगदान है। जापान के लिए सबसे बड़ी चुनौती दीपिका सहरावत और चार गोल कर उसके बाद गोल करने में दूसरे स्थान पर काबिज संगीता कुमारी को रोकने की होगी। चीफ कोच हरेंद्र सिंह ने जापान के खिलाफ सेमीफाइनल से ठीक ही कहा कि बेशक दीपिका ने मौजूदा टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे ज्यादा दस गोल किए लेकिन अच्छी बात यह है कि उनके साथ टीम में संगीता कुमारी, नवनीत कौर और लालरेमसियामी सहित बाकी खिलाड़ी भी कर रही और गोल के लिए टीम किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं है।



■ जापान के लिए दीपिका व संगीता को रोकना सबसे बड़ी चुनौती
■ जापान से भारत को सेमीफाइनल में रोकने की उम्मीद बेमानी

भारत ने पांच मैचों जीत कुल 15 अंक हासिल करने के साथ कुल 26 गोल किए हैं और मात्र दो गोल दक्षिण कोरिया के खिलाफ खा हैं। वहीं जापान की टीम मात्र मलेशिया पर 2-1 से जीत और दक्षिण कोरिया व थाईलैंड से ड्रॉ कर चौथे स्थान पर रहकर अंतिम चार में स्थान बनाया है। जापान ने पांच मैचों में कुल छह गोल किए हैं और नौ गोल खाए। जापान को टूर्नामेंट की सबसे कमजोर टीम थाईलैंड ने पूल मैच में बढ़त ले इसके गंवाने के बाद जिस तरह एक एक से ड्रॉ पर मजबूर किया उससे उसके भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में जीत की उम्मीद करना बेमानी ही लगता है।

भारत की जापान के खिलाफ आखिरी पूल मैच में 3-0 की जीत की सबसे अच्छी बात यह रही कि उसने अपनी प्रतिद्वंद्वी को एक भी पेनल्टी कॉर्नर तक हासिल नहीं करने दिया। यह भारत की जीत की चोट और ऑपरेशन के बाद पूरी तरह फिट सुशीला चानू, उदिता दुहान, वैष्णवी विट्ठल फाल्के और ज्योति और दोनों गोलरक्षक सविता और बिच्छू देवी खरी बम की मुस्तैदी के चलते ही मुमकिन पाया। नए चीफ कोच हरेंद्र सिंह का पहले मध्यपंक्ति मे खेलने वाली सुशीला चानू को अब पीछे रक्षापंक्ति में बतौर स्ट्राइकर खेलने वाली लालरेमसियामी, मनीषा चौहान, और शर्मिला देवी को लिंक वुमैन के रूप में कप्तान सलीमा टेटे व नेहा गोयल, सुनीलता टोपो के साथ मध्यपंक्ति में उतारना उनकी अब तक तुरुप चाल साबित हुआ है। स्ट्राइकर दीपिका सहरावत,

संगीता कुमारी, नवनीत कौर, प्रीति दुबे व ब्यूटी डुंगडुंग के लिए आगे गोल के लिए गेंद बढ़ाने के साथ पेनल्टी कार्नर बनाने में मदद करने के साथ भारत पर हमले के वक्त अपनी बेहतरीन फिटनेस के दम पर रक्षापंक्ति में जिस तरह सुशीला चानू, उदिता दुहान और इशिका चौधरी की पीछे आकर अपने किले की चौकी मे अहम भूमिका है। चीफ कोच हरेन्द्र भले ही यह कहे कि भारतीय टीम को जापान के खिलाफ सेमीफाइनल में चौकस रहने की जरूरत होगी लेकिन वह ऐसा अपनी टीम को किसी भी तरह की ढील से बचने के लिए कह रहे हैं मेजबान टीम फाइनल पहुंचने की पूरी उम्मीद है। भारत को जापान के खिलाफ पूल मैच की जीत को दोहरा कर लगातार दूसरी बार फाइनल में स्थान बनाना है तो उसे यह कोशिश करनी होगी कि वह उसे कोई पेनल्टी कॉर्नर न हासिल करने की। जापान के लिए सबसे ज्यादा दो गोल उसकी ड्रैग फ्लिकर मियू हसी गावान ने पेनल्टी कॉर्नर पर किए हैं जबकि साकी तनाका भी पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने का दम रखती है।

### आज के मैच

तीसरे स्थान का मैच , दक्षिण कोरिया वि. थाईलैंड (दोपहर पौने 12 बजे)
पहला सेमीफाइनल : चीन वि. मलेशिया, दोपहर सवा 2 बजे )।
दूसरा सेमीफाइनल : भारत वि.जापान (पौने पांच बजे)।

### जापान से सेमीफाइनल में हमें चुनौती मिलेगी, पर हम अपने अंदाज में खेलेंगे: हरेन्द्र सिंह



चीफ कोच हरेंद्र सिंह को इस बात की खुशी है कि भारतीय टीम राजगीर में खेली जा रही बिहार महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी 2024, राजगीर में अजेय रह अपने जापान को अपने आखिरी पूल मैच में हराकर शीर्ष पर रह सेमीफाइनल में स्थान बनाने में कामयाब रही है। भारत के चीफ हॉकी कोच हरेंद्र सिंह ने अपनी टीम के जापान के खिलाफ राजगीर में दूसरे सेमीफाइनल की पूर्व संध्या पर कहा, 'हम अपनी प्रतिद्वंद्वी जापान की ताकत और कमजोरी से वाकिफ है उसके खिलाफ सेमीफाइनल में टफ रहेगा। पूल मैच में सेमीफाइनल एक अलग होता है। हमारी लड़कियां इस बात से वाकिफ हैं कि जापान से सेमीफाइनल में हमें चुनौती मिलेगी लेकिन हम अपने अंदाज में खेलेंगे। हमें यह जानने की कोशिश करनी होगी कि हम कहां गोल करने के मौके बना सकते हैं। हमें अपने अंदाज में खेलना होगा। यह सभी नए शैली से खेलने और 2026 के मध्य में अगस्त में विश्व कप और 2028 के लॉस एंजेलिस ओलंपिक और उससे पहले मद्देनजर डी के भीतर अपनी निशानेबाजी बेहतर करने की प्रक्रिया का हिस्सा है। अच्छी बात यह है कि हमारी टीम बढ़िया खेल रही है और हम जापान के खिलाफ सेमीफाइनल में अपनी यही लय बनाए रखेंगे। हमारे लिए महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी अपनी ताकत को आंकने का टूर्नामेंट है। हमारी लड़कियां हमारी योजना के मुताबिक खेल रही हैं और उन्हें कुछ वक्त देने की जरूरत है। हमारी लड़कियों में और बेहतर नतीजा देने की क्षमता है। हमारी लड़कियों ने आक्रामक हॉकी और बेहतरीन रक्षण का नमूना पेश किया। हमारी लड़कियां प्रतिद्वंद्वी की डी में घुस कर हमले बोल रही हैं और उन्होंने वाकई कुछ बेहद खूबसूरत गोल किए हैं। बावजूद इसके हमें अपनी निशानेबाजी और बेहतर करने की है।

# क्या टीम इंडिया लगा पाएगी जीत की हैट्रिक? पर्थ टेस्ट पर निर्भर सीरीज का नतीजा!

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। टीम इंडिया बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी शुरू होने से पहले पर्थ में जमकर पसीना बहा रही है। भारतीय टीम लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया को उसके घर पर हराकर हैट्रिक पूरा करने का सपना देख रही है। लेकिन इस बार कुछ चीजें भारत के पक्ष में नहीं है। न ही इस बार हमारे पास चेतेश्वर पुजारा हैं और न ही अजिंक्य रहाणे, जो पिछले दोनों दौरों पर बल्ले से अहम खिलाड़ी थे। इतना ही नहीं, पहले टेस्ट में कप्तान रोहित शर्मा भी नहीं है, जबकि विराट कोहली का खामोश बल्ला टीम की एक बड़ी परेशानी है।



बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

टीम इंडिया के लिए न सिर्फ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी दांव पर है बल्कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप से भी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। आन-बान और शान की लड़ाई में विश्व की दो दिग्गज टीमें 22 नवम्बर से पर्थ में भिड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कहावत है, 'नींव हो मजबूत तो इमारत होगी बुलंद'। पर्थ टेस्ट इस बहुप्रतीक्षित पांच मैचों की सीरीज के लिए नींव का काम करेगा और यहां जो बाजी मारेगा, काफी हद तक उसका पलड़ा पूरी श्रृंखला में भारी हो सकता है।

दोनों टीमों की फार्म की बात करें तो कहीं न कहीं टीम इंडिया बैकफुट पर नजर आ रही है। खास तौर पर दोनों टीमों के पेस अटैक की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी लाइन-अप ज्यादा मजबूत है। ऑस्ट्रेलिया में जीतने के लिए तेज गेंदबाज सबसे बड़े हथियार साबित होते हैं। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 6 तेज गेंदबाजों को भारतीय स्क्वाड में शामिल किया गया है। लेकिन विरोधी टीम के 3 मुख्य तेज गेंदबाजों (पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड) के सामने ये कमतर नजर आते हैं।

भारतीय टीम में मौजूद गेंदबाज- जसप्रीत बुमराह, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा (डेब्यूटेंट) और नीतीश कुमार रेड्डी (डेब्यूटेंट) हैं।

## जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप हॉकी

# आमिर अली होंगे भारत के कप्तान

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। फुलबैक आमिर अली की अगुआई में मौजूदा चैंपियन भारत की 20 सदस्यीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम एफआईएच जूनियर विश्व कप के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप हॉकी में शिरकत करेंगी। मस्कट में 26 नवम्बर से चार दिसंबर तक होने वाले जूनियर पुरुष हॉकी एशिया में फुलबैक और ड्रैग फ्लिकर रोहित भारत का उप कप्तान नियुक्त किया गया है।

ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में हुलुनबर (चीन) में पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी खिताब जीतने वाली भारतीय टीम में शामिल रहे स्ट्राइकर अरिजीत सिंह हुंडल और गुरजोत सिंह को भी जूनियर हॉकी एशिया कप के लिए चुनी टीम में शामिल किया गया है। भारतीय जूनियर हॉकी रिकॉर्ड चार बार 2004, 2015, 2018, और 2023 में जूनियर पुरुष एशिया कप खिताब जीत चुकी है। भारत ने बीते बरस अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराकर जूनियर एशिया कप हॉकी पुरुष खिताब जीता था।



■ अरिजीत हुंडल व गुरजोत भी भारतीय जूनियर हॉकी टीम में

इस साल जूनियर पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में दस टीमें शिरकत करेंगी जिन्हें पांच पांच टीमों के दो पूल ए: भारत, चीनी ताइपे, जापान, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड तथा पूल बी में बांग्लादेश, मलेशिया, चीन, ओमान और पाकिस्तान की टीमें होंगी।

### जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप के लिए भारतीय टीम :

गोलरक्षक : प्रिंसदीप सिंह, बिक्रम सिंह,
रक्षापंक्ति : आमिर अली (कप्तान), तलेम प्रियब्रत, शारदा नंद तिवारी, योगेम्बर रावत, अनमोल एक्का, रोहित (उपकप्तान)।
मध्यपंक्ति : अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोशन कुजूर, मुकेश टोपो , थोकचम किंगसन सिंह।
अग्रिम पंक्ति : गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह, अरिजीत सिंह हुंडल।
एपी एथलीट : सुखविंदर, चंदन यादव।

# सिनर ने फ्रिट्ज को हराकर जीता एटीपी फाइनल्स

**ट्यूरिन,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। जैनिक सिनर ने अपने शानदार सत्र का समापन वर्ष के आठवें खिताब के साथ किया, जिसमें उन्होंने अपना पहला निट्टो एटीपी फाइनल्स ट्रॉफी जीता। घरेलू पसंदीदा खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 6-4 से हराया और टूर्नामेंट के 55 साल के इतिहास में पहले इतालवी चैंपियन बने।

इसके अलावा, सीधे सेटों में जीत के साथ सिनर 1986 में इवान लेंडल के बाद बिना कोई सेट गंवाए एटीपी फाइनल जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए, जिससे उनके शानदार सत्र का पता चलता है, जिसकी शुरुआत ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जीत के साथ हुई और घरेलू धरती पर उनके पहले खिताब के साथ समाप्त हुई। उन्होंने अक्टूबर में शंघाई मास्टर्स के दौरान एटीपी ईयर-एंड नंबर 1 का खिताब भी हासिल किया था।



सिनर ने कहा, 'मुझे वास्तव में लगता है कि अभी भी सुधार की बाकी है। आप जितना उच्च स्तर पर खेलेंगे, उतनी ही अधिक बारीकियां फर्क पैदा करेंगी। मैं हमेशा एक खिलाड़ी के रूप में सुधार करने की कोशिश करता रहता हूं और यह समझने की कोशिश करता हूं कि मैं क्या बेहतर कर सकता हूं।' एटीपी फाइनल्स ट्रॉफी जीतकर, सिनर को 4,881,500 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली, जो टूर के इतिहास में विजेता को मिलने वाली सबसे बड़ी पुरस्कार राशि है। एटीपी आंकड़ों के अनुसार, इटालियन खिलाड़ी ने इस सत्र के लिए 12,032,935 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश किया, जिससे 2024 में उनकी कुल राशि 16,914,435 अमेरिकी डॉलर हो गई।

वह नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर के साथ एक ही वर्ष में ऑस्ट्रेलियन ओपन, यूएस ओपन और निट्टो एटीपी फाइनल जीतने वाले एकमात्र पुरुष खिलाड़ी बन गए। इस साल सिनर ने ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन में जीत हासिल कर अपने पहले दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते।

# दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए इंग्लिश महिला टी20 टीम में एलिस कैप्सी शामिल

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑलराउंडर एलिस कैप्सी को आगामी दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए इंग्लैंड की महिला टी20 टीम में शामिल किया गया है। इंग्लैंड की टीम 24 नवंबर से 18 दिसंबर तक होने वाले इस दौरे पर तीन टी20 और तीन वनडे मैच खेलेगी। साथ ही, इसके बाद चार दिवसीय टेस्ट मैच भी खेला जाएगा

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा कि 20 वर्षीय एलिस अब टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगी क्योंकि टीम में कुछ मामूली चोट की समस्या है। इसमें बताया गया है कि एलिस, जो मौजूदा महिला बिग बैश लीग में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेल रही हैं, सोमवार को दक्षिण अफ्रीका में इंग्लैंड टीम से जुड़ेंगी। एलिस को इस साल की महिला टी20 विश्व कप में तीन पारियों में खराब फॉर्म के कारण टी20 टीम से बाहर रखा गया था, जहां इंग्लैंड को ग्रुप-स्टेज से बाहर होना पड़ा था। उनकी जगह ऑलराउंडर पैगे स्कोल्फील्ड को टी20 टीम में शामिल किया गया, जिन्होंने आयरलैंड में द्विपक्षीय सीरीज में सीनियर अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था। टीम की घोषणा करते समय मुख्य कोच जॉन लुईस ने उस समय कहा था कि एलिस को टी20 टीम से बाहर रहने के दौरान बल्ले से निरंतरता बनाए रखने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा, 'मैं एलिस के बारे में जो जानता हूं, वह खुद पर भरोसा करने वाली खिलाड़ी हैं। वे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि समय के साथ वह खेल के सभी प्रारूपों में इंग्लैंड के लिए बहुत सारे मैच खेलेगी, लेकिन फिलहाल वह गलत दिशा में आगे बढ़ रही हैं और ईमानदारी से कहूं तो हमें थोड़ा सा बदलाव करने की आवश्यकता है।'



## सार संक्षेप

### आर्सेनल की बढ़ी मुश्किल, नेशंस लीग मैच के दौरान लिएंड्रो ट्रोसार्ड घायल

**बुडापेस्ट।** बेल्जियम के नेशंस लीग मैच में इजरायल के खिलाफ मैच के दौरान लिएंड्रो ट्रोसार्ड को चोट लगने के कारण मैदान से बाहर होना पड़ा। इसके बाद एक बार फिर आर्सेनल के मैनेजर मिकेल आर्टेटा के सामने चयन को लेकर परेशानी खड़ी हो गई है। टीम की आक्रामक लाइनअप में अहम भूमिका निभाने वाले लिएंड्रो ट्रोसार्ड हाल ही में चोटिल खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं, जिसमें पांच अन्य फर्स्ट टीम खिलाड़ियों का नाम पहले ही लिस्ट में है। अब नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ क्लब के आगामी प्रीमियर लीग मुकाबले के लिए उनकी उपलब्धता संदिग्ध लग रही है। इस सीजन में आर्सेनल के 17 मैचों में से 15 में खेलने वाले बेल्जियम के फॉरवर्ड को मैच के अधिकांश समय में थोड़ी तकलीफ में देखा गया, जिसके कारण 37वें मिनट में उन्हें लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर जाना पड़ा। 21 वर्षीय जोहान बाकायोको उनके सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान पर उतारे गए। यह झटका तब लगा जब कुछ दिन पहले ही इटली के खिलाफ बेल्जियम की हार में ट्रोसार्ड ने पूरे 90 मिनट खेले थे।

### भारत के वार्म-अप मैच न खेलने पर वॉन ने उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले वार्म-अप मैच न खेलने के भारत के फैसले पर सवाल उठाए हैं। हालांकि, यह मुद्दा सिर्फ टीम इंडिया से जुड़ा नहीं है। भारत का यह दृष्टिकोण उनके पिछले दो ऑस्ट्रेलिया दौरों से अलग है, जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों के अनुकूल होने के लिए स्थानीय टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धी अभ्यास मैच खेले थे। 2018/19 और 2020/21 के दोनों सीरीज में भारत ने इन मैचों का उपयोग सीरीज की तैयारी के लिए किया और उसके बेहतर नतीजे भी मिले। हालांकि, इस बार भारत का पहला प्रतिस्पर्धी मैच शुक्रवार से पर्थ स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट मैच होगा। वॉन ने सवाल उठाया कि क्या भारत ने ऑस्ट्रेलिया का उसके घर में सामना करने की चुनौती के लिए पर्याप्त तैयारी की है।

### यूएसपीएल सीजन 3 में शुभम रंजने होंगे मैरीलैंड मेवरिक्स के कप्तान

**फ्लोरिडा (यूएसए)।** फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में शुरू हो रहे यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) सीज़न 3 के लिए मैरीलैंड मेवरिक्स ने टीम के कप्तान की घोषणा कर दी है। वह अपना पहला मैच अटलांटा ब्लैककैप्स के खिलाफ 22 नवंबर को खेलेगी। 22 नवंबर से शुरू रहे क्रिकेट के इस महाकुंभ का पहला मैच कैरोलिना ईगल्स और कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स के बीच खेला जाना है, जबकि इसी दिन दूसरा मैच मैरीलैंड मेवरिक्स और अटलांटा ब्लैककैप्स के बीच देखने को मिलेगा। मैरीलैंड मेवरिक्स ने पुणे में जन्मे 30 वर्षीय शुभम रंजने को अपनी टीम की कमान सौंपी है।

# 'तीन दिवसीय सेंटर-विकेट मैच सफल रहा': अभिषेक नायर

**पर्थ,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। 22 नवम्बर से शुरू हो रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट से पूर्व भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर ने कहा कि टीम को वाका ग्राउंड पर खेले गए तीन दिवसीय मैच से वह सब कुछ मिला जो वे चाहते थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम से होगी। इसके बाद सीरीज के अन्य मुकाबले एडिलेड, ब्रिसबेन, मेलबर्न और सिडनी में खेले जाएंगे। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले दो टेस्ट दौरे 2-1 के समान अंतर से अपने नाम किए और इस बार टीम जीत की हैट्रिक के इरादे से मैदान में होगी।

बीसीसीआई ने 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें नायर ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया आने से ठीक पहले, मुख्य कोच गौतम गंभीर, कप्तान रोहित शर्मा ने इस बात पर चर्चा की थी कि हम इन तीन दिनों में क्या चाहते हैं। हमने यह फैसला किया कि युवा और अनुभवी खिलाड़ियों को को समझने के लिए अधिक से अधिक समय देंगे। हम चार साल बाद ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट खेलने आ रहे हैं। इसलिए शुरू में, हमने खिलाड़ियों को बुलाया और इसे ऐसे खेल की तरह बनाया, जहां एक बार आउट होने के बाद आपका खेल खत्म हो जाता है। लेकिन फिर हमने उन्हें दूसरी बार एक और मौका देने की कोशिश की।' उन्होंने आगे कहा कि हमें लगा दूसरी बार खिलाड़ियों ने बेहतरीन तरीके से अनुकूलन किया, उन्होंने परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समझा और वे बहुत अधिक सहज थे। हमें वह मिला जो हम चाहते थे। भारतीय गेंदबाजों की बात करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे भारतीय गेंदबाजों ने मैच में अपनी गेंदबाजी का कार्यभार संभाला। दूसरे दिन भी काफी कुछ ऐसा ही था। नेट पर अभ्यास अच्छा रहा और गेंदबाजों को भी परिस्थितियों को समझने में मदद मिली। गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा कि अभ्यास में गेंदबाजों के प्रदर्शन से वह बहुत खुश हैं।

मोर्ने मोर्केल ने कहा, 'सभी गेंदबाजों ने परिस्थितियों का बहुत अच्छा आकलन किया। हम 22 नवंबर के लिए सही रास्ते पर हैं। अभी तीन और प्रशिक्षण सत्र बाकी हैं। हम और मजबूत योजना बनाने पर फोकस करेंगे और 22 नवंबर को होने वाले मुकाबले के लिए हम प्रत्येक खिलाड़ी से उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कैसे करवाएंगे, इस पर पूरा ध्यान देंगे।'



**'ऑस्ट्रेलिया आने से ठीक पहले, मुख्य कोच गौतम गंभीर, कप्तान रोहित शर्मा ने इस बात पर चर्चा की थी कि हम इन तीन दिनों में क्या चाहते हैं। हमने यह फैसला किया कि युवा और अनुभवी खिलाड़ियों को को समझने के लिए अधिक से अधिक समय देंगे: अभिषेक नायर, सहायक कोच**

### भारत के मुकाबले ऑस्ट्रेलिया फ्रंटफुट पर, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को घर लाने का समय आ गया : नाथन लियोन



पर्थ। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने लगभग दस साल से भारत के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर सफलता का स्वाद नहीं चखा है, लेकिन अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन इस बार अपनी टीम की संभावनाओं को लेकर पॉजिटिव हैं। बेशक ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में लगातार हार मिली है लेकिन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 और भारत के घर पर वनडे विश्व कप 2023 में कंगारूओं ने भारत को हराया है। ऐसे में उनका आत्मविश्वास भारत के मुकाबले अधिक होगा। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 209 रनों से हराकर जून 2023 में द ओवल में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का दूसरा संस्करण जीता था। यह दो साल के चैंपियनशिप चक्र में उनकी पहली जीत होगी। लियोन ने फॉक्स स्पोर्ट्स से कहा, 'भारत ने पिछली कुछ सीरीज में हम पर बढ़त हासिल की है। लेकिन अगर आप इंग्लैंड में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (फाइनल) को देखें, तो हम उन्हें वहां हराने में सक्षम थे। मुझे लगता है कि इससे हमें इस गर्मी में थोड़ा आत्मविश्वास जरूर मिलेगा।' उन्होंने आगे कहा, 'हम एक विश्व स्तरीय टीम के खिलाफ खेल रहे हैं, लेकिन हम ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के रूप में जहां हैं, उससे बहुत आत्मविश्वास प्राप्त कर सकते हैं। मुझे लगता है कि हम एक महान टीम बनने की यात्रा पर हैं। हालांकि, हम अभी वहां नहीं पहुंचे हैं और हमें और मेहनत करनी है, लेकिन हमारे पास इस गर्मी में कुछ खास करने का अवसर है।'

## सार समाचार

### कांग्रेस आज देगी धरना, शामिल होगें कांग्रेस जिलाध्यक्ष

**सिरोंज, देशबन्धु।** किसानों को खाद, बीज, बिजली न मिलने एवं अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने के विरोध में कांग्रेस द्वारा बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा के पास पुराना बस स्टैंड पर 2 बजे से 4 बजे तक धरना दिया जाएगा जिसमें जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी भी उपस्थित रहेंगे। नगर कांग्रेस अध्यक्ष ईरशाद गौरी ने बताया कि धरना प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

### पुलिस ने दवा दुकानों का किया निरीक्षण

सिरोंज, देशबन्धु। रविवार को पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में चलाए गए अभियान के अंतर्गत थानांतर्गत क्षेत्र की पुराना बस स्टैंड स्थित मेडिकल स्टोर्स को चैक किया गया। उप निरीक्षक एवं प्रधान आरक्षक अमित मिश्रा सहित पुलिस बल द्वारा सामूहिक रूप से मेडिकल स्टोर्स में उपलब्ध नारकोटिक्स संबंधी एवं प्रतिबंधित दवाइयों को चैक किया गया। इसके साथ ही मेडिकल स्टोर में उपलब्ध स्टॉक को भी चैक कर मेडिकल स्टोर संचालकों को हिदायत दी गई कि व डॉक्टर की सलाह के बिना किसी भी व्यक्ति या अन्य किसी नाबालिग को दवाईयां न दें।

### कायस्थ समाज समिति ने किया विधायक का सम्मान



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** सोमवार को कायस्थ समाज विकास कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी का निवास पर पहुंचकर सम्मान किया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष महेशनारायण श्रीवास्तव ने बताया कि विधायक निधि से ग्राम बेहलोट स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर के समीप निर्माणाधीन कायस्थ धर्मशाला सामुदायिक भवन के लिए पांच लाख का अनुदान दिए जाने एवं विदिशा कलेक्टर को अनुदान राशि का स्वीकृति पत्र लिखे जाने पर सम्मान किया है। इस मौके पर समिति के कोषाध्यक्ष कैलाश नारायण श्रीवास्तव, सचिव शिवनारायण सक्सेना, मीडिया प्रभारी नितीश श्रीवास्तव, डॉ. महेश श्रीवास्तव, राजेंद्र श्रीवास्तव, रामबाबू श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पूलिस ने छात्र-छात्राओं को दी साइबर संबंधी जानकारी

**विदिशा, देशबन्धु।** डीएसपी मासूम पटले, निरीक्षक उर्मिला यादव, सहायक उप निरीक्षक संजय नामदेव, महिला आरक्षक सुनीता कटियार द्वारा शासकीय हाईस्कूल सोनपुर विद्यालय, पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर बालक और बालिकाओं को साइबर संबंधी जानकारी देते हुए मोबाइल का दुरुपयोग न करने, साइबर फ्रॉड के वर्तमान में उपयोग में ले जाने वाले तरीके, पासवर्ड ओटीपी किसी भी अंजान व्यक्ति को न बताने, मोबाइल फोन पर आने वाली लिंक को न खोलने के संबंध में समझाईश दी गई।

# कृषि उपज मंडी में बढ़ने लगी आवक, एक ही दिन में पहुंचे 15 सौ ट्रैक्टर-ट्रॉली

**बड़ी तादाद में धान और सोयाबीन लेकर पहुंच रहे किसान**



**विदिशा, देशबन्धु।** सोमवार को कृषि उपज मंडी मिर्जापुर में बड़ी संख्या में किसान अपनी फसल बेचने के लिए आए। इस दौरान मंडी प्रांगण ट्रैक्टर-ट्रालियों से भरा हुआ नजर आया। किसानों का कहना था कि धान की आवक अधिक होने के कारण उन्हें एक-दो दिन का इंतजार करना पड़ रहा है। तब कहीं जाकर किसानों की तुलाई हो पा रही है। किसानों ने बताया कि एक दिन पहले वह अपनी फसल लेकर मंडी आ जाते हैं, क्योंकि भीड़ अधिक होने के कारण नंबर नहीं लग पाता है इसलिए किसानों को एक दिन पहले आकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि धान फसल की अच्छी पैदावार होने के कारण मंडी में बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों में धान भरकर ला रहे हैं, लेकिन धान के दाम कम होने के कारण किसानों में मायूसी है। किसानों का कहना था कि पिछले दो वर्ष में धान के रेट 5 से 6 हजार रुपए तक पहुंच गए थे, लेकिन वर्तमान में धान का दाम बहुत ही कम चल रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में धान मंडी में व्यापारियों द्वारा 2500 क्विंटल से लेकर 3500 क्विंटल तक खरीदी जा रही है। जबकि पिछले वर्षों की तुलना में आधे रेट मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को इस और ध्यान देकर धान के दाम बढ़ाने चाहिए, क्योंकि धन की पैदावार करने में किसानों की लागत पहले की अपेक्षा दोगुनी हो गई है, लेकिन धान के दाम कम होते जा रहे हैं। ऐसे में किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। मंडी में अधिक आवक होने के कारण किसानों को रात में भी मंडी परिसर में फसल बेचने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। जगह न होने के कारण किसानों को बाहर ट्रैक्टर-ट्राली खड़ेकर कर प्रांगण खाली होने का इंतजार करना पड़ता है। वहीं अनाज तिलहन संघ अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने बताया कि सोमवार को करीब 1500 ट्रैक्टर-ट्राली धान और सोयाबीन के मंडी में आए थे। इस दौरान व्यापारियों द्वारा करीब 23000 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। वर्तमान में धान के दाम 2500 रूपए प्रति क्विंटल से लेकर 3500 रूपए प्रति क्विंटल तक खरीदी जा रही है। उन्होंने बताया कि सोयाबीन के दाम मंडी में 4000 से लेकर 4500 रुपए तक खरीदी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सोमवार से ही मंडी में आवक बढ़ी है, आगे और बड़ी संख्या में किसानों के फसल को बेचने के आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में धान के दाम अच्छे चल रहे हैं, पिछले वर्षों की तुलना में दाम कम है आगे दाम बढ़ने की उम्मीद भी कम नजर आ रही है, क्योंकि कई व्यापारियों के पास पिछले वर्ष की धान भी रखी हुई है जो उनके द्वारा 4 हजार से 4500 रुपए तक खरीदी गई थी।

# नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 170 मरीजों के आंखों की जांच



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वाधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा हितकारिणी धर्मशाला में 18 सोमवार को नेत्र शिविर का नि:शुल्क कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हरिप्रसाद, डॉ. प्रमिला अहिरवार, विदिशा सेंटर प्रतिनिधि रविंद्र रघुवंशी एवं रिसेप्शनिस्ट नीतू श्रीवास्तव के द्वारा 170 मरीजों की ओपीडी की गई। जिसमें से 91 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया एवं 70 नेत्र रोगियों को जांच पश्चात नि:शुल्क दवाइयां दी गई तथा रोगियों को चश्मा बनवाने के लिए परामर्श दिया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष कांतिभाई शाह, समिति के सचिव सुरेश तनवानी, सहसचिव विनीत अरोरा, सत्यपाल तनवानी दयाशंकर जायसवाल, महेंद्र सिंह ठाकुर, हरिसिंह ठाकुर, छोटे दादा भावसार, रामगोपाल गुप्ता, रेलवे विभाग से हेमंत राय, प्रकाश माहेश्वरी, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, शोभाराम शर्मा, नेतराम मिश्रा, मैनेजर रामबाबू दुबे, देवीलाल कुशवाह, प्रेमनारायण आदि मौजूद रहे।

# सिरोंज जिला बनाने की मांग को लेकर छात्र संगठन ने सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज, देशबन्धु।** सिरोंज जिला बनाने की मांग को लेकर सिरोंज जिला बनाओं छात्र संगठन ने सोमवार दोपहर तहसील पहुंचकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल को सौंपा। ज्ञापन का वाचन छात्रा रोशनी सेन ने किया और बताया गया कि सिरोंज जिले की आबादी व भौगोलिक रूप से सिरोंज जिला बनने की योग्यता पूरी रखता है और टोंक रियासत में सिरोंज पूर्व में जिला रहा था। जिला बनाने के लिए क्षेत्र के लोग 1983 से निरंतर आंदोलन कर रहे है और वर्ष 2013 में सिरोंज आगर के साथ जिला बन रहा था मगर मप्र सरकार ने आगर को जिला बना दिया पर सिरोंज को जिला नहीं बनाया गया। ज्ञापन में मांग कि सिरोंज को कुरवाई, लटेरी और पथरिया व आनंदपुर को उप तहसील से तहसील बनाकर सिरोंज को जिला बनाया जाए अन्यथा सिरोंज के लोग आंदोलन के लिए बाध्य होगें। इस दौरान वर्षा पंथी, मलखान सिंह, विष्णु शर्मा, बलराम, सपना साहू, अनुज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### इलेक्ट्रीकल एसोसिएशन संघ की हुई बैठक

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** इलेक्ट्रीकल एसोसिएशन संघ की एक बैठक पचमा रोड स्थित आरके इलेक्ट्रीकल के फार्म हाउस आयोजित की गई। बैठक में संघ वरिष्ठ सदस्य किशोर उद्यानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें इलेक्ट्रीकल संघ के सदस्यों की उपस्थिति में विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान आगामी समय में व्यापार महासंघ के चुनाव होना है। जिसको लेकर सभी सदस्यों ने चर्चा की। साथ ही व्यापार महासंघ को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के नाम सर्वसहमति से भेजे गए है। जिसमें से मयंक अग्रवाल, देवराज राजपूत, मुकेश अरोरा, सचिन जैन, योगेश निगम, अमित श्रीवास्तव के नाम निर्धारित किए गए एवं इलेक्ट्रीकल एसोसिएशन से जुड़े अहम मुद्दों पर भी निर्णय लिया गया। बैठक में इलेक्ट्रीकल संघ के बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे। उक्त जानकारी सलिल जैन लकी ने प्रेस विज्ञप्ति में दी।

# किसान संघ पदाधिकारियों ने की यूरिया और अन्य खाद की मांग

**मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा**




**विदिशा, देशबन्धु।** सोमवार को भारतीय किसान संघ के प्रदेश आव्हान पर जिला इकाई द्वारा मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि जिले में यूरिया और खाद की कमी के चलते किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही सोयाबीन की खरीदी मंडियों में कम दामों में की जा रही है। जिन जगहों पर सोयाबीन की सोसाइटी में खरीदी की जा रही है उन किसानों को भी 4892 प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदा जा रहा है। जबकि सरकार द्वारा कहा गया था कि 1108 रुपए किसानों को प्रति क्विंटल के हिसाब से बोनस दिया जाएगा। इसकी घोषणा अब तक सरकार द्वारा नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि डीएपी खाद और यूरिया की पर्याप्त मात्रा में सोसाइटियों पर व्यवस्था न होने के कारण किसानों को घंटे इंतजार करना पड़ता है। इसके बाद भी किसानों को कम मात्रा में यूरिया और खाद दिया जा रहा है। जबकि वर्तमान में किसान अपनी खेतों में फसल बोने की तैयारी में लगा हुआ है। ऐसे में खाद और यूरिया की कमी किसानों के लिए विकराल समस्या बनी हुई है।

बताया गया कि प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन द्वारा पर्याप्त मात्रा में खाद एवं यूरिया होने की बात कही जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर हकीकत कुछ और ही है। आरोप लगाया कि अगर जब यूरिया और खाद पर्याप्त मात्रा में है तो किसानों को क्यों नहीं मिल पा रहा है। किसान खाद और यूरिया के लिए इंतजार क्यों कर रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा है कि जल्द से जल्द किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद और यूरिया उपलब्ध कराया जाए। जिससे कि वह अपनी आगे की फसल की बोवनी कर सकें। ज्ञापन के माध्यम से किसानों का कहना था कि जिले में नकली खाद और यूरिया धड़ल्ले से बिक रहा है, इस पर प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# मीडियाकर्मियों ने बासौदा को जिला बनाने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** गंजबासौदा को जिला बनाने का मुद्दा अब गरमा रहा है। जहां पत्रकारों की पहल पर जिला बनाने के लिए शहर के सभी संगठन आगे आने लगे हैं। सोमवार को स्थानीय मीडियाकर्मियों ने मुख्यमंत्री और परिसीमन आयुक्त के नाम गंजबासौदा को जिला बनाने के लिए अतिरिक्त तहसीलदार सविता पटेल को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन से पूर्व सभी पत्रकार स्थानीय विश्राम गृह में एकत्रित हुए और एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला बनाओ अभियान पर चर्चा करते हुए पत्रकारों को अलग-अलग कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई। ज्ञापन में बताया कि जिला बनाने के लिए प्रतिदिन मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड के जरिए पत्र लिखकर भेजें जाएंगे। इसके बाद रैली के रूप में तहसील परिसर पहुंचे, जहां पर एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि बासौदा को जिला बनने के लिए अपनी पूर्ण मापदंड रखता है। जिसमें ए-ग्रेड की कृषि उपज मंडी है। कई शैक्षणिक संस्थाएं है। साथ ही यहां पर कई बड़ी ट्रेन रूकती और एक बड़ा स्टेशन के रूप में हब है और जनसंख्या की स्थिति और भौगोलिक स्थिति में बेहतर है। वहीं विदिशा जिला के समक्ष है। गंजबासौदा को जिला बनाना अति आवश्यक है। ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी भी दी गई है कि अगर गंजबासौदा को जिला बनने पर कोई विचार नहीं किया गया तो पत्रकार संगठन सहित व्यापारी और कई अनेकों संगठन चरणबद्ध आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान वरिष्ठ पत्रकार गोविंद नायक, कैलाश सक्सेना, सत्यनारायण शर्मा, सौदान सिंह यादव, देवेन्द्र रघुवंशी, यशपाल यादव, ओमप्रकाश चौरसिया, कमलेश शर्मा, पुरूषोत्तम दंडोतिया, नीतेश नायक, आशीष रघुवंशी, अनुज श्रीवास्तव, राजा छारी, नरेश मीणा, मुकेश चतुर्वेदी, एलएन चौबे, सुरेन्द्र दांगी, शैलेन्द्र सक्सेना, दीपेश जैन, सुरेन्द्र रघुवंशी, रवि चौरसिया, रानू जैन, अभिनय श्रीवास्तव, मनोज दुबे, सुरेन्द्र पतौर, राजा मेहता, नीलेश नामदेव, बृजेश राठौर, योगेश अग्रवाल, नीरज निगम, चन्द्रमोहन सैनी सहित बड़ी संख्या में पत्रकारगण मौजूद रहे।

# सिद्धि और कार्तिक का राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन




**गंजबासौदा, देशबन्धु।** सागर संभाग के टीकमगढ़ जिले में 19 से 22 नवंबर तक आयोजित होने वाली 68 वीं राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल खेल प्रतियोगिता में सैण्ट एसआरएस स्कूल की छात्रा सिद्धि शर्मा व छात्र कार्तिक सेन का चयन सीनियर वर्ग के लिए हुआ है। जिला खेल अधिकारी संतोष चतुर्वेदी, संस्था के खेल अधिकारी कपिल गौड़ एवं कोच गजेन्द्र सिंह दांगी ने बताया कि संस्था के दोनों खिलाड़ी महामना एक्सप्रेस से टीकमगढ़ के लिए रवाना होंगे। जिला खेल अधिकारी ने बताया की इस बार जिले के खिलाड़ियों द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन किया जा रहा है। सोमवार को संस्था में दोनों खिलाड़ियों का अभिनंदन कर रवाना किया। प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, उप प्राचार्य रजनी गुप्ता, गोविंद कुशवाह, डाली तिवारी, अनुज गुप्ता, सुपार्श जैन, दीपेश मीणा, प्रियंका अग्रवाल सहित शिक्षक परिवार ने शुभकामनाएं दी।

# जिला अस्पताल में कलेक्टर ने मरीजों के लिए लगवाया वाटर कूलर




**विदिशा, देशबन्धु।** पिछले कई दिनों से जिला अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा था। इस समस्या को कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के संज्ञान में लाया गया। जिस पर उन्होंने संज्ञान लेते हुए अस्पताल प्रबंधन को जिला अस्पताल के दो नंबर गेट पर वाटर कूलर लगाने के निर्देश दिए गए। जिस पर तुरंत ही अस्पताल प्रबंधन द्वारा व्यवस्था कर पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन ओपीडी में जांच करने के लिए सैकड़ों मरीजों का आना-जाना रहता है। ऐसे में अस्पताल ओपीडी के पास पीने के पानी की व्यवस्था न होने के कारण लोगों को काफी परेशान होना पड़ता। इस समस्या को देखते हुए कलेक्टर रोशन सिंह ने जिला अस्पताल प्रबंधन से चर्चा की और तुरंत ही पीने के पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। जिस पर सोमवार को अस्पताल प्रबंधन द्वारा अस्पताल के दूसरे गेट पर वाटर कूलर लगाया गया। जिससे ओपीडी में आने वाले मरीज और उनके परिजनों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। कलेक्टर द्वारा एक अच्छी पहल की गई है। इससे अस्पताल की ओपीडी में आने वाले मरीज और परिजनों को पीने का पानी साफ मिल सकेगा। वहीं अस्पताल में मौजूद मरीज के परिजनों का कहना था कि पिछले कई दिनों से पीने के पानी के लिए लोगों को बाहर होटल पर जाना पड़ता था, लेकिन अब कलेक्टर द्वारा अस्पताल के गेट पर वाटर कूलर लगवाया गया है। जिससे हम लोगों को पीने का साफ पानी मिलने लगा है। इस समस्या को दूर करने के लिए लोगों ने कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि पानी की समस्या अब दूर हो गई है।

# कॉलेज स्टाफ को फूल देकर समय पर आने का किया आग्रह

**कॉलेज बंद होने से छात्राएं बाहर खड़ी रहने की जानकारी मिलने पर विद्यार्थी परिषद ने जताया विरोध**



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** सोमवार को शासकीय सुभद्रा शर्मा महाविद्यालय में छात्राएं कॉलेज पहुंची, लेकिन समय पर महाविद्यालय नहीं खुला और बाहर ही छात्राओं को प्रोफेसर एवं स्टाफ का इंतजार करना पड़ा। जैसे ही कॉलेज बंद होने की जानकारी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को लगी तो उन्होंने वहां पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। इसके बाद एक-एक कर प्रोफेसर एवं स्टाफ आना शुरू हुआ और उन्होंने स्टाफ का फूल देकर समय पर आने का आग्रह किया। जिला संयोजक शुभम सिंह ठाकुर ने बताया कि छात्रों से लगातार यह शिकायत मिल रही थी कि महाविद्यालय के कई प्रोफेसर और स्टाफ सदस्य समय पर नहीं आते हैं, जिससे छात्रों की पढ़ाई बाधित व अन्य कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जब विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता महाविद्यालय पहुंचे और पूरी हकीकत को जाना तो पता चला कि छात्राओं के द्वारा जो शिकायत की जा रही थी वह सही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि महाविद्यालीन स्टाफ पर समय पर कॉलेज पहुंचने के कड़े निर्देश दिए जाए। जिससे कि छात्राएं समय पर परिसर के अंदर हो जाए और अपनी पढ़ाई कर सकें।

विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने विलंब से आ रहे स्टाफ और प्रोफेसरों को फूल भेंटकर समय पर आने का विनम्र अनुरोध किया। साथ ही प्राचार्य सहित सभी संबंधित विभागों को सूचित किया गया कि यदि भविष्य में समय की पाबंदी नहीं रखी गई तो विद्यार्थी परिषद आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान नगर सहमंत्री इशिता जैन ने बताया कि जिन विभागों के कक्ष बंद थे या जिन प्रोफेसरों ने समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई, उनके वीडियो और फोटो सबूत विद्यार्थी परिषद के पास सुरक्षित हैं। विद्यार्थी परिषद ने स्पष्ट किया कि छात्र हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और समय पर शिक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन को पूरी ईमानदारी से निभानी होगी।

### इनका कहना है

सुभद्रा शर्मा महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं स्टाफ की शिकायत मिली है कि वह समय पर कॉलेज नहीं पहुंचते है। इसकी जानकारी लेकर मैं इसको आज ही दिखवाता हूं।

**संदीप जायसवाल**
**तहसीलदार, गंजबासौदा**

छात्राओं के द्वारा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को लगातार शिकायत की जा रही थी कि महाविद्यालीन स्टाफ समय पर कॉलेज नहीं आता है। जिससे छात्राओं को बाहर खड़ा रहना पड़ता है। यदि समय पर पाबंदी नही रखी गई तो निश्चित ही विद्यार्थी परिषद आंदोलन करने को मजबूर होगा।

**शुभम सिंह ठाकुर, जिला संयोजक**
**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद**

# ताप्ती तीरे

## सार-समाचार

### यूथ सुपर लीग फुटबॉल चैंपियनशिप में सुपर 8 टीम के बीच चल रहा है घमासान



**आमला, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के रेफरी और आमला वायु सेना में पदस्थ फुटबॉल रेफरी आमिर सिद्दीकी जी द्वारा बताया गया कि बालाघाट मध्यप्रदेश में चल रही यूथ सुपर लीग फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 मैं चुनकर आई सुपर 8 टीमों के बीच लीग मुकाबला जारी है, जिसमें दिन रविवार को 3 मुकाबले खेले गये द्य पहला मैच कासा बड़वानी और एफसी बड़वानी के बीच हुआ , जिसमें एफसी बड़वानी ने कासा बड़वानी को 1-0 से हराया, दूसरा मुकाबला मंडला और इंदौर के बीच 1-1 से मैच ड्रा रहा, तीसरा मुक़ाबला बालाघाट और सागर के मध्य खेला गया । जिसमें बालाघाट ने सागर को 4-0 से शिकस्त दी द्य गौरतलब है कि इस प्रतिष्ठित लीग में मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के रेफरी और आमला वायु सेना में पदस्थ आमिर सिद्दीकी जी रेफरी के रूप में अहम भूमिका निभा रहे हैं, मैचो में आमिर सिद्दीकी जी के साथ रेफरी शाहरुख खान, मुकेश तेलासी, आर्यन, ने अहम भूमिका निभायी।

### गीता लीडरशिप कांटेस्ट 26 से, विजेताओं को मिलेगा 1 लाख का पुरस्कार और उज्जैन दर्शन

- ऑनलाइन परीक्षा से होगा चयन
- राज्य स्तर पर होगा फाइनल मुकाबला

**बैतूल, देशबन्धु।** स्कूल शिक्षा विभाग और विक्रमादित्य शोध पीठ (संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश) के सहयोग से 10 दिसंबर को उज्जैन में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत राज्य स्तरीय गीता लीडरशिप कांटेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 26 से 29 नवंबर तक कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित होगी। जिला स्तरीय नोडल प्रभारी महेश गुंजेले ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास करना, चरित्र निर्माण को प्रेरित करना और व्यसनों के खतरों के प्रति जागरूकता फैलाना है।

गीता लीडरशिप कांटेस्ट की प्रारंभिक परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की जाएगी। इसमें जिले के हर कक्षा से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले चार छात्र उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित होंगे। राज्य स्तर पर कुल 220 छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। उज्जैन में 10 दिसंबर को आयोजित फाइनल मुकाबले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 1 लाख रुपये, द्वितीय स्थान पर आने वाले को 51 हजार रुपये और तृतीय स्थान पर आने वाले को 31 हजार रुपये का पुरस्कार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही विजेताओं को उज्जैन के धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का दर्शन भी कराया जाएगा।

महेश गुंजेले ने बताया कि यह प्रतियोगिता नैतिक मूल्यों जैसे सत्यनिष्ठा, सहानुभूति, सम्मान और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के साथ विद्यार्थियों को व्यसनों के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के लिए डिजाइन की गई है। इस पहल का उद्देश्य जिम्मेदार और जागरूक नागरिकों का निर्माण करना है। छात्र-छात्राओं के लिए अध्ययन सामग्री हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रतियोगिता के लिए सभी स्कूल प्राचार्यों को आवश्यक निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी कर दिए गए हैं।

# विद्यार्थियों ने तकनीकी के विविध पहलुओं को रोचक ढंग से किया प्रदर्शित

## विकास खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**चिचोली, देशबन्धु।** विकास खण्ड स्त्रोत जनपद शिक्षा केंद्र तत्वाधान में सीएम राईज माध्यमिक स्कूल नसीराबाद स्कूल परिसर में ब्लाक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विकासखंड के विद्यार्थियों ने अपने-अपने 51 मॉडल प्रस्तुत किए गए विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ जनपद उपाध्यक्ष सुनिता दीपक बारस्कर, ग्राम नसीराबाद सरपंच सुनिता सुजीत उईके, वरिष्ठ भाजपा नेता रितेश मालवीय, मंडल महामंत्री अमन पटेल, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दीपक महाले ने किया।

विज्ञान प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद उपाध्यक्ष सुनीता बास्कर ने कहा बच्चे विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से अपने नए विचार प्रदर्शनी के द्वारा विज्ञान ,पर्यावरण संरक्षण, गणित, भूगोल, ऊर्जा, वेस्ट मटेरियल का उपयोग कर आने वाली पीढ़ी के लिए नया मार्ग प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता रितेश मालवीय मंडल महामंत्री अमन पटेल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दीपक महाले ने बताया कि विद्यार्थी में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए ब्लाक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। इसमें शासकीय स्कूलों के छठवीं से लेकर 12वीं क्लास तक के छात्रों ने संसाधन ,कचरा प्रबंधन प्राकृतिक खेती, परिवहन संचार, खाद्य, स्वास्थ्य, स्वच्छता ,ज्वालामुखी, ग्रीन हाउस , पवन चक्की और गणित, भूगोल एवं अन्य विषयों पर विद्यार्थियों ने 51 विज्ञान मॉडल तकनीकी के विविध पहलुओं को रोचक ढंग से प्रदर्शित किया। निर्णायक कमेटी में शामिल रमेश किंकर, राजकुमार पवार, विनिता सहरिया, खुशबू राठौर द्वारा सभी विषयों पर विद्यार्थियों द्वारा निर्मित मॉडल का बारीकी से अवलोकन कर प्रथम, द्वितीय पुरस्कार निकाले गए। विकास खंड स्तर पर प्रथम, द्वितीय आने वाले विद्यार्थि का जिला स्तर पर आयोजित होने वाले प्रदर्शनी में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में अरुणा साहू, प्रवीण नरवरे ,मोना धारोडे, अरविंद तायवाडे, अनिल गोस्वामी, सुखचंद धुर्वे, दीपिका माथनकर, सुभाष बाघवे आदि शामिल रहे।

# दैनिक वेतन भोगियों के नियमितीकरण की मांग, अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### नियमितीकरण का प्रस्ताव पारित होने के बावजूद नहीं हो रही कार्यवाही





**बैतूल, देशबन्धु।** नगरपालिका परिषद बैतूल में 17-18 वर्षों से सेवा दे रहे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने अपने नियमितीकरण की मांग को लेकर सोमवार को अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से सेवा देने के बावजूद उन्हें अब तक नियमित नहीं किया गया है। दिनांक 27 फरवरी 2024 को पीआईसी की बैठक में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

ज्ञापन में बताया गया कि 27 फरवरी 2024 को हुई पीआईसी बैठक में विषय क्रमांक 27 और संकल्प क्रमांक 532 के तहत दैनिक वेतन भोगियों के विनियमितीकरण और नियमितीकरण का प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके तहत 16 मई 2007 से 1 सितंबर 2016 तक कार्यरत 219 कर्मचारियों का विवरण तैयार कर शासन को भेजा गया था। लेकिन अब तक शासन से इस पर कोई दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। निकाय ने अक्टूबर 2023 में शासन के निर्देशानुसार गूगल शीट के माध्यम से जानकारी भेजी थी। लेकिन दिशा-निर्देश न मिलने से कर्मचारियों का भविष्य अंधकारमय बना हुआ है। प्रस्ताव में निकाय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि रिक्त पदों पर कर्मचारियों का नियमितीकरण अथवा स्थाईकर्मी योजना में विनियमितीकरण किया जाए। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने कहा कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उनके भविष्य को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष अमित सक्सेना, सुशील रागड़े, प्रमोद कुमार ढैकले, राजाराम यादव और रोहित वंजारे, हंसराज पवार, संतोष शिंदे, दीपक यादव, रामशंकर गाडगे, धीरज पवार, पिंटू बोडखे, राकेश एनिया, मधु चौकीकर, राहुल चौरसिया, नवीन नामदेव, फहीम शांह, कमलेश बघेल, शैलेंद्र पांसे, शैलेंद्र साहू, जगदीश साहू, राजेश छिपने, शिव शंकर प्रजापति, अनिल पाल सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे। कर्मचारियों ने कलेक्टर से अपील की है कि उनकी वर्षों की सेवाओं को ध्यान में रखते हुए उनके नियमितीकरण की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि यदि मांगें पूरी नहीं होतीं तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस विशेष

# पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य पर समाज की चुप्पी कब टूटेगी?

डॉ. संदीप गोहे
साइक्लोजिस्ट और संस्थापक, एसआईएफ बैतूल

आज अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस है। पुरुष दिवस क्यों मनाया जाता है, इसकी आवश्यकता क्यों है आज हम इस पहलु पर पाठकों को बताएंगे। कहीं ना कहीं सभी वर्गों को अपने-अपने हक अधिकार दिए गए हैं, लेकिन इसी बीच कुछ मामलों में पुरुष इन हक अधिकारों से अछूता है। पुरुषों के साथ किए गए दोयम व्यवहार के कारण वे मानसिक प्रताड़ना का शिकार हो रहे है। सेव इंडियन फैमिली एसआईएफ संस्था इन गंभीर मुद्दों को लेकर काम कर रही है। हर साल 19 नवंबर को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस उन पुरुषों के योगदान को सम्मान देने का अवसर है जो समाज, परिवार और कार्यक्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं।

समाज ने पुरुषों को हमेशा से ही भावनात्मक रूप से मजबूत और कठिनाइयों को सहने वाला माना है। उन्हें सिखाया गया है कि वे अपनी भावनाओं को व्यक्त न करें। लेकिन यह धारणा पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो रही है। आत्महत्या के आंकड़े बताते हैं कि 70 प्रतिशत से अधिक मामले पुरुषों से जुड़े होते हैं। कार्यस्थल का दबाव, पारिवारिक जिम्मेदारियां और सामाजिक अपेक्षाएं उन्हें मानसिक तनाव की ओर धकेलती हैं।

महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए कानून कभी-कभी पुरुषों के साथ अन्याय कर बैठते हैं। झूठे आरोपों में फंसे पुरुषों को न्याय मिलना मुश्किल हो जाता है। घरेलू हिंसा और तलाक जैसे मामलों में उनकी तकलीफों को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है। समाज को यह समझने की जरूरत है कि पुरुष भी संवेदनशील होते हैं और उन्हें भी समान सहानुभूति और सम्मान की आवश्यकता है। पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। समाज को हर व्यक्ति की समस्या को समान दृष्टि से देखने की जरूरत है। एसआईएफ बैतूल एक संगठन के रूप में, पुरुषों के मानसिक और कानूनी समर्थन के लिए कार्यरत है। उनकी हेल्पलाइन (8882498498) पुरुषों को हर तरह की सहायता प्रदान कर रही है। संगठन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पुरुष अपनी समस्याओं को लेकर अकेला महसूस न करे। अब पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य और उनके अधिकारों पर खुलकर बात करने का समय आ गया है।

# अग्रसेन योग केंद्र में हुआ योग क्रियाओं का प्रदर्शन

- प्राकृतिक चिकित्सा से स्वस्थ जीवन की दी जानकारी



**बैतूल, देशबन्धु।** प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर विनोबा नगर स्थित अग्रसेन योग केंद्र में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथियों ने प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व और इसके लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. कैलाश वर्मा, उत्तम प्रसाद खंडेलवाल, प्रकाश साहू, डॉ. रीना पाटिल, सुनील द्विवेदी, सुनील कुबड़े, गोरेलाल मालवीय, डॉ. जितेंद्र साहू, डॉ. ओपी राठौर और योग गुरु रोशनलाल मोखड़े उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. ओ. पी. राठौर ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रकृति से जुड़ने और प्राकृतिक चिकित्सा अपनाने की सलाह दी। उत्तम प्रसाद खंडेलवाल ने दैनिक जीवन में प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व को समझाया। डॉ. कैलाश वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग केंद्रों में भीड़ बढ़नी चाहिए ताकि लोग स्वस्थ जीवन जी सकें और दवाओं से मुक्त हो सकें। डॉ. जितेंद्र साहू ने भोजन में अपक्व आहार और जीवन में उपवास के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में योग गुरु रोशनलाल मोखड़े ने जलनेति, कटि स्नान, पैर स्नान, कुंजल और गरारा जैसी योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही सूर्य नमस्कार और रामचरितमानस की चौपाइयों का सामूहिक गायन हुआ। कार्यक्रम का समापन अनिल राठौर द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में योग प्रेमी उपस्थित रहे।

# चलो वोटर बने हम कार्यशाला से किया नाम जुड़वाने प्रेरित



**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के तहत उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद के मार्गदर्शन में गबैतूल में स्वीप प्लान के अंतर्गत विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से नए मतदाताओं का नाम जुड़वाने स्वीप आईकान शैलेंद्र बिहारिया सोशल मीडिया स्वीप आईकान सुश्री तूलिका पचोरी के नेतृत्व में सर्वप्रथम नेहरू युवा केंद्र और आरडीए क्लासेस में युवाओं और समाज के प्रमुखों को वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 की जानकारी दी।

स्वीप आईकान शैलेंद्र बिहारिया ने पन्ना धाय की देश भक्ति का प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए कहा एक मां जब अपनी मातृभूमि के लिए अपने पुत्र चंदन का बलिदान कर सकती है तो हम अपने देश के मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाता सूची में नाम क्यों नही जुड़ा सकते। उन्होंने फॉर्म नंबर छह, सात और आठ की जानकारी देकर नाम जोड़ना,कटवाना और संशोधन करने की जानकारी दी। उन्होंने सभी को वोटर आई डी कार्ड का महत्व बताया। इस अवसर पर तूलिका पचोरी ने बताया वोटर आईडी कार्ड का उपयोग कहां कहां किया जाता है बताया। उन्होंने सभी अहर्तदायक युवाओं को प्राथमिकता से ऑन लाइन या ऑफ लाइन आवेदन करने की अपील की। इस अवसर पर शिक्षक अशोक रघुवंशी ने भी सभी बच्चो को नाम जुड़वाने सहयोग की बात कही। उन्होंने सभी युवाओं से कहा अपने ग्रामों में जाकर पात्र युवाओं का आवेदन बूथ लेवल ऑफिसर के पास अवश्य कराएं।

# सीता स्वयंवर का मंचन देखकर आनंदित हुए श्रद्धालु



**चिचोली, देशबन्धु।** नगर के शनिचरा पूरा स्थित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर प्रागण में सत सनातन धर्म रामायण प्रसार मंडल विंध्याचल काशी धाम के तत्वाधान में चल रही रामलीला में शनिवार को सीता स्वयंवर का मंचन किया गया। रामलीला नाटक मंचन में सीता स्वयंवर परशुराम लक्ष्मण संवाद का शानदार मंचन किया। रामलीला देखने के लिए दर्शकों की बड़ी संख्या पहुंची। सीता स्वयंवर के मंचन के बाद राम विवाह पर दर्शकों में उल्लास छा गया।

मंचन के दौरान भगवान राम स्वयंवर में जैसे ही प्रवेश करते हैं, सब उनके मनमोहक रूप को देखकर मोहित हो उठते हैं। राजा जनक घोषणा करते हुए कहते हैं कि जो भी राजा धनुष का प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उस राजा से अपनी पुत्री सीता का विवाह करेंगे। राजा जनक की घोषणा को सुनकर संसार के विभिन्न राज्यों से आए राजाओं ने एक-एक करके धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने का प्रयास किया, लेकिन सभी राजा असफल रहे। धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाना तो दूर कोई भी राजा धनुष को हिला तक नहीं पाए। यह सब देखकर महाराजा जनक भरी सभा में एलान करते हैं कि विश्व में कोई भी वीर नहीं बचा जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ा सके। उनकी बात को सुनकर भगवान राम के साथ मौजूद उनके भाई लक्ष्मण क्रोधित होते हैं। उन्हें भगवान राम शांत करते हैं। तब श्रीराम को विश्वामित्र मुनिवर ने आज्ञा देते हैं कि आप शिव भगवान के महा धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाओ, ताकि क्षत्रिय वंश का नाम कलंकित न हो। तब श्रीराम ने गुरु की आज्ञा से धनुष का चिल्ला चढ़ा दिया व महाराजा जनक की शर्त अनुसार सीता ने राम के गले में वरमाला डाल दी। सभी देवी देवताओं ने पुष्प वर्षा कर दोनों को आशीर्वाद दिया और सीता स्वयंवर पर जनकपुर में उल्लास छाया गया। विवाह गीत गाए गए । इसके बाद मंच पैर पूजने का कार्यक्रम आयोजित हुआ। राम विवाह महोत्सव मनाया गया। सत सनातन धर्म रामायण प्रचार मंडल विंध्याचल धाम काशी के महंत शिव प्रकाश तिवारी ने. कहा कि भगवान राम और माता सीता का संपूर्ण जीवन मानव को जीवन को सही ढंग से जीने की कला से अवगत करवाता है।

# आयुष्मान कार्ड की एंट्री के लिए मरीज की फोटो खींचने की कोई प्रक्रिया नहीं: बीएमओ

**बैतूल, देशबन्धु।** खंड चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल आमला ने स्पष्ट किया कि आयुष्मान कार्ड की एंट्री के लिए किसी मरीज की फोटो खींचने की कोई प्रक्रिया नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुरजलाल ने कुछ असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर अस्पताल की छवि धूमिल करने का प्रयास किया। खंड चिकित्सा अधिकारी आमला ने इस घटना पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अस्पताल प्रशासन ने जिले के अधिकारियों से अनुरोध किया है कि इस प्रकार की घटनाओं पर गंभीरता से संज्ञान लिया जाए। 14 नवंबर को आयुष्मान कार्ड धारक सुरजलाल अस्पताल में भर्ती था। खंड चिकित्सा अधिकारी के अनुसार सुरजलाल से आयुष्मान कार्ड की एंट्री के लिए कई बार कार्ड प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया, लेकिन उन्होंने बार-बार इनकार कर दिया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, लिपिक ने बार-बार कार्ड मांगा, लेकिन सुरजलाल ने जवाब में कहा, मैं नहीं देता, जो करना है कर लो। इसके बाद खंड चिकित्सा अधिकारी ने भी उन्हें कार्ड का नंबर प्रदान करने का अनुरोध किया। इसके बावजूद, उन्होंने सहयोग नहीं किया और थाना आमला जाकर अस्पताल प्रशासन पर झूठे आरोप लगाने की कोशिश की।

# सलैया की सिद्धि विनायक कॉलोनी में फर्जीवाड़ा

### कालोनाइजर और पटवारी पर लगे गंभीर आरोप



**बैतूल, देशबन्धु।** ग्राम सलैया की सिद्धि विनायक कॉलोनी में बड़े स्तर पर जमीन घोटाले का मामला सामने आया है। कॉलोनी के निवासियों और समाजसेवी राजेश रजने ने कलेक्टर को आवेदन देकर कालोनाइजर और भूमि मालिक के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। इसमें फर्जी रजिस्ट्री, टीएनसीपी लेआउट से छेड़छाड़, बंधक प्लॉट की अवैध बिक्री और आदिवासी भूमि को कॉलोनी के रास्ते में तब्दील करने जैसे मामले शामिल हैं।

समाजसेवी राजेश रजने ने बताया कि ग्राम सलैया में कृषक सुशीला बरकुर और कालोनाइजर राजा राजपूत ने मिलकर खसरा संख्या 82/01 की जमीन पर छोटे-छोटे प्लॉट 1250 स्कवेर फिट अवैध रूप से बेचे। वर्ष 2015 में एसडीएम ने इस कॉलोनी को प्रबंधन में दर्ज किया था, लेकिन 2016 में बिना किसी विकास कार्य के इसे प्रबंधन मुक्त कर दिया गया। इसके बाद कृषि भूमि के प्लॉट्स को टीएनसीपी बताकर अवैध रूप से बेचा गया। कॉलोनी में विश्वनाथ वर्मा, राजू सिंदोलिया, प्रीति संतोष जोठे, राजा जाटव, और सतीश मालवी सहित कई लोगों को 1000 वर्गफुट के कृषि प्लॉट बेच दिए गए, जो असल में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए आरक्षित थे। राजेश रजने का आरोप है कि खरीदारों को ठगा गया और उनकी मेहनत की कमाई हड़प ली गई।

कॉलोनी में 10 साल बाद भी बुनियादी सुविधाएं जैसे पीने का पानी, सीवेज, रोड और गार्डन उपलब्ध नहीं कराए गए। 25 अक्टूबर 2024 को सुभाष बुआडे के घर चोरी की घटना ने कॉलोनीवासियों में दहशत फैला दी है। राजेश रजने ने यह भी आरोप लगाया कि बंधक रखे गए प्लॉट्स को फर्जी तरीके से बेच दिया गया। आदिवासी प्लॉट को कॉलोनी के मुख्य रास्ते के रूप में दर्शाने का मामला भी उजागर हुआ है। पटवारी नाथूलाल अंबूलकर पर भी बिना निरीक्षण के नामांतरण कराने और पैसे लेकर नियमों की अनदेखी करने का आरोप है। निवासियों का कहना है कि कालोनाइजर, भूमि मालिक और पटवारी की मिलीभगत से यह धोखाधड़ी हुई। कॉलोनीवासी और राजेश रजने ने कलेक्टर से मांग की है कि धोखाधड़ी करने वाले कालोनाइजर, भूमि मालिक और संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, निवासियों को उनका अधिकार और सुविधाएं सुनिश्चित कराई जाएं।

राज्यपाल से प्रशिक्षु आई.पी.एस. अधिकारी मिले

# अधिकारी की संवेदनशीलता, प्रशासन की सफलता का आधार : राज्यपाल



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि अधिकारी की संवेदनशीलता, प्रशासन की सफलता का आधार होती है। संवेदनशील अधिकारी, समाज और राष्ट्र के सच्चें सेवक होते है। वे अपने कार्यों से समाज और राष्ट्र को बहुत कुछ दे सकते है। इसीलिए अपने कार्य व्यवहार में अधिकारियों को संवेदनशीलता के भाव को सदैव सर्वोपरि रखना चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल भारतीय पुलिस सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक, मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी श्रीमती सोनाली मिश्रा मौजूद थी।

राज्यपाल श्री पटेल ने अधिकारियों से कहा कि इस पद तक पहुँचाने में आपके माता-पिता और गुरुजनों की विशेष भूमिका है। समाज के हर व्यक्ति का भी प्रत्यक्ष और परोक्ष योगदान है। उन सबके प्रति कृतज्ञता के भाव को जीवन में हमेशा याद रखे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आप सभी युवा अधिकारी, विकसित भारत निर्माण के लिए संकल्पित अमृत पीढ़ी के प्रतिनिधि है। विकसित भारत के लिए ऐसी कार्य संस्कृति बनाने की पहल करे, जिसमें जनता कानून लागू करने वालों से नहीं डरे, बल्कि कानून का सम्मान करे।

## साइबर क्राइम को लेकर जागरूकता जरूरी

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि पुलिस बल की संवेदनशील और पेशेवर पहचान बनाने में आपकी मेधा और ज्ञान महत्वपूर्ण है। बिना भय, विलम्ब और पक्षपात के कार्य कर स्वयं के उदाहरण से पुलिस बल को प्रेरित करे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि वर्तमान समय की बड़ी चुनौती, साइबर क्राईम और इसके बदलते स्वरूपों के प्रति जागरूकता और नवाचार बहुत जरुरी है।

राज्यपाल श्री पटेल का स्वागत, प्रशिक्षु अधिकारी सुश्री उर्वशी ने किया। राज्यपाल श्री पटेल का मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी की निदेशक, श्रीमती मिश्रा ने स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया और स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में वर्ष 2022 और 2023 बैच के मध्यप्रदेश कैडर के कुल 11 प्रशिक्षु अधिकारी शामिल है। आभार प्रदर्शन अकादमी के उपनिदेशक मलय जैन ने माना। कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर सचिव उमाशंकर भार्गव, राजभवन के अन्य अधिकारी और संबंधित उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए सेना को सम्मानित किया



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मध्यप्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत, बचाव के वीरतापूर्ण साहसी प्रयासों के लिए सेना की 97 फील्ड रेजिमेंट को यूनिट साइटेशन पुरस्कार प्रदान किया। राज्यपाल श्री पटेल ने राजभवन में आयोजित गरिमामय समारोह में सेवा परमो धर्म के आदर्श वाक्य के प्रति सेना की प्रतिबद्धता को स्थापित करने में 97 फील्ड रेजिमेंट के योगदान की सराहना की। इकाई के कमान अधिकारी कर्नल देवमाल्या मुखर्जी और सूबेदार मेजर देवेन्द्र कुमार को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने 97 फील्ड रेजिमेंट की यूनिट के दतिया और ग्वालियर जिलों में बाढ़ राहत और बचाव कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के दतिया और ग्वालियर जिलों में बाढ़ राहत कार्यों में 97 फील्ड रेजीमेन्ट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। रेजिमेंट ने नदी की तेज़ धाराओं को पार करते हुए साहसिक रात्रि ऑपरेशन किए। काली सिंध, पार्वती और नौन नदियों में डूबे घरों में फंसे नागरिकों को बचाने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान 70 से अधिक नागरिकों को सुरक्षित रूप से बचाया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित 100 नागरिकों को स्थानांतरित किया। बचाव दल ने तीन दिनों की अवधि के दौरान, संसाधनों के कुशल आवंटन और अथक कार्यों से नुन्हारी, इंदरगढ़ और पवाया गांवों के ग्रामीणों को बचाने में सफलता प्राप्त की। इसी तरह झील के टूटने और पानी के उफान पर होने के बावजूद, संकट ग्रस्त दतिया की अमन कॉलोनी के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। सेना की 97 फील्ड रेजिमेंट यूनिट के जवानों ने लोगों की जान बचाने के साथ ही आपदा से तबाह हुए लोगों में उम्मीद की किरण भी जगाई। यूनिट की सफलता ने आपदा राहत कार्यों में सेना की महत्वपूर्ण भूमिका की एक शक्तिशाली मिसाल बनाई है।

मुख्यमंत्री ने महाकौशल विज्ञान मेले को किया वर्चुअली संबोधित, कहा-

# मप्र बनेगा आईटी और साइंस का नया हब



**जबलपुर/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश आने वाले समय में विज्ञान प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी और इन क्षेत्रों से जुड़ी सेवाओं का नया हब बनकर देश में उभरेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में फार्मिंग से लेकर फायनेंस तक, मैन्यूफैक्चरिंग से लेकर मेडिसिन तक, एजुकेशन से लेकर कम्यूनिकेशन तक विज्ञान का उपयोग किया जा रहा है। देश की टेक्नोलॉजी में मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। सुशासन के माध्यम से जन-कल्याण पर जोर दिया जा रहा है इसके लिए राज्य सरकार के विभागों में डिजिटलाइज्ड प्रणाली संचालित है। अनेक नवाचार भी हुए हैं। मध्यप्रदेश में आईटी और आईटीईएस क्षेत्र में निवेश भी बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश विज्ञान परिषद विद्यार्थियों को स्टार्टअप और इनोवेशन के लिए मंच प्रदान कर रही है। सेटैलाइट इमेजरी एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली के उपयोग से जन-कल्याण के कई कार्य हो रहे हैं। किसानों के खसरे, नामांकन, बटांकन आदि के कार्य और दस्तावेज पंजीयन साइबर तहसील के माध्यम से हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जबलपुर में चार दिवसीय महाकौशल विज्ञान मेला और आरोग्य एक्सपो-2024 के समापन समारोह को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाराष्ट्र भ्रमण पर रहते हुए जबलपुर के आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जबलपुर की धरती नवाचारों के लिए जानी जाती है। यहाँ वीरांगना दुर्गावती की स्मृतियां भी जुड़ी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में विज्ञान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महाकौशल विज्ञान मेले के माध्यम से इस सार्थक आयोजन से जुड़े सभी व्यक्तियों को बधाई दी और उनका अभिवादन किया। समापन समारोह में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह, मध्यप्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी परिषद के अध्यक्ष अनिल कोठारी, महाकौशल विज्ञान परिषद के अध्यक्ष एस.पी. गौतम सहित परिषद के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। एक्सपो स्थल पर विज्ञान एवं नवाचारों संबंधी प्रदर्शनी में विभिन्न स्टाल लगाए गये। अतिथियों द्वारा उन्हें पुरस्कृत किया गया।

## भारत बन रहा महाशक्ति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत साइकिल और बैलगाड़ी से प्रारंभ हुई अपनी अंतरिक्ष यात्रा को चंद्रमा, मंगल और सूर्य की तरफ बढ़ा चुका है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जैसे सक्षम नेता वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाने में साथ हों तो सफलता मिल ही जाती है। प्रधानमंत्री ने अनुसंधान के मार्ग को प्रशस्त किया है। आज इसरो ने भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र की प्रगति से दुनिया को परिचित करवा दिया है। एक महाशक्ति के रूप में भारत अपनी पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री ने जय-जवान- जय किसान का नारा दिया। भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने जय विज्ञान का नारा दिया। वर्तमान प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जय अनुसंधान के मूल मंत्र पर जोर दिया है।

## डिजीटल नवाचार, सुशासन और जन-कल्याण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में साइबर सुरक्षा को प्रभावी बनाने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश कम्प्यूटर एमरजेंसी रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। सभी शासकीय विभाग मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी का पंजीकरण करवा चुके हैं। इस तरह के 105 अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में जहां जबलपुर में 17 करोड़ से अधिक लागत से साइंस सेंटर की पहल हुई है वहीं उज्जैन में 230 करोड़ लागत से साइंस सिटी का निर्माण हो रहा है। आईआईटी जैसी संस्थाओं के विशेषज्ञ मार्गदर्शन देंगे। वर्ष 2013 में प्रथम तारामंडल प्रारंभ हुआ था जिसे अपग्रेड किया गया है। अत्याधुनिक थ्रीडी 4के तकनीक से विकसित नई व्यवस्था में इस वर्ष 400 सफल शो किए जा चुके हैं। इसी तरह अत्याधुनिक प्लेटोरियम, स्पेस टेक्नोलॉजी, ड्रोन के उपयोग और नल-जल योजनाओं से लेकर सम्पत्ति की प्रक्रिया में नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हो रहा है। उज्जैन के डोंगला स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्तर की वेधशाला के निर्माण से एस्ट्रोनामी के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को नई पहचान मिली है।

## डोंगला की वेधशाला अब अंतर्राष्ट्रीय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा वर्तमान में समय की गणना ग्रीनविच से हो रही है। डोंगला स्थित वेधशाला से शुद्ध समय की गणना संभव होगी। उज्जैन में वैदिक घड़ी की स्थापना की गई है। आने वाले समय में इस तरह के कई टास्क मध्यप्रदेश द्वारा लिए जाएंगे। प्रदेश में नव वैज्ञानिकों के सम्मेलन भी किए जाएंगे।

विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

# तालाबों एवं बावड़ियों के जीर्णोद्धार की बनाएं कार्य-योजना : पटेल



**भोपाल, देशबन्धु।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों में रिजल्ट ओरिएंटेड काम किए जाएं। सभी तालाबों एवं बावडियों का जीर्णोद्वार करें। इसके लिये पंचायत बार कार्य-योजना बनाए चरणबद्ध तरीके से काम करें। पौध-रोपण के बाद उनका सर्वाइवल रेट अधिक रहे, इस पर भी कार्य किया जाए। मंत्री श्री पटेल ने सोमवार को मंत्रालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास के विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिये।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मनरेगा में गत 15 नवंबर की स्थिति में जिन जनपद पंचायतों में श्रम सामग्री का अनुपात सही होगा, उनमें ग्रेवल रोड, खेत तालाब तथा अन्य नये कार्य प्रारंभ करने की मंजूरी जारी की जा रही है। यह राशि 1 से 3 करोड़ रूपये तक स्वीकृत की जाएगी। उन्होंने कहा कि जैन मुनियों के प्रवास मार्ग चिन्हित कर प्रमुख मार्गों पर उनके रुकने के लिए समुचित व्यवस्था की जाये। शासकीय भूमि पर समुचित पौध-रोपण किये जायें। समीक्षा में मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों में खेत सड़क एवं सुदूर सड़क योजना में सड़कों की मांग एक बार में ही चिन्हित कर ली जाये, जिससे स्वीकृति के लिए निर्णय लिया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि स्कूल शिक्षा विभाग के तहत स्कूलों की बाउंड्रीवॉल निर्माण में मनरेगा कन्वर्जेंस रेट भी तय किया जाए।

बैठक में विभागीय प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी, मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकारण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीपक आर्य, आयुक्त मनरेगा अवि प्रसाद सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश को लॉजिस्टिक्स हब बनाने एकीकृत रणनीति बनेगी

## इंदौर में प्रदेश का पहला मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क

**भोपाल, देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री एवं योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा राज्य नीति आयोग द्वारा भी विकास के लिए सतत नवाचार किए जा रहे हैं। नीति आयोग एक नवीन पहल कर प्रदेश को लॉजिस्टिक्स हब बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने यह बात सोमवार को नीति आयोग ने आवश्यक रणनीति तैयार करने के लिए एक कार्यशाला की। कार्यशाला का विषय 'मध्यप्रदेश को लॉजिस्टिक्स हब: चुनौतियां और समाधान' था। कार्यशाला में बताया गया कि मध्यप्रदेश को लॉजिस्टिक्स हब बनाने के लिए एकीकृत रणनीति बनेगी। इंदौर में राज्य का पहला मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क, एमएलएलपी स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लॉजिस्टिक्स हब बनाने के लिए एकीकृत रणनीति बनेगी।

मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग की कार्यशाला में राज्य लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों को समझने, नीति-निर्माण में सुधार के लिए विचार-विमर्श किया गया। कार्यशाला में केंद्रीय और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, नीति विशेषज्ञ, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और विभिन्न हितधारकों ने भाग लिया।

मुख्य कार्यपपालक अधिकारी राज्य नीति आयोग ऋषि गर्ग ने कहा कि यह संवाद सरकारी विभागों, हितधारकों और निजी क्षेत्र के लिए विचारों और समस्याओं को साझा करने का एक प्रभावी मंच है। इसके माध्यम से बेहतर नीतियां और कार्य योजनाएं तैयार की जा सकेंगी।



पतंजलि फूड्स के मुख्य परिचालन अधिकारी संजीव खन्ना ने कहा कि ऐसे आयोजन उद्योगों और निवेशकों में सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न करते हैं। इससे राज्य में कुशल और किफायती लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम विकसित होगा। नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स के मुख्य परिचालन अधिकारी संजीव पाटिल ने मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएलएलपी) की अवधारणा पर जोर दिया । नीति आयोग के वरिष्ठ विशेषज्ञ अभिषेक अग्रवाल ने प्रदेश को लॉजिस्टिक्स हब बनाने के लिए एकीकृत रणनीति और मल्टी-मॉडल परिवहन के लिए बुनियादी ढांचे और सेवाओं के विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई। डीपीआईआईटी के निदेशक राकेश कुमार मीना ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने केंद्र सरकार का उद्देश्य एक तकनीकी रूप से सक्षम, सस्ता, और टिकाऊ लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम तैयार करना है। स्मार्ट फ्रेट सेंटर इंडिया पार्टनरशिप मैनेजर प्रमोद राजेंद्रन ने ग्रीन लॉजिस्टिक्स और शून्य उत्सर्जन ट्रकों के उपयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग के अभ्युदय झा ने प्रदेश में लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया। इंडस्ट्री डेलीगेट्स मुकेश पंजवानी हर्ष एक्सप्रेस और संजीव कुमार मुदालियर सी एशिया से उपस्थित रहे। श्रीमती पूर्णिमा शर्मा प्रशासनिक अधिकारी मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कमलनाथ के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के जन्मदिन पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शक्ति प्रदर्शन किया। छिंदवाड़ा को जहां पोस्टर-बैनर से पाट दिया गया, वहीं जगह-जगह जगह केट काटे गए। कमलनाथ ने सोमवार को अपना 78वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# स्वास्थ्य संरक्षण के स्वावलम्बन में पतंजलि विवि की अग्रणी भूमिका : आचार्य बालकृष्ण

**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय के दर्शन एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'स्वावलम्बन स्वास्थ्य संरक्षण' विषय पर सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण ने किया। इस कार्यशाला की मुख्य संरक्षिका प्रो. साध्वी देवप्रिया और मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय तिरूपति के प्रो.नारायण पी. तथा विशिष्ट अतिथि हिन्दू महाविद्यालय, दिल्ली की डॉ. अनीता राजपाल और गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की डॉ बबीता शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर कार्यशाला के संयोजक डॉ. गौतम आर. ने बताया कि इस कार्यशाला केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, देवप्रयाग से 20 तथा पतंजलि विश्वविद्यालय के 60 विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे है। कार्यशाला में विद्यार्थियों को स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा एवं एक्युप्रेशर आदि




सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 'स्वावलम्बन स्वास्थ्य संरक्षण' का उद्घाटन

तकनीकों का प्रयोग करना सिखाया जायेगा। डॉ. गौतम आर. ने बताया कि दर्शन एवं संस्कृत विभाग को तीन प्रोजेक्ट प्राप्त हुए जिसमें प्रो- साध्वी देवप्रिया के मार्गदर्शन में संस्कृत, आयुर्वेद, योग और तंत्र विज्ञान के पाठ्यक्रम समायोगी, डॉ. गौतम के निर्देशन में सांयकालीन संस्कृत पाठ्यक्रम तथा डॉ. स्वामी परमार्थदेव के निर्देशन में कोरोना उत्तर तथा वैश्विक समस्याओं के समाधान में उपनिषदों की भूमिका शामिल है। इस कार्यशाला में प्रति-कुलपति प्रो. मंयक अग्रवाल, ओडीएल के निदेशक प्रो. सत्येन्द्र मित्तल, कुलसचिव डॉ. प्रवीण पूनिया, डॉ. मनोहर लाल आर्य, डॉ. स्वामी परमार्थदेव, स्वामी आर्षदेव, प्रो. के.एन.एस. यादव, प्रो. ए.के.सिंह, प्रो. ओमनारायण तिवारी, डॉ. गणेश पाड्या, डॉ. प्रज्ञानदेव, डॉ.सांवर सिंह, डॉ. वैशाली, डॉ. अलका, डॉ. भागीरथी आदि उपस्थित रहे।

लोनिवि के 10 वरिष्ठ इंजीनियर घेरे में

# बाढ़ में बहे नये पुलों को लेकर विभागीय जांच शुरू

• सुमेर सिंह यदुवंशी

**भोपाल, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा और सिवनी जिले की सीमा से गुजरने वाली वैनगंगा नदी पर बने दो पुल पहली बारिश में ढह जाने के मामले में घटना के चार साल बाद विभागीय जांच शुरू हो गई है। बह गए पुलों के निर्माण में 10 करोड़ की लागत आई थी। जांच के लपेटे में एक तत्कालीन मुख्य अभियंता भी शामिल है। पहले इस मामले में विभागीय स्तर पर लीपापोती कर दी गई थी। लेकिन अब यह मामला मंत्रालय जा पहुंचा है। विभागीय जांच का जिम्मा दो सदस्यीय टीम करेगी, जिसमें लोनिवि के उपसचिव नियाज़ खान भी शामिल हैं। इस जांच से पुल निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की परतें खुलने की उम्मीद है।

सिवनी जिले के केवलारी पलारी भीमगढ़ छपारा मार्ग पर वर्ष 2020 में वैनगंगा नदी पर नया पुल बनाया गया था। जिस पर 4 करोड़ 94 लाख रूपये की लागत आई थी। यह नदी छिंदवाडा जिले की सीमा से भी गुजरती है, वहां भी करीब 5 करोड़ की लागत से नया पुल उसी समय बनाया गया था। इस तरह दोनों पुलों की कुल लागत लगभग 10 करोड़ रूपये थी। लेकिन ये दोनों पुल 27 एवं 28 अगस्त 2020 की रात हुई भारी बारिश में ताश के पत्तों की तरह ढह गये थे। उसके बाद पुलों के निर्माण में भ्रष्टाचार का मामला काफी सुर्खियों में रहा था। तब रस्म अदायगी के तौर पर भोपाल में बैठे विभाग के आला अफसरों ने पुल निर्माण के लिए ज़िम्मेदार लोगों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किये थे। इसके बाद हुई 4 साल चली रस्मी जांच में लीपापोती ही की गई। बाद में इस घटना के लिए दर्जन भर अधिकारियों को ज़िम्मेदार माना गया। लेकिन कारण बताओ नोटिस के जवाब में वे सब एक दूसरे पर दोषारोपण करते रहे। विभागीय इंजीनियरों के विरोधाभासी बयानों की जांच की नस्ती जब मंत्रालय पहुंची तो जांच का रुख ही बदल गया और ज़िम्मेदारो के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। जिन अफ़सरों के खिलाफ जांच शुरू की गई है, उनमें संजय डेहरिया, जिले सिंह बघेल, संजय मस्के, एस.एस. ठाकुर, पी.एस.परिहार सभी तत्कालीन कार्यपालन यंत्री, सेतु संभाग सिवनी हैं। साथ ही तत्कालीन सहायक यंत्री सेतु संभाग सिवनी एम.पी.अहिरवार, एस.एन.डोंगरे, तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी वसीम खान, पी.के.पटवा, संजय श्रीवास्तव एवं मुख्य अभियंता सेतु परिक्षेत्र भोपाल व्ही.के.भूगांवकर भी शामिल हैं।

## 2 सदस्यीय टीम करेगी विभागीय जांच

मंत्रालय पहुंची इस जांच में 2 सदस्यीय टीम गठित की गई हैं। इसमें लोक निर्माण विभाग के उपसचिव नियाज़ अहमद खान प्रमुख हैं। उनके समक्ष संजय खाण्डे मुख्य अभियंता सेतु परिक्षेत्र भोपाल को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस प्रकरण में पुल की डिजाइन बनाने और उसे स्वीकृत करने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी जांच की जा रही है।

## *इनका कहना है*

*दोनों पुल बहने की जानकारी मिलते ही प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई थी। लेकिन अधिकारियों के विरोधाभासी कथनों के कारण अब ज़िम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच की जा रही है।*

***नियाज अहमद खान***
*उप सचिव, लोनिवि*

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**दिल्ली में खतरनाक स्तर पर....** आग्रह किया है। विभाग के मुताबिक, सोमवार दिन भर दृश्यता कम होने और घने कोहरे से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस गिरावट दर्ज की गई। वहीं, दिन में कायदे से धूप भी नहीं निकली। इससे लोगों को सुबह-शाम के साथ दिन में भी ठंड का अहसास हुआ। मौसमी दशाओं के खराब होने से कोहरे के साथ प्रदूषकों के मिलने से दिल्ली में दिन भर स्मॉग की चादर छाई रही। इससे लोगों को दूर तक देखने में परेशानी का सामना करना पड़ा। जबकि इंडिया गेट और राष्ट्रपति भवन भी कोहरे की बीच ओझल दिखे।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि हिमालय क्षेत्र में पश्चिम विक्षोभ सक्रिय है। इसकी वजह से हवा की दिशा उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने लगी है। इससे बाहरी राज्यों के प्रदूषकों के साथ स्थानीय प्रदूषण हावी रहा। इस दौरान सतह पर चलने वाली हवाओं की गति भी धीमी रही। इससे प्रदूषक दूर तक नहीं फैल सके और दिल्ली में प्रदूषण का स्तर अति गंभीर श्रेणी में पहुंच गया।

**12वीं तक स्कूल बंद....** ग्रेप के तहत प्रदूषण नियंत्रण उपाय लागू करने को लेकर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से कहा कि कुछ तत्परता की आवश्यकता है। सुप्रीम कोर्ट ने एनसीआर के सभी राज्यों को ग्रेप (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) के चरण 4 को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही, कोर्ट ने एनसीआर के सभी राज्यों को तुरंत टीमें गठित करने का आदेश दिया है जो ग्रेप चरण 4 के तहत आवश्यक कार्यों की निगरानी करेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और एनसीआर के सभी राज्यों से कहा है कि वे ग्रेप -4 में बताए गए कदमों पर तुरंत फैसला लें और इसे अगली सुनवाई से पहले अदालत के सामने प्रस्तुत करें। इसके अलावा, दिल्ली और एनसीआर के राज्यों को एक शिकायत निवारण तंत्र बनाने का निर्देश दिया गया है, ताकि ग्रेप 4 के नियमों के उल्लंघन की रिपोर्ट दी जा सके।

**फर्जी तरीके से परीक्षा पास....** टीम गठित की गई। इस टीम के लिए 9 साल बाद व्यापम की कॉपियां और अन्य साक्ष्य जुटाना बड़ी चुनौती थी। जब इसके लिए एसटीएफ ने व्यापम से संपर्क किया तो पता चला कि पहले रिकॉर्ड 3 साल बाद नष्ट कर दिया जाता था, लेकिन 2013 में व्यापम फर्जीवाड़ा खुलने के बाद रिकॉर्ड 10 साल तक रखा जाने लगा है। एसटीएफ ने आरोपी की कॉपियां व्यापम से लेकर क्यूडी जांच के लिए भेजी। 5 माह बााद इसकी रिपोर्ट सामने आई। इसमें कॉपियों में धर्मेन्द्र शर्मा की हैंड राइटिंग नहीं पाई गई। इसके बाद इसका न्यायालय में चालान पेश किया गया और इसकी सुनवाई पर निगरानी के लिए एक नोडल अधिकारी की भी नियुक्ति की गई। महज 4 महीने में ही न्यायालय ने इस मामले की सुनवाई पूरी कर ली।

ग्वालियर के एसटीएफ विशेष न्यायालय के जज नीतिराज सिंह सिसोदिया ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी आरक्षक धर्मेंद्र शर्मा को 2 मामलों में सात-सात साल के कारावास की सज़ा सुनाई और 20 हजार रुपए का जुर्माना भी किया। न्यायालय ने अपने फैसले में लिखा कि अयोग्य और बेइमान अभ्यर्थी के शासकीय सेवक के रूप में चयन होने से दुष्परिणामों की कल्पना नहीं की जा सकती। ऐसे अपराधों की पुनरावृत्ति रोकने और व्यवस्था पर लोगों का विश्वास रखने के लिए अभियुक्त को पर्याप्त दंड देना जरूरी है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।